सूर्योदय 5:46 सूर्यास्त 7:7

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 20.4 न्यू | 26.8 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78593.07 |
| निफ्टी | 23992.55 |
| सोना 69,710 | चांदी 80,573 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




विनेश फोगाट ने सुसाकी को हराकर किया उलटफेर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 7 अगस्त 2024 | 23 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 231, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# छोटी काशी के एकादश रुद्र मंदिर में गूंज रही ॐ नमः शिवाय की ध्वनि

## श्रावण में पूरे माह 24 श्रद्धालु दिन-रात कर रहे जाप, 45 साल से निरंतर चल रहा अन्न यज्ञ और मंत्र जप

**अनिल शर्मा, मंडी**

**एकादश** रुद्र मंदिर में पिछले 45 साल से श्रावण मास में अन्न यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसके चलते हर वर्ष श्रावण मास में आठों प्रहर निरंतर ऊं नमः शिवाय का जाप चलता रहता है।

इस जाप की विशेषता यह है कि अढ़ाई घड़ी पूर्ण होते ही अगला व्यक्ति जप आसन पर विराजमान होकर जाप आरंभ करता है और उसकी अढ़ाई घड़ी पूर्ण होते ही अलग पात्र व्यक्ति जाप के लिए बैठता है। यह प्रक्रिया दिन-रात निरंतर चलती रहती है। अंतरराष्ट्रीय महोत्सव व महाशिवरात्रि आदि पर्वों पर भी यहां निरंतर पंचाक्षर मंत्र का जाप चलता रहता है। छोटी काशी मंडी में यह एक ऐसा मंदिर है, जहां प्रांत के मुख्यमंत्री से लेकर हर न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी शीश नवाने और पूजा-अर्चना करने आते हैं। इसके साथ ही यहां श्रावण मास में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाता है, जहां विद्यार्थियों से लेकर हर वर्ग के लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। पुजारी सत सुंदरम ने बताया कि 45 वर्ष पहले एकादश रुद्र मंदिर में अन्न यज्ञ का आरंभ किया था। सब कार्य ईश्वर की कृपा से संचालित हो रहा है। मानव केवल निमित मात्र है। मंदिर में भगवती शीतला और भगवती धुआं देवी भी शिवरात्रि महोत्सव के दौरान आतिथ्य ग्रहण कर अपने भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। (अनंत ज्ञान)



एकादश रुद्र मंदिर



### वास्तुकला में भारत का दूसरा मंदिर

**एकादश** रुद्र मंदिर वास्तुकला में ओडिशा प्रांत के भुवनेश्वर नगर में स्थित ब्रह्मेश्वर मंदिर के बाद पंचायत शैली का दूसरा मंदिर है, जिसके चारों कोनों में चार मंदिर और छह देवी-देवता प्रतिष्ठित हैं। मंदिर के गर्भगृह 11 में रुद्र व मंदिर के मुख्य द्वार पर परिया व गंधर्व और चारण वीणा बादन तथा स्वागत मुद्रा में स्थापित हैं। मंदिर के द्वार पर काल भैरव और बटुक भैरव कोतवाल की मुद्रा में प्रतिष्ठित हैं। यही विष्णु भगवान के दशावतारों की मूर्तियां हर प्रकोष्ठ में स्थापित हैं।


### क्या है खास बात

एकादश रुद्र मंदिर की खास बात यह है कि यहां पिछले कई दशकों में कोई कमेटी काम नहीं कर रही है। यह हर व्यक्ति के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है कि यहां वर्षभर निरंतर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं और बिना किसी कमेटी के ही सफल संचालित होते हैं। इस मंदिर और भंडारे की सारी व्यवस्था पुजारी सत सुंदरम द्वारा की जाती है, जिन्होंने कोरोना काल में भी प्रशासन की मदद करते हुए कई लोगों को भोजन प्रदान किया था।

## न्यूज शॉर्ट्स

### आडवाणी की फिर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को मंगलवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।



आडवाणी की हालत स्थिर है। 96 साल के लालकृष्ण आडवाणी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनकी तबीयत पिछले महीने भी खराब हुई थी और उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया था।

### हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र 27 से

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र 27 अगस्त से शुरू होगा, जो 9 सितंबर तक चलेगा। सत्र के दौरान 10 बैठकें आयोजित होंगी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे पहले फरवरी में बजट सत्र का आयोजन हुआ था। हिमाचल में सियासी उठापटक के बाद यह पहला सत्र है।

### गेमिंग ऐप घोटाले में ईडी की कोलकाता में रेड

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देश में करोड़ों रुपए के गेमिंग ऐप घोटाले मामले में कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में एक आवासीय परिसर में छापेमारी की और तलाशी भी ली।

### सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'आप' नेता मनीष सिसोदिया की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिनमें उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में जमानत का अनुरोध किया है। सिसोदिया ने तर्क दिया कि वह 17 माह से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई शुरू नहीं हुई है।



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पशु पालन विभाग में लगेगा बायोमेट्रिक सिस्टम -पेज 3
- पत्नी के नाजायज संबंध बने पति की हत्या का कारण -पेज 11
- कूड़ा उठाने की व्यावसायिक दरें बढ़ाएगा एमसी -पेज 12
- लालू, तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र किया दाखिल -पेज 13
- टीम इंडिया को होना होगा स्पिनरों पर हावी -पेज 14


# बांग्लादेश में हालात बिगड़े, संसद भंग

## हिंदुओं के मंदिर और घर फूंके, दुकानों में लूटपाट, यूरोप जा सकती है शेख हसीना

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** में तख्तापलट के बाद भी हालात बिगड़े हुए हैं। हिंसा के बीच अब हिंदुओं को निशाना बनाया जाने लगा है। हिंदुओं के कई मंदिरों में तोड़फोड़ की गई और उनके घरों को जला दिया गया। यही नहीं, कई दुकानों में लूटपाट भी की गई। उपद्रवियों ने मेहरपुर के इस्कॉन मंदिर में भी तोड़फोड़ करने के बाद आग लगा दी।

बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और दुकानों को निशाना बनाया है। इंडोनेशियाई नागरिक सहित करीब 24 लोगों को भीड़ ने अवामी लीग पार्टी के एक नेता के स्वामित्व वाले एक होटल में जिंदा जला दिया। इस बीच, राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को संसद भंग कर दी। शेख हसीना को ब्रिटेन ने शरण देने से इनकार कर दिया है। वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी उनका वीजा रद्द कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, भारत छोड़कर शेख हसीना अब यूरोप के किसी देश में जा सकती हैं।



बांग्लादेश में उपद्रवियों द्वारा जलाया गया शॉपिंग मॉल।

### पूर्व पीएम खालिदा जिया रिहा

**बीएनपी** अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है। इसके अलावा एक जुलाई से अगस्त के बीच गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और कई लोगों को पहले ही रिहा किया जा चुका है।

### शेरपुर जेल से 500 कैदी भागे

**उत्तरी** बांग्लादेश के शेरपुर जिले में लाठी-डंडों से लैस भीड़ ने जिला जेल में धावा बोल दिया और 500 से ज्यादा कैदियों को छुड़ा लिया। प्रदर्शनकारियों ने चिटगांव के छह थानों पर हमला कर तोड़फोड़ की गई है और हथियार भी लूटे।

### 100 से अधिक लोगों की मौत

**शेख** हसीना के बांग्लादेश के पीएम पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के बाद वहां पैदा हुई अराजकता के बीच पिछले 24 घंटों में देशभर में हिंसा की घटनाओं में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। अब तक 440 लोगों की मौत हो चुकी है।

### एयर इंडिया इंडिगो, विस्तारा ने रद्द की ढाका के लिए उड़ानें

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया, इंडिगो और विस्तारा ने बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच मंगलवार को दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान रद्द कर दीं। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने ढाका के लिए अपनी सुबह की उड़ान रद्द कर दी हैं।

## बांग्लादेश के हालातों पर भारत की नजर : जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बांग्लादेश** के ताजा हालातों पर भारत ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के अलावा विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। राहुल ने केंद्र से पूछा कि क्या बांग्लादेश हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों, खासकर पाकिस्तान का हाथ हो सकता है? इस पर सरकार ने कहा कि पाकिस्तान के एक डिप्लोमेट सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफाइल फोटो पर लगातार बांग्लादेश में हिंसा की तस्वीरें लगा रहे थे। इसलिए इस एंगल की जांच की जा रही है। वहीं, जयशंकर ने संसद के दोनों सदनों में बताया कि शेख हसीना ने शॉर्ट नोटिस में भारत से शरण मांगी थी।



हिंदुओं पर हमले होना चिंता की विषय

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हालातों पर भारत सरकार की नजर है। हिंदुओं को निशाना बनाया गया है, जो चिंता की बात है।

## सुन्नी और राजबन में मिले दो शव, 43 अब भी लापता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** के शिमला जिले के रामपुर की समेज खड्ड और मंडी की चौहारघाटी में मंगलवार को 2 शव और बरामद किए गए हैं।

प्रदेश में छह जगह फटे बादलों के बाद लापता हुए लोगों की तलाश के लिए सर्च अभियान अब भी जारी है। मृतकों की संख्या 17 पहुंच गई है, जबकि 43 लोग अब भी लापता हैं।

मंडी के डीसी अपूर्व देवगन ने बताया कि पहली अगस्त को तेरंग में हुए हादसे के छठे दिन महिला खुड्डी देवी का शव बरामद हुआ है। अब केवल एक व्यक्ति हरदेव लापता है, जिनकी तलाश जारी है। सर्च टीमों की ओर से हरदेव को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है और उन्हें भी बहुत जल्दी ढूंढ लिया जाएगा। वहीं, समेज खड्ड में मिले व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई। यह किसी पुरुष का है। समेज खड्ड, डकोलढ़ और सुन्नी के कोल डेम में अब तक 6 लोगों के शव मिले हैं, लेकिन इनमें से एक शव की भी पहचान नहीं हो पाई। इन शवों की शिनाख्त के लिए लापता लोगों के परिजनों के डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। अब तक 38 परिजनों व रिश्तेदारों के डीएनए सैंपल लिए जा चुके हैं।

### प्रदेश में दो दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**मौसम** विज्ञान केंद्र ने प्रदेश के कई भागों में 12 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। 7 व 10 अगस्त के लिए कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 6 से 9 और 11-12 अगस्त के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार



सुवा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंगलवार को फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किया गया। फिजी की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचीं मुर्मू ने दोनों देशों के संबंधों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत एक मजबूत, लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए फिजी के साथ साझेदारी करने को तैयार है।

### हश मनी मामले में ट्रंप की सजा पर रोक लगाने से इनकार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ हश मनी मामले में गैग ऑर्डर हटाने और न्यूयॉर्क में उनकी सजा में देरी करने की अर्जी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मिसौरी के अटॉर्नी जनरल ने हाईकोर्ट का रुख किया, क्योंकि जजों ने वाशिंगटन में दायर एक अन्य मामले में ट्रंप को अभियोजन से ज्यादा छूट दी थी। आदेश में कहा कि जज क्लेरेन्स थॉमस और सैमुएल अलीटो ने रिपब्लिकन एंड्रयू बेली को मुकदमा दायर करने की छूट दी होगी। हालांकि, उन्होंने आदेश को तुरंत हटाने और सजा में देरी करने की उनकी कोशिशों पर इनकार कर दिया।



## पेपर लीक मामला : आयोग ने विजिलेंस से मांगा आरोपी अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड

### 16 के खिलाफ दर्ज है एफआईआर, परिणाम घोषित करने को किया है कमेटी का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**हिमाचल** प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने राज्य विजिलेंस से पोस्ट कोड-903 और 939 में दर्ज एफआईआर में नामजद अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड मांगा है। प्रदेश सरकार ने इन दोनों पोस्ट कोड का परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग को पत्र मिल गया है।

अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए आयोग में आंतरिक कमेटी का गठन कर लिया है। किसी भी पोस्ट कोड का अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित करने से पूर्व यह कमेटी गठित होती है। दोनों ही भर्तियां विजिलेंस जांच के दायरे में हैं। इन परीक्षाओं में कुल 16 अभ्यर्थी आरोपी हैं। जूनियर ऑफिस असिस्टेंट पोस्ट कोड-903 के 11 और पोस्ट कोड-939 के 5 अभ्यर्थी जांच के घेरे में हैं। पेपर लीक मामला सामने आने के बाद कर्मचारी चयन आयोग को सरकार ने भंग कर दिया।

### पोस्ट कोड 903 में तमाम औपचारिकताएं पूरी

**नवगठित** राज्य चयन आयोग को इन भर्तियों का परिणाम घोषित करने का जिम्मा सौंपा है। पोस्ट कोड 903 में तमाम औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। इसमें 11 अभ्यर्थी पेपर लीक मामले में आरोपी हैं। ऐसे में 71 पदों को भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। पोस्ट कोड-939 में कुल 295 में से 290 पदों को भरा जाएगा। इसमें पांच अभ्यर्थी जांच के दायरे में हैं। इस पोस्ट कोड में दस्तावेजों का मूल्यांकन सहित अन्य कुछ औपचारिकताएं बाकी बची हैं। 16 अभ्यर्थियों का विजिलेंस से ब्योरा मिलने के बाद परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। राज्य चयन आयोग के चेयरमैन आरके पुरुथी ने कहा कि विजिलेंस से अभ्यर्थियों का ब्योरा मांगा है, ताकि अंतिम परिणाम को घोषित किया जा सके। आयोग की ओर से परीक्षाओं का अंतिम परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### जम्मू के उधमपुर में सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने सोमवार को यहां सर्च ऑपरेशन शुरू किया था, जिसके बाद आतंकियों से उनकी मुठभेड़ हुई। उधमपुर के एसएसपी जोगिंदर सिंह ने बताया कि आतंकियों को खत्म करने का ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इलाके में दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। इससे पहले अनंतनाग में सोमवार को तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद मिले। इसमें मैगजीन सहित एक पिस्तौल, गोलियां, ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस शामिल हैं।

## पेरिस ओलंपिक: जेवलिन के फाइनल में पहुंचे नीरज चोपड़ा

**एजेंसी, पेरिस**

**पेरिस** ओलिंपिक के 11वें दिन भारत के नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। नीरज मंगलवार को जेवलिन थ्रो के क्वालिफाइंग राउंड में उतरे।

उन्होंने अपना पहला ही थ्रो 89.34 मीटर का फेंका और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नीरज के प्रतिद्वंद्वी ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 88.63 मीटर और पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86.59 मीटर का थ्रो फेंककर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। वहीं, भारत के किशोर जेना हालांकि ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 80.73 मीटर के प्रयास से नौवें और कुल 18वें स्थान पर रहे और शीर्ष 12 खिलाड़ियों में जगह बनाकर फाइनल में प्रवेश करने के नाकाम रहे।




-विस्तृत खबर खेल पेज पर




ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171

# भुट्टिको ने ओढ़ा विश्वख्याति का लबादा

## 1944 में 23 रुपए से की थी शुरुआत, आज करोड़ों का कारोबार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

1944 में मात्र 12 लोगों के साथ 23 रुपए की पूंजी के साथ पंजीकृत होने वाली कुल्लू जिला की भुट्टिको सोसायटी निरंतर बुलंदियों के नए आयाम स्थापित कर रही है। सोसायटी पर्यटन और सेब के बाद कुल्लू घाटी में हथकरघा उद्योग ने अपनी जड़ें मजबूत की हैं।

आज कुल्लू की शॉल व टोपी ने विश्वख्याति का लबादा ओढ़ लिया है। सोसायटी में एक हजार से अधिक कर्मचारियों को वर्तमान समय में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। भुट्टिको सोसायटी देश की पहली ऐसी सोसायटी है, जो अपने कामगारों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन भी देती है। वर्ष 1956 के दौरान भुट्टिको की आत्मा की संज्ञा से विभूषित स्व. वेदराम ठाकुर ने अपनी कुल्लू शॉल का उद्योग शुरू किया।

वेदराम ने अपने उद्योग का विलय भुट्टिको में कर सहकारिता के क्षेत्र का एक नया इतिहास शुरू किया। 1960 के दौरान उन्होंने भुंतर में करीब 32 बीघा जमीन लेकर भुट्टिको सोसायटी को कुल्लू से भुंतर शिफ्ट कर दिया। स्व. वेदराम की मृत्यू के बाद उनके बेटे सत्य प्रकाश ठाकुर ने इसे आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। स्व. वेदराम ठाकुर ने छोटी सी सोसायटी के रूप में जो बीज बोया था वह सोसायटी आज फल के रूप में देश व दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाने के साथ ही हजारों लोगों को रोजगार भी प्रदान कर रही है। यही नहीं यह चार पीढ़ियों के समर्पण भाव से हथकरघा और सहकारिता के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करने का महत्वपूर्ण प्रतिफल ही है, जो देश के प्रधानमंत्री के मुखारविंद से मन की बात कार्यक्रम में भुट्टिको शॉल और गर्म वस्त्रों की वैश्विक पहचान के जिक्र से भुट्टिको के उत्पादों की सत्यता, व्यापकता और गुणवत्ता प्रमाणित हुई है। (अनंत ज्ञान)



### लोगों तक ऑनलाइन भी पहुंचाए जा रहे उत्पाद

**कोरोना** काल में लगे लाकडाउन में जब शोरुम बंद हुए तो सोसायटी ने ऑनलाइन शापिंग को सहारा बनाकर अपना कारोबार जारी रखा। वहीं, आपदा के दौरान भी सोसायटी ने ऑनलाइन माध्यम से अपने उत्पादों को लोगों तक पहुंचाया। हालांकि कोरोना और आपदा में सोसायटी को काफी नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन फिर भी सभी ने एकजुटता दिखाते हुए इस बुरे समय में भी हिम्मत नहीं हारी। कुल्लवी टोपी, शॉल सहित अन्य हस्तबुनकर व हथकरघा उत्पादों के लिए विश्वभर में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी कुल्लू की हैंडलूम भुट्टिको सोसायटी आनलाइन, शोरुम व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के माध्यम से लोगों तक अपने उत्पादों को पहुंचा रही है।

### हस्तकला के कारण पहचान



हस्तनिर्मित होना कुल्लू शॉल की खासियत है। यही इसकी मांग का भी मुख्य कारण है। शुद्ध ऊन से तैयार शाल सर्दी से बचने के लिए सहायक होती है व इसे कई साल तक इस्तेमाल में भी लाया जा सकता है। इसकी कीमत 800 रुपए से लेकर 45,000 रुपए या इससे भी अधिक होगी है। टोपी 300 से लेकर 800 तक, पट्टू 1500 से लेकर 30,000 तक उपलब्ध हैं, जितनी बारीक एवं बेहतर हस्तकला से सजे यह उत्पाद होंगे, उसकी कीमत और मांग में भी उतना ही इजाफा होगा।

### श्रेष्ठता को सम्मान

अनंत ज्ञान हथकरघा दिवस पर विशेष

पारंपरिक हथकरघा कला के साथ विश्वस्तरीय गुणवत्ता के उत्पाद तैयार करने के लिए वर्ष 1993-94 में वस्त्र मंत्रालय से हथकरघा में विशिष्ठता के लिए स्वर्ण पुरस्कार हासिल किया। 2005-06 में पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स से उद्योग रत्न अवार्ड और वर्ष 2007-08 में सहकारिता के लिए नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड सहित अन्य कई सम्मान भुट्टिको के नाम हैं।



"आज सोसायटी जिस ऊंचाई पर पहुंची है उसके पीछे स्व. ठाकुर वेदराम द्वारा प्रदान की गई ठोस नींव व उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्हीं की सोच को हमने आगे बढ़ाते हुए सभा को प्रगति के नए आयाम पर स्थापित करने का प्रयास किया है जिसके सार्थक परिणाम आज हमें प्राप्त हो रहें हैं। वहीं, हाल ही में प्रधानमंत्री के द्वारा मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से भुट्टिको सोसायटी का जिक्र किया है।

**–सत्य प्रकाश ठाकुर, चेयरमैन भुट्टिको**

### कुल 31 शोरूम

भुट्टिको के हिमाचल के बड़े शहरों के अलावा दिल्ली व मसूरी में एक-एक शोरूम सहित कुल 31 शोरूम हैं। वहीं हजारों लोगों को रोजगार देकर सोसायटी ने कई घरों के चूल्हे जलाए हैं। इसमें 118 नियमित कर्मचारी हैं, जबकि 692 पंजीकृत बुनकर हैं। कई ऐसे भी हैं जिन्होंने सोसायटी के जरिए काम सीखा, आज अपनी आजीविका कमा रहे हैं।

# कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ सामंजस्य को दे प्राथमिकता : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में भारी जल त्रासदी से प्रभावित इलाकों में जनजीवन जल्द पटरी पर आने की कामना करते हुए इसमें सर्वसहयोग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। अनुराग ने कहा, ''देवभूमि हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से हुई भारी जल त्रासदी अत्यंत पीड़ाजनक है। संकट का यह काल जल्द समाप्त हो इस दिशा में राज्य व केंद्र सरकार के साथ–साथ हम सबकी जिम्मेदारी है कि आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मैं इस आपदा में हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''



अनुराग ने कहा, ''हिमाचल में भारी बारिश से उपजे हालातों पर केंद्र सरकार पूरी तरह नजर बनाए हुए है। हिमाचल की कांग्रेस सरकार को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर प्रदेश के हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए। नीति आयोग जैसी महत्वपूर्ण बैठके जहां प्रदेश हित को लेकर खुले रूप में बड़ी चर्चाएं व बजटीय मांग हो सकती हैं उसका कांग्रेस द्वारा बहिष्कार करना एक अदूरदर्शी निर्णय रहा। प्रदेश हित में कांग्रेस को अपने अहंकार को दरकिनार कर ऐसी गलतियों से बचना चाहिए। प्रदेश हित में कांग्रेस अहंकार व घमंड की बजाय केंद्र सरकार के साथ सामंजस्य को प्राथमिकता दे।

## न्यूज ब्रीफ

### जहरीला पदार्थ निगलने से युवती की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** पुलिस सिटी चौकी सोलन के तहत धोबीघाट रोड में किराया के कमरे में रह रही युवती, मूल निवासी गांव ढिंगरी, डाकघर जैहर, तहसील पच्छाद, जिला सिरमौर की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पुलिस को क्षेत्रिय अस्पताल से दूरभाष द्वारा सूचना मिली कि एक लड़की को जहर निगलने के मामले में धोबीघाट अस्पताल लाए हैं, जिसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। जांच के बाद उक्त लड़की का नाम ज्योति ठाकुर पुत्री विजय पाल मालूम हुआ। जांच के दौरान पता चला की युवती ने कोई जहरीली चीज का सेवन किया था। युवती किराया के कमरे में अकेली ही रहती थी व कंपनी के साथ घर से ही ऑनलाइन काम करती थी।

### जेल वार्डर की अंतिम उत्तर कुंजी जारी

**धर्मशाला ।** कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदेश में जेल वार्डर भर्ती के लिए करवाई गई लिखित परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी गई है। अधीक्षक कारागार, लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला विकास भटनागर ने बताया कि अभ्यर्थी अंतिम उत्तर कुंजी को विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग में जेल वार्डर (महिला व पुरुष) के 91 पदों को भरने के लिए 28 जुलाई को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। उसके बाद विभाग द्वारा प्रोविजनल उत्तर कुंजी अपलोड की गई थी। बकौल अधीक्षक कारागार, प्रोविजनल उत्तर कुंजी के संदर्भ में प्राप्त आपत्तियों के बाद अब अंतिम उत्तर कुंजी विभाग की वेबसाइट पर डाल दी गई है। अभ्यर्थी अंतिम उत्तर कुंजी को डाउनलोड कर सकते हैं। अंतिम उत्तर कुंजी के बाद उत्तर कुंजी को लेकर कोई भी आपत्ति व अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### राहत कार्यों में तेजी लाए सरकार : रणधीर

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नयना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने कहा की भाजपा इस आपदा की घड़ी में चिंता व्यक्त करती है, हमारी पार्टी इस समय जनता से साथ और सरकार के साथ खड़ी है और हर सहयोग देने को तयार हैं। रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री और सरकार के कर्णधारों से निवेदन किया की प्रदेश में हो रहे राहत कार्यों में तेजी लाए। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए, बिना किसी बहाने लगाए सरकार आपदा ने लड़ने का मार्ग प्रस्त करें। रणधीर शर्मा ने पिछले साल आपदा का हवाला देते हुए कहा की सरकार द्वारा घोषित आपदा पैकेज का लाभ अभी तक जनता को नहीं पहुंच पाया यह कांग्रेस सरकार को बहुत बड़ी विफलता हैं। सरकार ने पिछली आपदा से कुछ सीखा नहीं और कोई सबक भी नही लिया, विधानसभा में भी चर्चा के दौरान आए सुझावों को अनदेखा किया गया जिसमें आपदा को किस प्रकार से रोका जाए या इस पर सावधानी बरती जाए को दर किनारे कर दिया गया। विधानसभा में आपदा से निपटने के लिए विशेषज्ञों से सलाह लेने की चर्चा हुई पर सरकार ने उस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।



### नयना देवी में 16 लाख से ज्यादा चढ़ावा चढ़ा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** श्रवाण अष्टमी मेलों के पहले दिन 25,000 ने माता नयना देवी में हाजरी लगाई। मंदिर न्यास को 16,93,543 रुपए नगद तथा 28.800 ग्राम सोना तथा 2.946 किलो चांदी चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुइ। मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल और मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने हर गतिविधि पर नजर रखी तथा सारे प्रबंध बेहतर रहे। वहीं, जवाला जी मंदिर में 2 लाख से ज्यादा का चढ़ावा चढ़ा है।

# प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए कुछ नहीं किया : कंगना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अभिनेत्री–सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को शिमला जिले के आपदा प्रभावित समेज गांव का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ नहीं करने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया। रनौत ने रामपुर उपखंड के समेज में अचानक आई बाढ़ के पीड़ितों से बात की।

उन्होंने कहा, ''यह दिल दहला देने वाली त्रासदी है। लोगों ने बच्चों समेत अपने परिवार के सभी सदस्यों को खो दिया। वे डरे हुए हैं और सदमे में हैं। मैं राज्य सरकार से अनुरोध करूंगी कि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत (वित्तीय सहायता) प्रदान की जाए।''



आपदा प्रभावितों के साथ दुख साझा करती सांसद कंगना रनौत।

मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद ने पिछले साल बाढ़ प्रभावित परिवारों को कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा धन आवंटन की विशेष जांच की भी मांग की।

हिमाचल में लगभग एक सप्ताह से भारी बारिश हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि 31 जुलाई की रात कुल्लू के निरमंड, सैंज और मलाणा, मंडी के पधर और शिमला के रामपुर उपखंड में, बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद अब तक 17 शव बरामद किए गए हैं और 40 लोग अब भी लापता हैं। रनौत ने कहा, ''कुल्लू जिले में मलाणा का सड़क संपर्क टूट गया है और ग्रामीण खुद पुल बना रहे हैं।'' रनौत ने कहा, ''मैं केंद्र सरकार की प्रतिनिधि के तौर पर आई हूं। केंद्र सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए धन मुहैया कराएगी, लेकिन हम सभी जानते हैं कि पिछले साल मानसून के दौरान आई आपदा के बाद भी वित्तीय सहायता दी गई थी। यह धन राज्य सरकार को मिलता है और वे इसे वितरित करते हैं।''

# प्रदेश सरकार के फैसले लोगों के लिए आफत : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार द्वारा डिपुओं में मिलने वाले सरसों के तेल के दाम बढ़ाने पर सरकार की आलोचना की है। सरकार के किसी भी फैसले से प्रदेश की जनता को कोई राहत नहीं मिल रही है।



प्रदेश में ऐसी सरकार पहली बार आई है जिसका हर फैसला लोगों के लिए आफत बनता है। कभी डीजल के दाम तो कभी बिजली–पानी के दाम बढ़ाकर सरकार प्रदेश के लोगों को महंगाई के मुंह में झोंकती है तो कभी सीमेंट, स्टील और गृह निर्माण में आने वाली चीजों के दाम बढ़ाकर। अब सरकार ने सरसों के तेल के दाम में 10 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि कर दी है। आपदा से जूझ रहे प्रदेशवासियों के लिए यह फैसला परेशान करने वाला है। सरकार को इस तरह के जनविरोधी फैसलों से बाज आना होगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार सभी को परेशान करने का काम कर रही है। सरकार पुरानी सुविधाएं बंद कर रही है, जिससे लोगों के जेब पर बोझ बढ़ रहा है। जो योजनाएं चल भी रही हैं वहां मिलने वाली सुविधाओं की कीमतें बढ़ा रही हैं। डिपोओं में मिलने वाले तेल की कीमतें बढ़ाने का असर लाखों लोगों पर पड़ेगा। इसी तरह सरकार द्वारा हिम केयर जैसी योजना को निजी अस्पतालों में बंद कर दिया गया है।

# घुमारवीं के सिविल अस्पताल से 8 सिक्योरिटी गार्ड किए बाहर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं के निजी होटल में मंगलवार को पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने इस मौके पर कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार सता में एक लाख युवाओ को रोजगार देने के नाम पर सता में आई थी, लेकिन दो साल हो जाने के बाद भी सरकार ने युवाओं को लेकर कोई कदम नहीं उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड के उनके समय में 12 पद भरे गए थे जिसमें से 8 युवाओं को सरकार ने बिना बताए बाहर का रास्ता दिखा दिया। यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन इनका। सरकार ये स्पष्ठ करें कि इन लोगो को क्यों निकाला गया। उन्होंने कहा हमीरपुर चयन बोर्ड को बंद कर रखा है। यह सरकार युवा विरोधी है।

लोगों के सामने यह कांग्रेस का चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने मांग की है कि जिन युवाओं को हटाया गया, उनको रोजगार दिया जाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, मंडल महामंत्री पंकज चंदेल, महेंद्र पाल रतवान, परवीन पज्याला मौजूद रहे।

# सरकार गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने सांगला घाटी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला कूपा में 19 लाख की राशि से बने अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया। यह अतिरिक्त भवन जेएसडब्लयू के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के सहयोग से निर्मित किया गया है।

राजस्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे प्रदेश सहित जनजातीय जिलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत इस शैक्षणिक सत्र से सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा आरंभ कर दी गई है। शिक्षकों का स्तर और अधिक बेहतर बनाने के मद्देनजर उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है तथा विद्यालयों में शिक्षा संबंधी आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि प्रदेश के विद्यार्थियों को उनके घर–द्वार पर आधुनिक व गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध हो सके। (अनंत ज्ञान)



### लंबित पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला किन्नौर के आईटीडीपी सम्मेलन कक्ष में करच्छम तथा भावानगर के लोक निर्माण अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्व मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को लंबित पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सहित जनजातीय जिला किन्नौर का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अलावा किसानों एवं बागवानों की आर्थिकी सुदृढ़ बनाए रखने के भी कड़े प्रयास किए जा रहे हैं।

**शिकंजा** कौन कर्मचारी कब आ रहा और कब जा रहा, ये सारे सवाल चर्चा में

# पशुपालन विभाग में लगेगा बायोमेट्रिक सिस्टम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे के पशु पालन विभाग में बायोमेट्रिक हाजिरी को लेकर विभाग का सिस्टम कटघरे में खड़ा है। कारण यह है कि राज्य कार्यालय के अलावा डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों तक तो बायोमेट्रिक सिस्टम मौजूद है, लेकिन उस स्तर से नीचे किसी भी डिस्पेंसरी और अस्पताल में बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगती।

यही इस विभाग की भीतरी व्यवस्था की पोल खोल रहा है। हालात यह हैं, कि राज्य भर के इन निचले स्तर के अस्पतालों और डिस्पेंसरीज में मनमर्जी का राज काबिज है।

कौन कर्मचारी आ रहा, कब आ रहा, कितने बजे जा रहा, आ भी रहा कि नहीं? यह सारे सवाल चर्चा में तो हैं, लेकिन इन पर विभाग के जवाबदेह अफसर गौर नहीं फरमाते। इसीलिए सिस्टम राम भरोसे चल रहा है। इस बिगड़ी व्यवस्था पर शिकंजा कसने के लिए विभाग अब लोकेशन के लिहाज से 'ऐप सिस्टम' की हाजिरी लागू करने वाला है। इस पर तैयारी शुरू हो रही है। राज्य के शिक्षा विभाग में जो नया सिस्टम अब लागू होने वाला है, इस पर पशुपालन विभाग भी तैयारी करने लगा है। (अनंत ज्ञान)



### 6000 से ज्यादा का स्टाफ

पशुपालन विभाग में इस समय सभी तरह के स्टाफ को मिला लिया जाए तो तकरीबन 6 हजार एम्पलाइज हैं, जिनमें डॉक्टर्स, फार्मासिस्ट, सहायक और अन्य स्टाफ मौजूद है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### अभी तक डिप्टी डायरेक्टर स्तर पर बायोमेट्रिक हाजिरी

हिमाचल में हाईकोर्ट के आदेशों के बाद पशुपालन विभाग का कुछ हिस्सा शिकंजे में आया, जिसमें निदेशालय और उसके बाद जिलों में स्थित डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय तक का स्टाफ बायोमेट्रिक हाजिरी के दायरे में आया है, लेकिन बायोमेट्रिक का यह शिकंजा उसके नीचे के स्टाफ तक नहीं कसा गया है। इनके ज्यादातर कार्यालय में हालात इसीलिए खराब है कि स्टाफ की उपस्थिति–अनुपस्थित को लेकर विभागीय अधिकारी भी अचानक दौरा करके बिगड़े हालात को सुधारने का दम नहीं भर रहे।

### ऐप सिस्टम पर हो रहा विचार : डायरेक्टर

पशु पालन विभाग के शिमला स्थित डायरेक्टर डॉक्टर प्रदीप शर्मा का कहना है कि फील्ड स्तर में कहीं भी बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था नहीं है। ऐसी शिकायतें हैं, इसीलिए अब रजिस्टर पर हाजिरी लगाने के इस सिस्टम के बदले में अप हाजिरी पर विभाग सोच रहा है शिक्षा विभाग में भी ऐसी व्यवस्था हो रही है। इस पैटर्न पर यहां भी व्यवस्था की जाएगी।

इससे हाजिरी को लेकर सवाल नहीं उठेंगे और कार्यालय में स्टाफ की अनिवार्यता भी बन जाएगी। गैर हाजिर रहने वालों को इससे कंट्रोल किया जाएगा।

इसके अलावा जिन डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में वाहन की व्यवस्था नहीं है, उसके लिए भी सरकार से स्वीकृति लेने की प्रपोजल भेजी गई है।

# रिजल्ट निकलने का सप्ताह कब होगा पूरा, अभ्यर्थी गुस्से में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पक्का भरो स्थित राज्य चयन आयोग के रवैए से नाराज अनशन पर बैठे जेओए (आईटी) पोस्टकोड-817 के अभ्यार्थियों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। नतीजे को घोषित करने को लेकर इस वर्ग के अभ्यर्थियों में अच्छी खासी नाराजगी छाई हुई है।

खराब मौसम, गर्मी के बीच आयोग के कार्यालय के गेट के बाहर इन अभ्यर्थियों के अनशन का मंगलवार को 19वां दिन हो गया है, लेकिन न तो आयोग के अधिकारी कुछ बोलने को तैयार हैं और न ही सरकार से कोई दिलासा मिल रही हैस लेकिन एक बात तय है जिस तंबू को लगाकर अभ्यर्थी दिन–रात डटे हुए हैं लगता नहीं वह रिजल्ट घोषित होने तक तंबू को उखाड़ेंगे? शांतिपूर्ण ढंग से जारी क्रमिक अनशन के बीच में प्रदेश भर के ऐसे अभ्यर्थी रोज–रोज यहां पहुंच रहे हैं कई महिलाएं बच्चों के साथ यहां धरना प्रदर्शन पर दिनभर बैठ रही हैं, लेकिन आयोग के भीतर से कोई ऐसा समाचार उन्हें नहीं मिल रहा, जिसमें यह पता चल जाए कि रिजल्ट घोषित करने के लिए अब नई कोई डेट तय हो गई है।




राज्य चयन आयोग के दफ्तर के बाहर धरना–प्रदर्शन पर बैठे अभ्यर्थी।

दरअसल में 19 दिन पहले आयोग के अधिकारियों ने दावा किया था की एक सप्ताह के भीतर रिजल्ट घोषित कर दी जाएगा और यह अभ्यर्थी बेवजह ही यहां धरना प्रदर्शन पर बैठ गए हैं, लेकिन अब इन अभ्यर्थियों की मजबूरी साफ दिखने लगी है कि आयोग ने इन्हें रिजल्ट घोषित करने के लिए एक सप्ताह का झूठा दावा किया था।

धरना प्रदर्शन स्थल पर बैठे आशु, अनिल, मोहित, मनोज, रीता, स्वाति, अमित और कमलकांत ने बताया कि अब उनके सब्र का बांध टूटने लगा है। वह इस आंदोलन को किसी नए तरीके से शुरू करने की तैयारी में भी हैं। ताकि कुंभकरण की नींद सोए इस आयोग को जागने के लिए नया बंदोबस्त किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### जंडपुर में 22 को लगेगा मेडिकल चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मंगलवार को महाकाल में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलावर सिंह दियोल की अध्यक्षता में एक मीटिंग की गई, जिसमें शिरा एनजीओ, आईसीटीसी पपरोला के स्टाफ, हंस फाउंडेशन के स्टाफ, स्वास्थ्य ब्लॉक महाकाल के स्टाफ के सदस्यों ने भाग लिया। इस मीटिंग में एकीकृत स्वास्थ्य चेकअप कैंप, जो कि जंडपुर पंचायत में 22 अगस्त को लगाया जाएगा, के बारे में विचार-विमर्श किया गया। बीएमओ ने कहा कि इस कैंप में लोगों के स्वास्थ्य को प्रमोट करने के लिए सेवाएं दी जाएंगी।

### युवती को पालतू कुत्ते ने काटा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत कुत्ते के काटने पर मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार लोअर रामनगर निवासी के पालतू कुत्ते ने एक युवती को काट लिया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में कुत्ते के मालिक के खिलाफ शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस थाना में मामला दर्ज किया हुआ है। पुलिस भारतीय न्याय संहिता की धारा 291 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### नूरपुर प्रशासन ने किया खैरियां पंचायत का दौरा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** की दो बड़ी समस्याओं को लेकर नूरपुर एसडीएम ने वन विभाग तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सहित पंचायत खैरियां का दौरा किया। प्रशासन ने तीन पंचायतों को जोड़ने वाली भडवार-खैरियां संपर्क सड़क, जो कि बतालू का कवाल नामक स्थान पर बार-बार स्लाडिंग से बंद हो जाती है, उसका निरीक्षण किया। वहीं, पंचायत की प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग, जो इस समय जर्जर हालत में है, उसका निरीक्षण करके स्थानीय निवासियों को इसका जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह ने बताया कि उन्होंने आज भडवार-खैरियां संपर्क सड़क तथा प्राइमरी स्कूल के जर्जर हुए भवन का निरीक्षण किया है।



### पेड़ लगाएंगे भी और संरक्षण भी करेंगे : डीएस चौधरी



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर में मंगलवार को मर्चेंट नेवी ऑफीसर्स पैरेंट वेलफेयर सोसायटी द्वारा न्यू पालमपुर में वन महोत्सव मनाया गया। सभा द्वारा देवदार के पौधों का पधरोपण किया गया, तथा एक पेड़ मेरी मां के नाम मुहिम का को आगे बढ़ाया गया। मर्चेंट नेवल ऑफिसर्स पेरेंट संगठन के अध्यक्ष डीएस चौधरी ने बताया कि हमने बेशक पौधे कम लगाए हैं, लेकिन इन पौधों का संरक्षण करना और इन्हें पूरी तरह से जीवित रखना इन्हें खाद आदि देना तथा जानवरों से बचाना हमारा कर्तव्य है। जितने भी पौधे लगाए हैं, वे सभी के सभी जीवित रहें, यह हमारी गारंटी है। हम पूरी देखभाल करेंगे व इनको संरक्षित रखेंगे।

### एकतरफा कार्रवाई की कड़े शब्दों में की निंदा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र ( सीटू) जिला कांगड़ा कमेटी के जिला वित्त सचिव ने हाल ही में जयसिंहपुर में रेहड़ी -फड़ी वालों को प्रशासन द्वारा बेरहमी से अपने रोजगार स्थल से हटाने की एकतरफा कार्रवाई की कड़े शब्दों मे निंदा की है और मांग की है कि इन गरीब रेहड़ी फड़ी धारकों को बसाने की तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

# 35 फीसदी बच्चों में कम हुआ कुपोषण

## प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में शुरू किए पायलट प्रोजेक्ट के सामने आए अच्छे परिणाम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

चिंता से निकले समाधान ने प्रदेश के हजारों बच्चों को कुपोषित होने से रोकने को राह तैयार की। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में शुरू किया गया पायलट प्रोजेक्ट रंग लाने लगा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की कुपोषण को लेकर चिंता में देश के अग्रणी वैज्ञानिक संस्थान सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर ने कुपोषण से लड़ने को खाद्य उत्पाद तैयार कर समाधान दे दिया। पायलट प्रोजेक्ट के नतीजों में करीब 35 प्रतिशत कुपोषित बच्चों के पोषण में सुधार दर्ज किया गया है।

बताते चलें कि मिशन भरपूर में पौष्टिक तत्वों से युक्त 6 खाद्य पदार्थ बच्चों तक पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग ने कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए मिशन भरपूर आरंभ किया है। मिशन भरपूर के तहत 2-5 साल तक के कुपोषित बच्चों को 6 भिन्न-भिन्न



पौष्टिक खाद्य पदार्थ दिए जा रहे हैं। जिला कांगड़ा में 920 कुपोषित बच्चों की पहचान हुई थी तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से इन बच्चों तक पौष्टिक तत्वों से युक्त चाकलेट वह अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ पहुंचाए जा रहे हैं।

आंगनबाड़ी वर्कर्स अपनी उपस्थिति में कुपोषित बच्चों को उक्त चाकलेट बार खिला रही हैं तथा आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक पाक्षिक निरीक्षण के दौरान खपत का सत्यापन कर रहे हैं। यह पौष्टिक खाद्य पदार्थ सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर के वैज्ञानकों की तकनीक द्वारा तैयार यह खाद्य पदार्थ कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को दिए जा रहे हैं। मिशन भरपूर के अंतर्गत हर दिन अलग-अलग प्रकार के खाद्य पदार्थ कुपोषित बच्चों को दिए जा रहे हैं। एक बच्चे को एक सप्ताह में 6 बार वह एक महीने में 24 बार यह पौष्टिक खाद्य पदार्थ दिए जा रहे हैं, जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और आयरन जैसे पोषक तत्व मौजूद हैं। इनसे कुपोषित बच्चों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी तथा उनकी मानसिक क्षमता बढ़ाने में भी कारगर साबित होगी। पोषण मैत्री अभियान के परिणामों के आधार पर तैयार हुआ मिशन भरपूर जिला कांगड़ा में पहली अप्रैल, 2024 से शुरू हो चुका है वह पहले चरण में 6 महीने के लिए चलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### 920 कुपोषित बच्चों में से 337 में सुधार

**सीएसआईआर**-आईएचबीटी पालमपुर के सहयोग से जिला कार्यक्रम अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला द्वारा पंचरुखी ब्लॉक में कुपोषण उन्मूलन के लिए 100 कुपोषित बच्चों के लिए पोषण मैत्री कार्यक्रम आरंभ किया था। सीएसआईआर द्वारा विकसित पौष्टिक तत्वों से युक्त उत्पादों का प्रयोग पंचरुखी ब्लॉक के कुपोषित बच्चों पर किया गया था, जिसके उपरांत कुपोषण को काफी हद तक खत्म करने में सफलता हासिल हुई। जिले के 920 कुपोषित बच्चों में से अभी तक लगभग 3 महीनों में 337 कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार पाया गया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**महिला** एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के अच्छे नतीजे सामने आए हैं तथा उम्मीद है कि 6 माह में काफी बच्चों को कुपोषण से छुटकारा मिल जाएगा। जिला प्रशासन के साथ सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर का इसमें अहम रोल रहा है।

### राज्यसभा: प्राचीन मंदिरों के संरक्षण पर खर्च की जाए सांसद निधि : इंदु गोस्वामी

**धर्मशाला।** राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने की सांसद निधि के नियमों में संशोधन करके भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा 1076 संरक्षित प्राचीन मंदिरों के संरक्षण और रखरखाव के लिए सांसद निधि से धन जारी करने के लिए नियमों में संशोधन करने की मांग की। मंगलवार को संसद में विशेष उल्लेख के अधीन बोलते हुए उन्होंने बताया कि इस समय सांसद निधि से मंदिरों के लिए राशि जारी नहीं की जा सकती। गोस्वामी ने कहा कि सांसद निधि के नियम के तहत धार्मिक आस्था से संबंधित भूमि पर सांसद निधि का प्रयोग करने का प्रावधान नहीं है, लेकिन सांसद निधि नियम के तहत विरासत और पुरातात्विक स्मारकों और इमारतों के संरक्षण और बचाव की अनुमति है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में 3679 एएसआई साइट्स हैं, जिनमें से 1076 मंदिरों को भारतीय पुरातत्व विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय धरोहर के रूप में संरक्षित किया गया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि महान विरासत संजोए, हजारों साल की गाथा वाला हिंदुस्तान आज पूरी दुनिया में योग, दर्शन, आध्यात्म और संस्कृति का संदेश उजागर कर रहा है।



### मोटर की तार काटने वाला दूसरा आरोपी भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

थाना डमटाल के अंतर्गत गांव हगवाल में 30 जुलाई को रात के समय दो चोरों द्वारा जल शक्ति विभाग के पेयजल योजना पर उसकी मोटर के साथ लगी तार को दो चोर जब इसको काट रहे थे तो मौके पर जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों द्वारा लोगों की सहायता से एक को पकड़ने में सफलता प्राप्त कर ली थी, जबकि दूसरा आरोपी भागने में कामयाब हो गया था। इसके चलते डमटाल पुलिस द्वारा उसको पकड़ने के लिए छापामारी लगातार की जा रही थी।

उसे रविवार को पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया तथा उसने शुरुआती जांच में बताया कि वह करीब 12 साल से नशे का आदी है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अर्जुन कुमार पुत्र रंजीत सिंह निवासी सीरत डाकखाना मोहटली के तौर पर की गई है, जबकि पहले



पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी।

आरोपी प्रिंस निवासी सीरत जिस पर पहले भी कई नशा तस्करी तथा चोरी के मामले दर्ज हैं। अपने नशे की आपूर्ति के लिए यह लोग चोरी करते हैं। पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए इनको मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, ताकि इनका पुलिस रिमांड लेकर इनके द्वारा अन्य चोरियों के बारे में भी पूछताछ की जा सके। इसकी पुष्टि एएसपी धर्मचंद वर्मा ने की। (अनंत ज्ञान)

### एयरपोर्ट पर मनाया गया हवाई सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह

**गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे में हवाई सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह मनाया गया। हवाई सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह की शुरुआत उद्घाटन समारोह से हुई, उसके बाद सुरक्षा क्विज, डॉग स्क्वाड प्रदर्शन, सुरक्षा जागरूकता अभियान और हवाई सुरक्षा के लिए अपना समर्थन देने के लिए यात्रियों के लिए हस्ताक्षर बोर्ड आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए गग्गल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा के कांगड़ा हवाई अड्डे के सभी कर्मचारियों ने हवाई सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की शपथ ली। हवाई अड्डा निदेशक, कंगड़ा हवाई अड्डे ने अध्यक्ष का संदेश सभी कर्मचारियों को संबोधित किया और हवाई सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का संदेश भी हवाई अड्डे के सभी कोनों में पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम के माध्यम से घोषित किया गया।

## बज्रेश्वरी मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का मेला

### सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने किए मां के दर्शन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में श्रावण माह के नवरात्र के चलते मंगलवार को मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता लगा रहा। मंदिर के कपाट खुलते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए श्रद्धालु टोलियां बनाकर ढोल-नगाड़े बजाते हुए मंदिर में पहुंचे। इन नवरात्र में मंदिर प्रशासन ने भी खूब तैयारियां कर रखी हैं।

मंदिर में सफाई के लिए सफाई कर्मचारी पूरी तरह से लगे हुए हैं। वहीं मंदिर में पीने के लिए पानी की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए लाइनों में कालीन बिछाए गए हैं। बरसात से बचने के लिए मंदिर में कीनोपी शेड बनाए गए है। मंदिर को पूरी तरह से फूलों से सजाया गया है। मंदिर में लंगर भवन में भी साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सफाई के लिए मंदिर प्रशासन ने 20 कर्मचारियों को रखा है। वहीं



श्री बज्रेश्वरी मंदिर में कतारों में लगकर मां के दर्शनों के लिए जाते श्रद्धालु।

मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 39 कर्मचारी मंदिर में तैनात हैं। जानकारी देते हुए मंदिर अधिकारी मोहित रत्न ने बताया कि पहले नवरात्र में मंदिर में 2 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए वहीं पहले नवरात्र में मंदिर में 1 लाख 50 हजार 806 रुपए मां के दरबार में चढ़ाए गए।

उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए रहने के लिए सराएं, लंगर व्यवस्था, पीने के पानी इत्यादि की पूरी व्यवस्था की गई है। मंदिर में सुरक्षा के लिए लिए जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

मंदिर में दूसरे नवरात्र को भी भारी संख्या में यात्रियों ने मां के दर्शन किए। वहीं कांगड़ा के मंदिर बाजार के दुकानदारों में भी काफी उत्साह देखा गया। सावन के इस महीने में पंजाब से अधिकतर यात्री मोटरसाइकिलों पर आकर मां के दर्शन करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## अनंत ज्ञान फैशन



### आजकल गुजरात साड़ी घरचोला है एक्ट्रेसेस की पहली पसंद

*इन दिनों बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के बीच गुजरात साड़ी घरचोला का ट्रेंड खूब देखने को मिला है। हाल ही में बॉलीवुड की फैशन आइकॉन कहीं जाने वाली एक्ट्रेस सोनम कपूर ने अपनी मां सुनीता कपूर की 32 साल पुरानी घरचोला साड़ी पहने दिखी थीं। सोनम ने यह साड़ी अपने एक दोस्त की शादी में पहनी थी। सोनम ने यह मरून कलर की घरचोला साड़ी एकदम गुजरती स्टाइल में पहने दिखी थीं। इस साड़ी में उनकी खूबसूरती देखते ही बन रही थी। वहीं, अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में दीपिका पादुकोण ने घरचोला साड़ी पहने नजर आई थीं। दीपिका इस साड़ी लुक में बेहद अलहदा लग रही थीं। लेकिन वह पहली नहीं थीं, जिन्होंने यह लुक आजमाया था। अनंत अंबानी के प्री वेडिंग फंक्शन में शनाया कपूर ने भी घरचोला साड़ी पहनकर खूब सुर्खियां बटोरी। अभी कुछ दिन पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर भी घरचोला साड़ी पहने नजर आई थीं। चलिए आपको इन एक्ट्रेस के घरचोला साड़ी के स्टनिंग लुक्स दिखाते हैं। दीपिका पादुकोण अनंत अंबानी के प्री वेडिंग फंक्शन में लाल रंग की घरचोला साड़ी पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखरे रही थीं। उन्होंने इस इस साड़ी पर गोल्डन कलर का जरदोजी वर्क किया हुआ ब्लाउज पहना था। दीपीका और सोनम के अलावा बॉलीवुड में जल्द ही एंट्री करने वाली संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने भी अपने ट्रेडिशनल लुक से सबका ध्यान अपनी तरफ खिंचा। उन्होंने भी लाल रंग की घरचोला साड़ी पहनी थी। इस साड़ी के साथ उन्होंने कुंदन का हेवी जूलरी पहना था जो उनके लुक को और भी बेहतर बना रहा था। शनाया कपूर इस लाल रंग एक घरचोला साड़ी में बेहद दिलकश लग रही हैं।*

### रक्षाबंधन के त्योहार पर ट्राई करें एथनिक स्कर्ट, दिखेंगी सबसे अलग

रक्षाबंधन के मौके पर ज्यादातर महिलाएं सूट, साड़ी या लहंगा वियर करती हैं, लेकिन अगर आप न्यू लुक चाहती हैं या कुछ न्यू ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप ये एथनिक टॉप और स्कर्ट का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस के एथनिक टॉप और स्कर्ट दिखा रहे हैं जिन्हें आप रक्षाबंधन के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। न्यू लुक के लिए इस तरह की स्कर्ट और साथ में कंट्रास्ट शर्ट वियर कर सकती हैं। इस स्कर्ट में साटन फैब्रिक में है और इस स्कर्ट में प्रिंटेड वर्क किया हुआ है। वहीं इस तरह का स्कर्ट को आप कंट्रास्ट शर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।वहीं इस आउटफिट में अपना लुक कंप्लीट करने के लिए आप फुटवियर में हील्स या जूती वियर कर सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप झुमके इस आउटफिट के साथ पहन सकती हैं। यह आउटफिट आपको ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 3000 रुपए तक की कीमत में खरीद सकती हैं।



### आउटिंग पर कूल लुक के लिए पहनें रांपर ड्रेस

**घूमने** का प्लान कहीं का भी बने इस दौरान महिलाएं कूल लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं कि इस दौरान वो स्टाइलिश नजर आए। बाजार में आपको आउटिंग के दौरान वियर करने के लिए आउटफिट्स के कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे लेकिन, अगर आप कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप रांपर ड्रेस वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस आप बीच या किसी ऐसा जगह जा रहे हैं जहां कभी भी बारिश हो सकती है वहां पर पहन सकती हैं। इस तरह के ड्रेस में जहां आप भीड़ से अलग नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी कूल नजर आएगा।



कूल लुक के लिए आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंटेड वाली रांपर ड्रेस वियर कर सकती हैं। यह फ्लोरल प्रिंटेड रांपर ड्रेस पॉलिएस्टर फाब्रिक में है। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में जूती वियर कर सकती हैं साथ ही इस ड्रेस में अपना लुक कंप्लीट करने के लिए आप इयरिंग्स पहन सकती हैं। यह ड्रेस आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इस ड्रेस आप 700 से 800 रुपये में खरीद सकती हैं।



### मानसून सीजन में ऐसे कपड़े देंगे आपको कम्फर्ट ग्लैमर लुक भी मिलेगा

*मानसून सीजन में सुहाने मौसम के साथ ग्लैमर लुक भी नजर आ जाए तो क्या ही बात है। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने वाले हैं, जो आपको मानसून के मौसम में बारिश में क्या पहने और क्या ना पहने के असमंजस से बाहर तो निकालेगा ही साथ ही आपको एक अलग और नया लुक भी देगा। दरअसल इस मौसम में सबसे बड़ी टेंशन होती है कि कौन से कपड़े आपके लिए कम्फर्टेबल होंगे साथ ग्लैमर भी दिखेंगे, तो आपकी इसी टेंशन को आज हम कम करने आए हैं। मानसून के मौसम में आप इस तरह के फैशन को फॉलो कर सकती हैं।*

#### आप पर फ्लोरल प्रिंट लगेगा बेस्ट

मानसून के मौसम में फ्लोरल प्रिंट के कपड़े आपके लुक को और भी ज्यादा इनहांस करेंगे। ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट की साड़ी, सूट, कुर्ता या शर्ट आदि पहन सकती हैं।

#### चटकीले कलर के कपड़े लगेंगे अच्छे

बरसात के मौसम में वाइब्रेंट कलर अच्छे लगते हैं। मानसून सीजन में आप पर पीले, लाल या फिर हरे-नीले रंग के कपड़े बहुत अच्छे लगेंगे। चमकीले रंग के कपड़े आपको ग्लेमर लुक देंगे।

#### नायलॉन का चुनाव रहेगा सही

इस मौसम में कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं ऐसे में नायलॉन फैब्रिक का चुनाव करें। यह सूखने में काफी हल्के होते हैं साथ ही दिखने में ये फैब्रिक काफी स्टाइलिश भी लगते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### थुरल कॉलेज में केंद्रीय बजट पर की चर्चा




**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में मंगलवार को भारत के केंद्रीय बजट 202-25 के संबंध में एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य कमल कुमार रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य प्रो. नविता और प्रो. लेख राम नेगी ने बजट संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बजट क्या है, 2024 - 25 के आम बजट में युवाओं से जुड़ी विभिन्न प्रकार की योजनाओं मुद्रा ऋण योजना, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार बैंकिंग एवं रोजगार योजनाओं के लाभ पर महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने कहा कि रोजगार और कौशल के लिए बजट रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, श्रमिकों के कौशल में सुधार लाने, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनके आर्थिक विकास का समर्थन करने पर केंद्रित है। मुख्यातिथि ने बताया कि विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए किन-किन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं, इसके बारे विद्यार्थियों के साथ जानकारी साझा की।

### नई शिक्षा नीति में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण घटक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा एंटरप्रेंयोरशिप माइंडसेट क्लासेज कार्यशाला का आयोजन सरकारी छात्र स्कूल धर्मशाला में हुआ। नई शिक्षा नीति में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण घटक है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिम्मा वैल्यूर फैबटेक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने लिया है तथा इसे स्टार (स्ट्रेंथनिंग टीचिंग, लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) द्वारा समर्थन प्राप्त है। इस 5 दिवसीय कार्यशाला में 57 प्रतिभागियों, जिनमें टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों ने भाग लिया। ईएमसी के समन्वयक, डाइट धर्मशाला के मिलिंद डोगरा उपस्थित रहे। इंटरएक्टिव सत्रों और प्रैक्टिकल गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने उद्यमिता की तकनीकों को समझा। समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश और वैल्यूर फैबटेक्स ने कार्यशाला की सफलता पर खुशी जताई और इसे हिमाचल प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया। भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करने का संकल्प लिया गया।

### वित्तीय लाभों पर आज मंथन करेंगे पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल पेंशनर्स संघ ब्लॉक बैजनाथ की आवश्यक बैठक 7 अगस्त बुधवार को 11 बजे विश्राम गृह बैजनाथ में रमेश चड्डा की अध्यक्षता में होगी। बैठक में पेंशनर्ज के वित्ती य लाभों को देने में उदासीनता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा व विधानसभा सत्र में पेंशनर्स को देय वित्तीय लाभों को देने हेतु बजट का प्रावधान करने का अनुरोध हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से प्रस्ताव भेज कर किया जाएगा।

### डीएलएड परीक्षा के लिए 20 से करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष नवंबर-दिसंबर में संचालित की जाने वाली डीएलएड भाग-1, सत्र 2023-2025 व पार्ट 2, सत्र 2022-2024 के नियमित परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं हेतु पात्र परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित अपने संबंधित शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित परीक्षा शुल्क 1000 रुपए है तथा 20 अगस्त से 19 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। निर्धारित तिथि उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

### रड़ौता और रक्कड़ में लगाए जागरूकता शिविर




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** संजीवनी संस्था द्वारा कार्यान्वित एवं एचडीएफसी बैंक से वित्तपोषित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत कुरल के रड़ौता एवं रक्कड़ में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लैंगिक संवेदीकरण, महिला स्वच्छता, फसल उत्पादन, पशु पालन एवं दूध के उत्पादों से आय वृद्धि को लेकर चर्चा की गई एवं मौसमी फलों का लघु प्रसंस्करण करके आय वृद्धि करने पर भी महिलाओं को जागरूक किया गया। प्रतिभागी महिलाओं में उपस्थित सदस्य सुदर्शना देवी जी (जिनकी उम्र 80 वर्ष से ज्यादा है) के गांव के सार्वजनिक स्थानों की सफाई के लिए सराहनीय प्रयासों को भी महिलाओं द्वारा उजागर किया गया। बैठक में कुल 29 महिलाओं ने भाग लिया। परियोजना टीम से कार्यक्रम प्रबंधक, कार्यक्रम समन्वयक, विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं 2 समुदाय संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### इरा रिहान ने 12वीं की मेरिट में पाया स्थान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर की इरा रिहान ने पुनर्मूल्यांकन के परिणाम धोषित होने के बाद प्लस टू की मेरिट सूची में स्थान बना लिया है। स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा पहले घोषित किए गए जमा दो के परिणाम में इरा रिहान 483 अंकों के साथ प्रदेश में 11वें स्थान पर थी। इरा ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। इसमें इरा का एक अंक बढ़ा है और 484 अंकों के साथ वह टाप टैन में शामिल हो गई है। इरा रिहान ने दसवीं की परीक्षा में भी मेरिट में स्थान हासिल किया था।



### पुलिस को आवंटित किए 6 नए मोटरसाइकिल

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा मंगलवार को 6 नए मोटरसाइकिल गश्त तथा विभिन्न कार्यों के लिए पुलिस जिला नूरपुर में कार्यरत विभिन्न इकाइयों को आवंटित किए गए, जो के विश्व बैंक प्रायोजित योजना के तहत सड़क सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से पुलिस जिला नूरपुर में यातायात नियमों के प्रभावी करने अभियान को सुनिश्चित करने में प्रभावी सहायता प्राप्त होगी। इन मोटरसाइकिलों का प्रयोग पुलिस जिला नूरपुर के क्षेत्राधिकार में विशेष रूप से सड़क सुरक्षा व गश्त करने के उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। पुलिस को आवंटित किए गए ये नए 6 मोटरसाइकिल आधुनिक सुविधाओं और आधुनिक तकनीक से लैस हैं जो पुलिसकर्मियों को और अधिक सुरक्षित तथा कुशल कार्य करने में सहायक सिद्ध होंगे। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस जिला नूरपुर जन समुदाय के साथ मिलकर काम करने तथा सुरक्षा के लिए सुरक्षा के मुद्दों को हल करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।



### प्रो. संजीव ने आपदा प्रबंधन पर दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल के प्रोफेसर संजीव गुप्ता को भारतीय वित्त आयोग द्वारा आपदा प्रबंधन के लिए धन आवंटन पर ध्यान केंद्रित करते हुए सार्वजनिक वित्त पर विशेषज्ञ सिफारिशें प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रो. गुप्ता ने विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश पर जोर देते हुए राज्यों में आपदा प्रबंधन के लिए वित्तपोषण, शमन, तैयारी और पुनर्वास उपायों पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। प्रो. गुप्ता ने अपनी सिफारिशों में संगठनात्मक संरचना को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और आपदा प्रबंधन के विभिन्न स्तरों पर सामुदायिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया।



# एक साल पहले भेजी डीपीआर, अब भी बजट का इंतजार

## सालों से स्लाइडिंग प्वाइंट को स्थायी हल का इंतजार, लाखों का बजट बर्बाद, अब बड़े बजट की आस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पर्यटन के नजरिए से अत्यंत महत्वपूर्ण धर्मशाला से मैक्लोडगंज मार्ग का स्लाइडिंग प्वाइंट सालों से स्थायी समाधान का इंतजार कर रहा है। अगर यहां और स्लाइडिंग होती है तो मैक्लोडगंज का संपर्क धर्मशाला से कट सकता है।

ऐसे में समस्या और भी गंभीर हो जाती है जब मौजूदा समय में मैक्लोडगंज जाने के लिए शॉर्ट कट खड़ा डंडा मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बाद अब रिपोर्ट राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्फत सरकार के पास पहुंच गई है।

बताते चलें कि कोतवाली से मैक्लोडगंज मार्ग पर स्थित भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में स्लाइडिंग रोकने के लिए प्रयास सफल नहीं हो पा रहे। इसके चलते आईआईटी मंडी की के तथा मुंबई विशेषज्ञ टीम ने लंबे अध्ययन के बाद एक रिपोर्ट के आधार पर बनाई जिसके बाद लोक निर्माण ने एक डीपीआर तैयार कर सरकार को एक साल से लंबे समय से भेजी है। विभागिय अधिकारियों की मानें तो इसके बजट के मिलते ही काम शुरू कर

- **अगर और स्लाइडिंग हुई तो मैक्लोडगंज और धर्मशाला के बीच कट जाएगा संपर्क**
- **भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में स्लाइडिंग रोकने के सभी प्रयास असफल**

दिया जाएगा। बताते कि कोतवाली के काली माता मंदिर के पास के इस भूस्खलन क्षेत्र के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग ने 54 लाख रुपए के बजट से एक कंक्रीट के डंगे का निर्माण करने का भी प्रयास किया था।

वहीं, साल 2021 के जुलाई माह की बरसात के दौरान ये निर्माणाधीन डंगा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था तथा इसमें दरारें आ गई थीं। वहीं, यहां पर इस समस्या से बचने के लिए वैकल्पिक तथा मजबूत समाधान के विभागीय प्रयास सफल न होने के बाद दीर्घगामी योजना की बाबत आईआईटी के एक्सपर्ट से इस समस्या के समाधान के लिए विभाग को आईआईटी मंडी तथा मुंबई के एक्सपर्ट टीम ने व्यापक अध्ययन के बाद एक रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर 17.30 करोड़ रुपए की एक डीपीआर भी तैयार कर विभाग भेज चुका है तथा अब इसके लिए फंड का इंतजार है। उधर, इस बारे में जब लोक निर्माण विभाग के धर्मशाला स्थित अधिशासी अभियंता विनय मेहरा ने बताया कि आईआईटी मंडी तथा मुंबई के एक्सपर्ट की तरफ से तैयार इस रिपोर्ट के आधार पर डीपीआर तैयार कर भेजी जा चुकी है तथा बजट का प्रबंध होने पर काम शुरू कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



नेरवा के मयन सूद को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# विकास कार्यों में देरी पर नपेंगे अफसर

## पठानिया बोले, सीएम और मंत्रियों की घोषणाओं को तत्परता के साथ पूरा करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विस उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विकास कार्यों में देरी पर संबंधित अधिकारियों की जबावदेही भी तय की जाएगी, ताकि किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जा सके। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



शाहपुर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते केवल सिंह पठानिया।

मंगलवार को धर्मशाला के मिनी सचिवालय में शाहपुर के विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिला स्तर के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विस के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों द्वारा की गई घोषणाओं को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें तथा इन घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार गुड गवर्नेंस पर विशेष फोकस कर रही है तथ इसी दृष्टिकोण के साथ अधिकारियों को कार्य करना होगा, विकासात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा की जाना अत्यंत जरूरी है, ताकि किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहे। विस उपमुख्य सचेतक ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी तथा अधिकारियों को अपने अपने विभागों से धन के कारण लंबित विकास कार्यों की सूची तैयार करनी चाहिए। इस बाबत नियमित तौर पर जिला अधिकारियों के साथ त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि उपमंडल स्तर पर भी उपमंडलाधिकारी की अध्यक्षता में माह में एक बार बैठक आयोजित की जाए।

इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी विभागों की नियमित तौर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस बाबत एसडीएम को उपमंडल स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले उपमंडलाधिकारी शाहपुर करतार ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए शाहपुर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, एडीसी सौरभ जस्सल, एडीएम डा हरीश गज्जू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### शाहपुर के कार्यों की प्रगति पर ली रिपोर्ट

**केवल** सिंह पठानिया ने उपतहसील दरीणी के निर्माण की स्टेटस रिपोर्ट, ज्यूडिशियल कंपलेक्स के लिए भूमि चयन, ईसीएचसी, आईपीएच के निरीक्षण गृह, एयरपोर्ट में 24 घंटें पेयजल उपलब्ध करवाने बारे, लंज, दरीणी में स्थाई पुलिस चौकियां स्थापित करने बारे, शाहपुर के थाना के निर्माण को लेकर, नड्डी में टूरिस्ट फ्रेंडली पुलिस, वेटनरी हॉस्पिटल दरीणी, सिविल हॉस्पिटल के निर्माण कार्य, करेरी स्कूल में चारदीवारी, रेहलू में शिवा प्रोजेक्ट की प्रगति बारे, फेरा-करेरी मार्ग को बस योग्य बनाने इत्यादि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली तथा इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# बरेल डकैड़ा में रात को घर में पहुंच गया संदिग्ध, मांगा खाना



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पंचायत फतेहपुर के गांव बरेल डकैड़ा में बीती रात करीब साढ़े दस एक संदिग्ध व्यक्ति एक घर में पहुंच गया व खाना मांगा, लेकिन घर बाले डर के मारे घर के अंदर दुबके रहे। घर के मुखिया ओंकार सिंह ने बताया कि रात को समीप ही गांव के युवक ने बताया कि जंगल की तरफ रोशनी लग रही है वह कोई संदिग्ध हो सकता है। वे सभी डर के मारे घर के अंदर चले गए। इतने में एक व्यक्ति आया व दरबाजा खटखटाता हुआ खाना मांगने लगा। जब उसे कुछ भी आबाज सुनाई न दी, तो वह चला गया। उन्होंने उक्त घटना के बारे में पुलिस व पंचायत को भी बताया, लेकिन रातभर कोई भी उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा। उधर, पंचायत उपप्रधान करनैल सिंह ने बताया कि उन्होंने भी पुलिस को सूचित किया था, लेकिन रात को पुलिस आई नहीं आई। जब थाना प्रभारी पवन गुप्ता के साथ बात की तो उन्होंने कहा कि रात को सूचना मिलने पर पुलिस ने गश्त की थी, लेकिन कोई भी नजर नहीं आया। मंगलवार सुबह को ही पुलिस गश्त पर भेज दी गई थी। (अनंत ज्ञान)

- **तलाश के लिए फतेहपुर भेजी क्विक रिस्पांस टीम**

### क्या कहते हैं एएसपी

**एएसपी** धर्मचंद वर्मा ने कहा कि रात को गांव फतेहपुर में एक संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना फतेहपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा तलाशी अभियान जारी कर दिया गया था। मंगलवार को क्विक रिस्पांस टीम नूरपुर से फतेहपुर में संदिग्ध की तलाश के लिए भेजी गई है।

# सही दिशा में आगे जा रही देश की अर्थनीति : मीनाक्षी लेखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि 2014 से जब भाजपा सरकार सत्ता में आई तब से एक रणनीति के आधार पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थनीति के कार्य सही चल रहे हैं। 2013-14 में 16 लाख करोड़ रुपए से बजट 64 लाख करोड़ पहुंच चुका है। राज्यों को मदद वित्त आयोग तय करता है, जो पहले 28 प्रतिशत से अब 42 प्रतिशत हो चुकी। राज्यों को विकास के लिए पहले की तुलना में ज्यादा पैसा मिल रहा है तथा केंद्र सरकार चाहती है कि इस बजट का विकास पर व्यय हो तथा लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि इस बार लघु उद्योगों के माध्यम से देश को आगे बढाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि राजनीति का स्तर सबके सामने है, लेकिन केंद्र सरकार अब चार जातियों गरीब, किसान, महिलाएं ओर युवा के लिए मुद्रा लोन की सीमा को 20 लाख रुपए कर दी गई है।



### मटौर स्कूल में रोपी हरियाली

**गगल।** जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को विकास खंड कांगड़ा के अंतर्गत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटौर में पौधरोपण किया और छात्र- छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जगोरी संस्था की कार्यकर्ता अंजू रानी ने बताया के छात्र-छात्राओं को पौधों की देखरेख की पूरी जिम्मेदारी ली । स्कूल के स्टाफ ने जगोरी के कार्यों का सहराना किया और आगे भी मिलकर इसी तरह से कार्य करने का आश्वासन दिया।

# दो हफ्ते से पानी को तरस रहे दुर्गवासी

## पंचायत में टैंकरों से हो रही पीने के पानी की सप्लाई, लोग परेशान

**अजय पाल, पंचरुखी**

भारी बरसात मे भी विधानसभा बैजनाथ की दुर्ग पंचायत के गांववासी लगभग दो सप्ताह से पीने के पानी को तरस रहे हैं। टैंकरों से पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है, जो कि पूरी नहीं हो पा रही है। दिन में केवल एक या दो टैंकर ही सप्लाई लेकर आते हैं। जिन घरों मे अकेले बुजुर्ग या बीमार हैं उन्हें बहुत दिक्कत हो रही है। पंचायत के पांच बार्डों ये समस्या बहुत ज्यादा है। दुर्ग पंचायत को दुर्ग नाला से उठाऊ जल योजना के माध्यम से पानी पहुंचाया जाता है, लेकिन दो सप्ताह से मोटरें खराब होने की वजह से पानी की सप्लाई ठप हो गई है।



मोटरों को खराब हुए दो सप्ताह हो गए हैं लेकिन विभाग ने अभी तक इन्हें ठीक नहीं करवाया है। पंचायत के लोगों ने कहा कि दो सप्ताह बीत जाने पर भी मोटरें ठीक न करवाना विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही है। पंचायत प्रधान कपूर चंद ने कहा कि अगर शीघ्र इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पंचायत के लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे। जल शक्ति विभाग बैजनाथ के अधिशाषि अभियंता राहुल धीमान ने कहा कि मोटरें ठीक हो गई है और जल्द ही दुर्ग पंचायत के लिए पानी की सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# न चपरासी न चौकीदार, अध्यापकों के जिम्मे योल स्कूल के 600 विद्यार्थी

## कांग्रेस नेता जग्गी बोले, विभाग तथा प्रशासन के समक्ष रखेंगे समस्या

**नरेश धीमान, योल**

एएफसीवी हाई स्कूल जिसे हाल ही में राजकीय हाई स्कूल योल में तब्दील तो कर दिया, लेकिन तब से अब तक स्कूल में स्टाफ की कमी चली आ रही है, जिससे स्कूल में पढ़ रहे छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। थक-हार कर अब एसएमसी कमेटी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबी व धर्मशाला के कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी से मिली और स्कूल में पेश आ रही दिक्कतों का रोना रोया।



एसएमसी कमेटी की अपील पर सोमवार को देवेंद्र जग्गी जायजा लेने स्कूल पहुंचे और एसएमसी कमेटी व मौजूदा स्कूल स्टाफ व क्षेत्र के अन्य प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर विस्तारपूर्वक चर्चा की। एसएमसी के प्रधान पंकज मैहरा एवं मुख्याध्यापक सुरेश कुमार ने बताया कि इस समय स्कूल में न चपरासी है, न चौकीदार। नौ अध्यापक ही स्कूल चला रहे हैं। जबकि यहां 600 के करीब छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जग्गी ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष स्टाफ की समस्या को रखकर अतिशीघ्र अध्यापक रखे जाएंगे ताकि स्कूल में पढ़ रहे छात्रों का भविष्य खराब न हो। (अनंत ज्ञान)

### गरीबों की मदद के लिए मिला सम्मान



**जयसिंहपुर।** जन कल्याण संस्था तलवाड़ जयसिंहपुर के समाजसेवक देशराज कक्कड़ को अपना उत्कृष्ट योगदान गरीब परिवारों की सहायता हेतु देने पर संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इन्होंने साथ ही कुंडेश्वर मणिमहेश सेवा दल के लिए 10000 रुपए लंगर हेतु दान किये। देशराज कक्कड़ जब भी जरूरत पड़ती है किसी गरीब की सहायता के लिए आगे आते हैं।

# एक जैसी दिखती हैं केदारनाथ व केदारा महादेव मंदिर की मूर्तियां

**राकेश डोगरा, डरोह**

सावन के महीने में पूरे उत्तर भारत में शिव भगवान की पूजा-अर्चना होती है। सावन मास के तीसरे सोमवार को केदारा महादेव मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रही। यह मंदिर डरोह से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां पर जो भी भक्त सच्चे मन से भोले बाबा से जो भी मन्नत मांगता है, वह अवश्य ही पूर्ण होती है। मंदिर के पुजारी शक्ति चंद ने बताया कि यह मंदिर सदियों पुराना है।

उन्होंने कहा कि यह मंदिर राजा-महाराजाओं के समय से भी पहले का है। पहले यह मंदिर सड़क के नीचे बाग में हुआ करता था, लेकिन बाद में इसकी मूर्ति ऊपर लाई गई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वाले केदारनाथ और यहां के केदारा महादेव मंदिर में एक समानता यह है कि इनकी मूर्तियां दोनों जगह दिखने में एक जैसी ही हैं। मंदिर के थोड़ा नीचे की ओर जाएं तो यहां पर एक छोटी सी बावड़ी है। यहां पर मान्यता है कि जिस किसी को भी चर्मरोग जैसे दाद, खाज, खुजली या फोड़े फुंसियां (मोहके) हों इसमें नहाने से ठीक हो जाते हैं। पुजारी ने कहा कि यहां साल में मंदिर कमेटी की ओर से चार भंडारे भी लगाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)



**जागरूकता** नशे के दुष्प्रभाव, सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम पर फैलाई जागरूकता

# मुल्थान में शिवा फाउंडेशन ने जागरूक किए विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत दुर्गम क्षेत्र छोटा भंगाल के मुल्थान में मंगलवार को शिवा फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी संस्था और पुलिस प्रशासन ने मुल्थान महाविद्यालय और मुल्थान विद्यालय के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम व अन्य गतिविधियों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस चौकी मुल्थान के प्रभारी एएसआई राजेंद्र कुमार, आरक्षी देवेंद्र, सचिव विजय राणा, विद्यालय के उपप्रधानाचार्य प्यार चंद, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय व सभी अध्यापक और प्राध्यापक मौजूद रहे। फाउंडेशन के अध्यक्ष शिव वालिया और एएसआई राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए बताया कि आज के समय में युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में जा रही है वहीं सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपनी जिंदगी गंवा रहे है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की किताबें भी वितरित की गईं। शिव वालिया ने बताया कि पिछले चार वर्षो से सभी शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थानों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा भी समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं जिसमें लोगों को विभिन्न गतिविधियों के प्रति जागरूक किया जाता है।



### मारपीट करने पर मामला दर्ज

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बीड़ के तहत गाली-गलौज तथा मारपीट का मामला सामने आया है। कालिका होटल चौगान बीड़ में गाड़ी एचपी 01डी -4030 के चालक किशोरी लाल निवासी धर्मशाला ने नमराज थापा निवासी टिन-टिन कैफे धर्मकोट-मैक्लोडगंज के साथ उपरोक्त होटल के कमरे में गाली-गलौज व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है। इस संदर्भ में पुलिस थाना बीड़ में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं मेंमामला दर्ज किया गया है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**बेदखली सूचना**

**मैं किशोरी लाल** पुत्र जोगराज गांव तप्पा, डाकघर पाहड़ा, तहसील पालमपुर जिला कांगडा (हि. प्र.), व्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र विजय कुमार व उसका पुत्र राहुल कुमार मेरे कहने से बाहर है। अत: मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनसे साथ कोई भी लेन देन करने वाला खुद जिम्मेबार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सियूहणी में बेटियों के नाम पर किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की 'मिशन शक्ति' योजना के तहत आरंभ किए गए 100 दिन के विशेष अभियान के दौरान जिलेभर में महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को हमीरपुर के निकटवर्ती गांव सियूहणी में भी 'एक बूटा बेटी के नाम' अभियान के तहत गांव की दो कन्याओं मानवी और गौरांशी के नाम पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने लीची और संतरे के पौधे रोपे। उन्होंने कहा कि 'एक बूटा बेटी के नाम' अभियान के दौरान रोपे गए पौधे जहां नन्हीं कन्याओं और उनके माता-पिता के लिए स्मरणीय रहेंगे, वहीं हिमाचल प्रदेश के हरित आवरण को बढ़ाने तथा पर्यावरण के संरक्षण में भी मददगार साबित होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि हमें लड़का-लड़की में कोई भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। इन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति की जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ नीतू राठौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं भी उपस्थित थी।

### रेड रिबन क्लबों की उपयोगिता बताई



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अधीन जिले के रेड रिबन क्लबों के नोडल अधिकारियों व पीयर एजुकेटर के लिए सीएमओ कार्यालय हमीरपुर के सभागार में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को रेड रिबन क्लबों की उपयोगिता, एड्स नियंत्रण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय नादौन से प्रो. भगवती प्रसाद, राजकीय महाविद्यालय धनेटा से प्रो. मदन सिंह, ज्योत्सना आईटीआई से उपेंद्र कुमार चौहान, आईटीआई बणी से मदन सिंह पटियाल, करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी व राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रतिभागी शामिल रहे।

### लदरौर में पोक्सो अधिनियम की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में प्रधानाचार्य अच्युतम वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूली बच्चों और महिलाओं को पोक्सो अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्मार्ट क्लास रूम में वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को प्रवक्ता बाओलॉजी अमृतलाल ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों को सरंक्षित रखने के लिए पोक्सो एक्ट अधिनियम बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2012 पोक्सो एक्ट के नाम से बनाया है। इस कानून के अंतर्गत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और पोनोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड़छाड़ के मामलों में कार्रवाई की जाती है। इस कानून के तहत अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा निर्धारित की गई है।

### कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी गतिविधियों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में एनसीसी विंग हमीरपुर से कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसएस रावत ने स्कूल में चलाई जा रही एनसीसी गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ सीनियर जेसीओ सूबेदार शशिपाल तथा जीसीआई सविता शर्मा उपस्थित रहे। स्कूल पहुंचने पर उन्होंने कैडेट्स से स्कूल में चल रही एनसीसी की गतिविधियों के बारे में जाना। इस दौरान स्कूल की अकादमिक प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, प्राचार्य शशि बाला व एनसीसी ऑफिसर विपिन शर्मा ने अपनी उपस्थिति बनाए रखी।

### हरोली पुलिस ने बिना फार्म पकड़े 6 टिप्पर, किया जुर्माना




**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली पुलिस की एक टीम ने आज थाना प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में पंडोगा में ओवर लोड और बिना फार्म लोड टिप्परों पे लगाम लगाते हुए 6 टिप्पर पंडोगा में सुबह पकड़े। सभी गाडियां बिना फार्म रेत लेकर होशियारपुर की ओर जा रही थी। माइनिंग माफिया पे लगाम कसते हुए 6 वाहनों को 1,50000 रुपए जुर्माना करके चेतावनी देकर छोड़ा गया है। इस दौरान पंडोगा चौकी इंचार्ज गुरधियान शर्मा भी टीम लेकर मोजूद रहे। बरसात के दिनो मे वैसे तो माइनिंग माफिया कम सक्रिय रहता है फिर भी सरकार माइनिंग पे सख्ती से निबटने में लगी है।

# इस बार बैठक में अधिकारी स्वयं नहीं आए तो सीएम को लिखेंगे पाती : बबली

## जिला परिषद के विकास कार्यों के लिए पिछले 8 माह से नहीं मिला बजट

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक में विकास कार्यों के एजेंडे पर चर्चा की जाती है, इसके अलावा नए कार्यों के सेल्फ डाले जाते हैं। जिला परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा जनवरी माह से डाले गए सेल्फ के लिए अभी तक बजट का प्रावधान नहीं हो पाया है। वहीं, जनवरी माह से पहले डाले गए सेल्फ का पूरा पैसा भी नहीं आया है, जिससे विकास कार्य करवाना मुश्किल हो गया है।




**जनवरी माह से पहले डाले गए सेल्फ का अभी नहीं आया पूरा पैसा**

मार्च से लेकर जुलाई तक लोकसभा आम चुनाव व विधानसभा उपचुनाव होने के कारण बजट स्वीकृत नहीं हो पाया, वहीं उपचुनाव के बाद जुलाई माह में विकास कार्यों के एजेंडे को लेकर त्रैमासिक बैठक रखी गई थी, लेकिन अधिकारियों के न आने से जिला परिषद के सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक फिर से 7 अगस्त को रखी गई है, जिसमें विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी। जुलाई माह में आयोजित बैठक में ही फिर अधिकारियों को बैठक में आने के बारे में सूचना भेज दी थी। अब देखना होगा कि जिला परिषद की बैठक में अधिकारी आते हैं या नहीं, क्योंकि अधिकारियों के न आने से जिला परिषद की बैठक हंगामेदार हो सकती है। जिला परिषद के सदस्यों में यह नाराजगी है कि अधिकारी स्वयं बैठक में नहीं आते और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बैठक में भेज देते हैं। जब भी विकास कार्यों से संबंधित प्रश्न संबंधित विभाग से किए जाते हैं तो अधीनस्थ अधिकारी को इसकी जानकारी नहीं होती। अधिकारियों के बैठक में न आने से लोगों की सुविधा के लिए किए जा रहे विकास कार्य लटक जाते हैं। ऐसे में जिला परिषद के चुने हुए पदाधिकारी और सदस्य अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं।

इस बारे में जिला परिषद की अध्यक्ष बबली ने बताया कि पिछले बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों की जगह अधीनस्थ कर्मचारी आए थे, वहीं कई विभागों से कोई अधिकारी कर्मचारी बैठक में मौजूद नहीं था।

उन्होंने बताया कि जनवरी माह से पहले डाले गए सेल्फ का पूरा पैसा अभी नहीं आया है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह के बाद डाले गए सेल्फ का बजट अभी आना है। उन्होंने बताया कि यदि बुधवार को आयोजित होने वाली बैठक में भी अधिकारी स्वयं नहीं पहुंचे तो मुख्यमंत्री सुक्खू को इसके बारे में लिखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**25 जुलाई को स्थगित जिप की त्रैमासिक बैठक आज**

जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक 25 जुलाई को रखी गई थी, लेकिन अधिकारियों के स्वयं न आने से जिला परिषद के पदाधिकारी और सदस्य बैठक से उठकर चले गए थे और बैठक का बहिष्कार किया था। 25 जुलाई को ही सभी अधिकारियों को दोबारा से बैठक में आने के लिए सूचना जिला परिषद कार्यालय से जारी कर दी गई थी। इसलिए 7 अगस्त को फिर से जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक आयोजित की जाएगी।

## हमीरपुर कॉलेज का ग्रेडिंग स्तर गिरा, नैक टीम ने किया दोबारा निरीक्षण करने से इंकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नेता जी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल महाविद्यालय हमीरपुर में नैक पीयर की पांच सदस्यीय टीम ने 23 और 24 अप्रैल को दो दिन तक दौरा कर 30 प्रतिशत मूल्यांकन किया था। इस दौरान नैक टीम को हिमाचली धाम का स्वाद भी चखाया गया था।

नैक टीम में टीम की अध्यक्ष डॉ. तनुजा मजूमदार, प्रो. हिंदी विभाग प्रेजिडेंसी विश्वविद्यालय कोलकाता, समन्वयक डॉ. सतिंदर कौर प्रो. जूलॉजी विभाग क्लस्टर यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, डॉ. गुरुनाथ जे फगारे प्रिंसिपल, किसान वीर महाविद्यालय महाराष्ट्र और भोरंज कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर प्रधानाचार्य, उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा नामित सदस्य शामिल थे। नैक की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद महाविद्यालय के प्रशासन को उम्मीद थी कि इस बार महाविद्यालय की ग्रेडिंग में अवश्य सुधार होगा, लेकिन महाविद्यालय की ग्रेडिंग पहले से नीचे गिर गई है।

बता दें कि महाविद्यालय ने 2015 में ग्रेडिंग के लिए आवेदन किया था, उस समय महाविद्यालय को 2.83 अंक मिले थे। उसके बाद महाविद्यालय में ग्रेडिंग सुधारने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन सारे प्रयास धरे के धरे रह गए और ग्रेडिंग का स्तर सुधरने की बजाए गिर गया। हालांकि महाविद्यालय हमीरपुर लंबे समय से शिक्षा और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए आगे रहा है, लेकिन हाल ही में नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में ग्रेडिंग पर काफी असर पड़ा है। बताते चलें कि महाविद्यालय प्रशासन ने ग्रेड कम आने पर पुन: मूल्यांकन के लिए आग्रह किया था, जिसके लिए भारी भरकम राशि अदा की गई थी, लेकिन नैक टीम ने दोबारा निरीक्षण करने से इंकार कर दिया है। नैक की टीम द्वारा महाविद्यालय में इंफ्रास्क्चर, शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान, अवसंरचना, लैब, लाइब्रेरी, छात्र सेवाएं, खेल गतिविधियां, अन्य गतिविधियों का निरीक्षण किया था।

**हिमाचली धाम का स्वाद भी नैक पीयर की टीम को नहीं रिझा पाई**

नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल की टीम द्वारा महाविद्यालय में आयोजित गतिविधियों की सराहना की थी, लेकिन ग्रेडिंग गिरने से महाविद्यालय को रूसा के तहत मिलने वाली ग्रांट कम हो जाएगी।

## बड़सर विधानसभा का सारा सरकारी तंत्र चल रहा डेपुटेशन के सहारे : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यक्तिगत द्वेष की भावना के चलते कार्य कर रही है। कांग्रेस अगर बड़सर का चुनाव हार गई है तो इसमें जनता का क्या कसूर हैं। जनता ने तो कांग्रेस को भी वोट दिए हैं, लेकिन अब वे लोग भी पछतावे में हैं। मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत व राजनितिक द्वेष छोड़ जनता के हित पर ध्यान देना चाहिए। बड़सर के उपचुनावों के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा था कि बड़सर का विधायक भी मैं ही हूं और मुख्यमंत्री भी मैं ही हूं, लेकिन बड़सर में 4 महीने से बीडीओ की नियुक्ति नहीं कर पाए।



इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि प्रदेश की सत्ता में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर आई कांग्रेस सरकार के समय में ऐसा व्यवस्था परिवर्तन हुआ है कि पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़ गए हैं। विकास खंड बिझड़ी में पिछले कई महीनों से पंचायतों में विकास की गाथा लिखने बाले अधिकारियों के पद खाली पड़े हुए हैं। आलम यह हो चुका है कि लोगों को छोटे-मोटे कामों के लिए परेशान होना पड़ रहा हैं, वहीं दूसरी तरफ पर्याप्त स्टॉफ के आभाव में विकास कार्य थम गए हैं।

**बोले-प्रदेश सरकार व्यक्तिगत द्वेष की भावना के चलते कर रही कार्य**

ऐसा लगता है कि उपचुनावों के बाद बड़सर की जनता की आवाज को सुनने वाला कोई नहीं है। बड़सर विधानसभा का सारा सरकारी तंत्र डेपुटेशन के सहारे चल रहा है। हालांकि बिझड़ी बीडीओ कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार नादौन के विकास खंड अधिकारी को सौंपा गया हैं, लेकिन उन्हें भी दो-दो विकास खंडों की जिम्मेदारी संभालना अब टेढ़ी खीर साबित होने लगा है। (अनंत ज्ञान)

## सुजानपुर में माफिया फल फूल रहा : ठाकुर





**सुजानपुर।** सुजानपुर ब्लॉक समिति के पूर्व उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर और बीडीसी के पूर्व सदस्य व पूर्व प्रधान जोगिंद्र ठाकुर ने कहा है कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में तबादला माफिया बेलगाम हो गया है और चुन-चुनकर सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाया जा रहा है। इन नेताओं ने तंज कसते हुए कहा है कि सुजानपुर में उपचुनाव के बाद सत्ता की गाड़ी में ड्राइवर की सीट पर कोई बैठा है, स्टेरिंग किसी के हाथ में है और रिमोट कंट्रोल से गाड़ी कोई तीसरा ही चला रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसी अव्यवस्था सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में पहले कभी नहीं देखी गई। जिन लोगों के हाथ में नई-नई सत्ता आई है, वे जनता से किए वयदे पूरे करने की बजाय तबादलों का चाबुक चला रहे हैं और तबादला उद्योग बड़ी मजबूती से फल-फूल रहा है।

## पार्किंग की समस्या से जूझ रहा हमीरपुर शहर

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर में पार्किंग की समस्या से जूझता शहर हालांकि नगर परिषद और प्रशासन के सहयोग से इस समस्या का निवारण करने का प्रयास समय-समय पर किया जाता रहा है, लेकिन आज भी कई मौकों पर ऐसे हालात बन जाते हैं कि जब वाहन चालकों को पार्किंग के लिए जगह नहीं मिलती।

**पार्किंग संचालकों की मनमानी :** आज मनमानी के इस खेल का आलम ऐसा हो चुका है कि प्राइवेट पार्किंग संचालक समय की नजाकत को देखते हुए अपने-अपने हिसाब से पार्किंग फीस की वसूली कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है, जो कि बाहरी जिलों या फिर जिले के अन्य हिस्सों से यहां मुख्यालय में अपने काम के सिलसिले में या फिर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपचार करवाने के लिए आते हैं। प्राइवेट पार्किंग स्थलों के हालात ऐसे हैं कि यहां तैनात किए कर्मचारी अपने-अपने हिसाब से फीस की वसूली करते हैं। जबकि पार्किंग की हालत इतनी खस्ता है कि कई बार गाड़ियों को पार्क करते वक्त या आगे पीछे करते समय गाड़ी का सरफेस नीचे लग जाता है।



हमीरपुर शहर में पार्किंग के एक रेट न होने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

**पार्किंग के मनचाहे रेट से परेशान पब्लिक**

वहीं, शहर के लोगों सहित बाहर से आने वाले आगंतुकों की भी मांग है कि प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पार्किंग के रेट तय करे और बकायदा सबको हिदायत दी जाए कि वे पार्किंग स्थलों के एंट्रास पर रेट लिस्ट लगाएं कि किसी वाहन का कितना चार्ज होगा और कितने समय गाड़ी खड़ी करने की कितनी फीस लगेगी। मौजूदा समय शहर की पार्किंगों पर नजर डालें तो एक दर्जन से अधिक पार्किंग स्थल यहां हैं। इनमें जो तीन-चार नगर परिषद के अधीन हैं उनमें तो पार्किंग फीस एक समान है, जबकि बाकी अपने-अपने हिसाब से उगाही में लगे हुए हैं।

> पार्किंग फीस फिक्स की जाएगी और शहर में इस तरह सबके अपने-अपने रेट तो नहीं चलेंगे। पार्किंग की समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा।
> **अजमेर सिंह ठाकुर, नप कार्यकारी अधिकारी**

## संबंधित जिले में ही करवाई जाए टीजीटी इंडक्शन ट्रेनिंग : संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश शिक्षा विभाग नवनियुक्त टीजीटी को उसी जिले की डाईट में इंडक्शन ट्रेनिंग दिलवाए, जिसमें उनका चयन हुआ है। इस समय संकाय अनुसार टीजीटी आर्ट्स, मेडिकल और नॉन मेडिकल को इंडक्शन ट्रेनिंग हेतु अन्य जिलों के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डाइट में भेजा जा रहा है, जिससे बरसात के मौसम में भारी असुविधा का सामना नवनियुक्त शिक्षकों को करना पड़ रहा है, ऐसे में एससीईआरटी इस ट्रेनिंग में टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल और टीजीटी नॉन मेडिकल को संबंधित जिले में ही ट्रेनिंग देने का प्रबंध करें तो सबके लिए सुविधाजनक होगा।

यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षा विभाग से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि 900 टीजीटी की प्रमोशन लिस्ट जून 2023 में जारी होनी थी, उसको शिक्षा विभाग अभी तक जारी नहीं कर पाया है। एक साल से प्रमोशन की राह देखते कई टीजीटी रिटायर भी हो गए। अब एक माह के भीतर यह प्रमोशन सूची जारी की जाए।

**शीघ्र जारी करें टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति सूची**

टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, स्टेट डेलीगेट्स रविंद्र गुलेरिया, संजय ठाकुर, सोहन सिंगटा, सुरेश कुमार, रणवीर तोमर, संजय वर्मा, विजेश अत्री, विजय बरवाल, सुभाष भारती, राकेश चौधरी, पवन धीमान, कुलबीर सिंह, रिग्जिन संदप, यशपाल सिंह आदि ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री को टीजीटी शिक्षकों की एक साल से लंबित पदोन्नति सूची निकालने हेतु आग्रह पत्र भेजा है। प्रमोशन लिस्ट में एक साल विलंब करने से शिक्षक नाराज हैं। संघ ने कहा कि हर बार ही टीजीटी वर्ग की प्रमोशन के साथ ऐसा विलंब हो जाता है, जिसके चलते यह वर्ग शोषित हो रहा है।

## कम वोल्टेज : भोरंज क्षेत्र की पेयजल योजना की मोटरें हांफी

### भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 95 से अधिक गांवों में दो सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे लोग

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र को पानी पहुंचाने वाली दोनों पेयजल योजनओं में बिजली वोल्टेज की समस्या से पानी की मोटरें सुचारु रूप से न चलने की वजह से भोरंज में पानी का गंभीर संकट बना हुआ है। जल शक्ति विभाग की अधिकारियों का कहना है कि जब से दोनों पेयजल याजनाओं को शुरू किया गया है, उसी समय से कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कम विद्युत लोड होने की बजह से जल शक्ति विभाग की सभी मोटरें न चलने से पानी की कमी हो रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों का भुगतना पड़ रहा है।

सोचने की बात है अगर लोगों को बरसात के मौसम में भी पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा हो तो इससे गंभीर समस्या क्या हो सकती है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में इस समय दो बड़ी पेयजल योजनाएं लगवालती और बमसन पेयजल योजनाएं है, जो पानी सप्लाई करती हैं परन्तु इन दोनों में बिजली वोल्टेज की समस्या रहने से जितना पानी लिफ्ट करना होता है, उतना नहीं होता है।



**ग्रामीणों को जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली का भुगतना पड़ रहा खामियाजा**

बिजली लोड की समस्या से दोनों ही पेयजल योजनाओं की सभी पानी की मोटरें नहीं चलतीं। इसके अतिरिक्त टौणी देवी में भी कम वोल्टेज होने से अवाहदेवी पेयजल योजना में पानी छोड़ने के लिए चार मोटरें जल शक्ति विभाग के द्वारा लगाई गई हैं। संगरोह में दो मोटरें पानी की सप्लाई के लिए लगाई गई हैं, परन्तु जलशक्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कम वोल्टेज की समस्या की वजह से तीन ही मोटरें चलाई जाती हैं और तीन कम वोल्टेज की वजह से बंद रखनी पड़ रही हैं। इस समय अमरोह से लेकर पल्ली गांवों तक पानी की समस्या गंभीर रूप धारण किए हुए है।

दो सप्ताह से पानी की सप्लाई सुचारु न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों में मनोहर लाल, अशोक कुमार, देशराज, रत्न चन्द, उमेश कुमार, सरोज देवी, कमलेश शर्मा, अशोक कुमार, कमल कुमार, प्रदीप कुमार, संत राम, हंस राज, मथरादास ने बताया कि बरसात के मौसम में भी पानी की समस्या है। लोगों ने विधायक सुरेश कुमार से मांग की है कि पानी की समस्या का समाधान किया जाए।

भोरंज के सहायक अभियंता आशीष देव ने बताया कि लगवालती और बमसन पेयजल योजनाओं व टौणी देवी व संगरोह में लगातार कम वोल्टेज की समस्या के चलते पानी की कमी हो रही है। इस बारे में बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की है। उन्होंने इसका समाधान करने का आश्वासन दिया है परंतु बिजली विभाग के द्वारा कम वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं किया है।

टौणी देवी बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने बताया कि सोमवार से कोई भी कम वोल्टेज की समस्या नहीं है। अणु हमीरपुर की सप्लाई को सुचारु कर दिया है जिसकी वजह से कम वोल्टेज की समस्या नहीं रही है। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में संपन्न हुई तीन दिवसीय खंड स्तरीय प्रतियोगिता

# बैडमिंटन में बाहन्वीं स्कूल ने शांति निकेतन भरेड़ी को हराकर जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

मुंख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में तीन दिवसीय अंडर-14 वर्ग में लड़कों की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हुई। समापन समारोह में मुख्यातिथि कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार शिक्षा के साथ खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है ताकि खिलाड़ियों को पढाई के साथ खेलकूद की सुविधा मिल सकें।



मुख्यातिथि रामचंद्र पठानिया विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए।

खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी खेल में मेजबान मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के खिलाड़ियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर को 32-26 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। इसी तरह वॉलीबाल खेल के फाइनल मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडैहर ने राजकीय उच्च पाठशाला को पराजित किया।

बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहन्वीं ने शांति निकेतन पब्लिक स्कूल भरेड़ी को पराजित करके प्रथम स्थान हासिल किया। खो-खो के खेल में हिम गुरुकुल पब्लिक स्कूल लदरौर विजेता व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर उपविजेता रहा। चैस की प्रतियोगिता में अर्शित कश्यप विनायका पब्लिक स्कूल लदरौर प्रथम, अर्पित धीमान हाई स्कूल नगरोटा गाजियां दूसरे, रोबिन शांति निकेतन पब्लिक स्कूल भरेडी तीसरे स्थान पर रहा। इस दौरान भोरंज स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, कांग्रेस नेता प्रकाश चैधरी खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समंवयक अशोक शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुषमा देवी,स्कूल स्टॉफ व शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहा।

## तीन दिवसीय अंडर-14 खेल प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बिझड़ी के विभिन्न स्कूलों के अंडर -14 लड़कों की खेल प्रतियोगिता का समापन बड़सर विधानसभा क्षेत्र से अभी हाल में हुए उपचुनावों में रहे कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व जिला पार्षद सुभाष ढटवालिया की अगुवाई में हुआ। तीन दिन तक चली बिझड़ी के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में इस प्रतियोगिता में 53 सरकारी और निजी स्कूलों के 540 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि सुभाष ढटवालिया

समापन समारोह में स्थानीय स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यतिथि सुभाष ढटवालिया ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से खुश होकर कलाकारों को पांच हजार का नकद ईनाम भी दिया। स्कूल प्रधानाचार्य और खेलों के आयोजक देवेंद्र कुमार ने तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता की संपूर्ण प्रक्रिया से मुख्यतिथि को अबगत करवाते हुए स्कूल के सभी स्टॉफ और एन.एस.एस.तथा एन.सी.सी.के स्वयं सेवकों तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कमेटियों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैली जजरी की टीम विजेता रही। बैडमिंटन में प्रदेश पब्लिक स्कूल बणी विजेता रहा। वॉलीबाल में सनराइज पब्लिक स्कूल सोहारी की टीम प्रथम रही। कबड्डी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बड़सर प्रथम रहा इसी क्रम में चैस प्रतियोगिता में पैरवीं का नमन पहले स्थान पर रहा। मुख्यतिथि ने सभी विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## हमीरपुर मंडल में 250 हेक्टेयर भूमि पर होगा पौधरोपण : सुरेश कुमार

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

75वां मंडल स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने अग्घार वन परिक्षेत्र के बाबा बालक नाथ बुंग्गा मंदिर के नजदीक अमरोह में पौधरोपण करके किया। इस दौरान भोरंज विधायक सुरेश कुमार का जिला वन अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश में खाली पड़ी भूमि पर 9000 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। हमीरपुर वन मंडल में इस बार करीब 250 हेक्टेयर खाली पड़ी भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के साथ उनकी नियमित देखभान करना केवल वन विभाग के कर्मचारियों को कार्य नहीं बल्कि आम लोगों की भी जिम्मेदारी है। विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र में डेढ् वर्ष में हुए विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान बुंग्गा मंदिर में पास हरड़, भेड़ा, आंबला व जामूल के करीब 27 पौधे लगाए गए। (अनंत ज्ञान)



पौधरोपण करते हुए भोरंज के विधायक सुरेश कुमार व वन विभाग के अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### कुगती में मोबाइल सिग्नल न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के कुगती में मोबाइल टावर लगने के बाद भी लोगों की फोन पर बात नहीं हो पाती है। यहां पर मोबाइल का सिग्नल बहुत ही कमजोर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है यहां पर हर साल लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध कार्तिक स्वामी मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं, लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है। हालांकि, कंपनी ने यहां पर एक टावर लगाया भी है जिसे केवल 40 फोन ही चल पाते हैं। स्थानीय निवासी शिशु कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार आदि का कहना है कि सिग्नल बहुत ही कम होने के चलते यहां पर लोगों की एक-दूसरे से बात नहीं कर पाते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या से लोगों को निजात दिलाई जाए।

### परियोजना अधिकारी-डीआरडीए का नाम बदला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला स्तर के कार्यालय परियोजना अधिकारी-डीआरडीए को प्रदेश सरकार द्वारा नया नाम जिला विकास अधिकारी दिया गया है। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी चंबा ओम प्रकाश ने दी है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव द्वारा इस संबंध में 26 जुलाई को अधिसूचना जारी की गई है, जिसके पश्चात जिला विकास अधिकारी चंबा द्वारा उपायुक्त चंबा सहित सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों तथा अन्य जिला स्तर के सभी कार्यालय प्रमुखों को 2 अगस्त को जारी पत्र द्वारा सूचित कर दिया गया है।

### पवन ने दूसरी बार संभाली सलूणी व्यापार मंडल की कमान

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** उपमंडल सलूणी के व्यापार मंडल सलूणी में पवन ठाकुर को दूसरी बार सर्वसमिति से प्रधान चुना गया। वहीं, वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप ठाकुर, उपप्रधान रविंद्र कुमार, महासचिव मदन ठाकुर, सचिव मनोज ठाकुर,कोषाध्यक्ष दलीप राणा, कार्यकारणी सदस्यों में परविंद्र, नवीन ठाकुर, सुभाष ठाकुर, अजय कुमार, भुवनेश कुमार, मोहित ठाकुर सहित कई व्यापारी वर्ग मौजूद रहे।

### दशहरे के दिन होगा रैडक्रॉस का लकी ड्रॉ



**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंबा ने बताया कि गत 5 अगस्त को आयोजित किए जाने वाला रैडक्रॉस लकी ड्रा जो कि प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया था उसकी आगामी तिथि 12 अक्तूबर 2024 को दशहरे के दिन निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि रैडक्रॉस से संबंधित लकी ड्रा के कूपनों की बिक्री अगली अवधि तक जारी रहेगी। उपायुक्त चंबा ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रैडक्रॉस के लकी ड्रॉ से संबंधित कूपन की खरीददारी करके रेड क्रॉस में अपना योगदान दें।

### डायग्नोसिस और कीमोथेरेपी अति शीघ्र



**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** जोनल अस्पताल में शीघ्र ही कैंसर का इलाज आरंभ हो जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस स्वास्थ्य संस्थान के डॉक्टर पुनीत मल्होत्रा कैंसर के विशेषज्ञों में से एक डॉ. दिनेश पंधेरकर से ट्रेंड होकर लौटे हैं। यहां ऐसी सुविधा न होने से मंडी से अधिकांश लोग आईजीएमसी शिमला में जाने को मजबूर हैं, जहां पर उन्हें यह इलाज काफी महंगा पड़ता है। कीमोथेरेपी की बात करें, तो एक इंजेक्शन 30 से 35 हजार रुपए का है कहीं पर डॉक्टर पेशेंट को महीने में दो बार भी कीमोथेरेपी के लिए बुलाते हैं। ऐसे में महंगा ट्रीटमेंट गरीब आदमी के लिए चला पाना सबसे मुश्किल है। वहीं वैसे हिमाचल सरकार ने कैंसर की लगभग 40 दवाइयों को मुक्त कर दिया है। इसमें लगभग 40 हजार रुपए का ट्रैस्टुजुमब टीका कैंसर पीड़ित पेशेंट को लगता है, वह भी मुफ्त कर दिया है।

### आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस पर किया पौधरोपण



**नेरचौक।** महिला पतंजलि योग समिति हिमाचल प्रदेश की ओर से योगाचार्य व वर्तमान युग के धनवंतरी आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस को पौधरोपण कर मनाया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश की राज्य प्रभारी देवकी शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य शोभा शर्मा, जिला प्रभारी सुनीता ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने तहसील बल्ह की पंचायत मांडल में औषधीय पौधों का रोपण व वितरण किया। इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की योग शिक्षिका उर्मिला शर्मा व समिति की बहनें सीता, सपना, प्रोमिला और युवती प्रभारी अपूर्वा भी शामिल रहीं।

# मणिमहेश यात्रा को 20 दिन शेष नहीं सुधारी सड़कों की हालत

## बग्गा से लेकर खड़ामुख मार्ग पर गड्ढों की भरमार दे रही बड़े हादसे को न्योता

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



खस्ताहाल सड़क के गुजरते वाहन। विभाग की लापरवाही से यहां हो चुके हैं कई हादसे।

उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा को 20 दिन शेष हैं, लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया अभी तक इस सड़क की दशा नहीं सुधर पाया है। बग्गा से लेकर भरमौर तक जगह-जगह पर रेत-बजरी व पत्थर के बड़े-बड़े ढेर विभाग द्वारा लगाए गए हैं जो हर वक्त हादसों को न्योता दे रहे हैं।

विभाग की लापरवाही के कारण अब तक दर्जनों दोपहिया वाहन इस सड़क में दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। हालांकि, निचले क्षेत्रों में गर्मी होने के चलते पहाड़ी क्षेत्र की ओर देश-विदेश से पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है, लेकिन यहां पर एनएच विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली पर सभी पर्यटक व लोग कई सवालियां निशान उठा रहे हैं। हालांकि, यहां पर जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने मणिमहेश तैयारी को लेकर विभाग को जल्द से जल्द सड़क की दशा ठीक करने के निर्देश दिए थे।

हालांकि, सड़क की दशा को लेकर शिमला में भी मीटिंग हो चुकी है। मणिमहेश की तैयारी को लेकर भरमौर में हुई मीटिंग में भी एनएच विभाग को प्रशासन ने रोड की दशा सुधारने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके अभी तक विभाग इस सड़क की मरम्मत नहीं कर पाया है। जगह-जगह कच्ची सड़क वह उड़ती धूल आम वाहन चालकों के लिए आफत बन गई है, तो वहीं पर जगह-जगह फेंकी की रेत-बजरी व पत्थर यहां पर दुर्घटना का कारण बनते जा रहे हैं।

# भरमौर में एक ही अधिकारी के हवाले कई विभागों का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर में लगभग सभी विभागों में स्टाफ की कमी चल रही है जिस कारण यहां के विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। यहां तक कि सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन के मुखिया एडीएम का पद पिछले कई महीनों से खाली है तो अन्य विभागों की क्या हालत होगी। यही कारण है कि वर्तमान समय में भरमौर के एसडीएम के हवाले ही यह कार्यभार चल रहा है।

यही नहीं पिछले कई महीनों से रिक्त चल रहे खंड विकास अधिकारी का कार्यभार भी एसडीएम ही देख रहे हैं। गत फरवरी में यहां से खंड विकास अधिकारी का तबादला हो गया था जिसके बाद अभी तक सरकार द्वारा यह पद नहीं भरा गया है। इसके अतिरिक्त एसडीएम भरमौर के पास अन्य कई विभागों के भी कार्यभार हैं, जिसमे उच्च शिक्षा, पर्वतारोहण संस्थान, खाद्य एवं आपूर्ति, कराधान तथा सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन के तहत वे सभी विभाग जो यहां कार्यरत हैं। एक ही अधिकारी के पास इतने अधिक विभागों का भार होने के कारण कार्य की अधिकता बहुत ज्यादा है।

विकास खंड जैसे अति-महत्वपूर्ण विभाग में खंड विकास अधिकारी न होने के कारण यहां पर पंचायत के विकास कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। खंड विकास अधिकारी का पद पिछले 6 महीने से खाली चलने के कारण यहां पर पंचायत के विकास कार्यों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जिस कारण पंचायत में विकास कार्य भी ठप गए हैं। एक ही अधिकारी के पास बहुत अधिक विभागों का अतिरिक्त कार्यभार होने के चलते विकास कार्य पर भी इसका असर पड़ रहा है।

इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र भरमौर में दूसरे विभाग, जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति विभाग पशुपालन, विभाग कृषि विभाग सहित कई दूसरे विभागों में भी स्टाफ की भारी कमी चल रही है। जिसके कारण सरकारी कामकाज काफी प्रभावित हो रहा है जिसके कारण लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## लूणा पुल में सार्वजनिक शौचालय न होने लोग परेशान

**भरमौर।** लूणापुल में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण यहां पर हर रोज यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि भरमौर के लूणा पुल में हर रोज सैकड़ों यात्री आते-जाते हैं, लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण लोगों को शौचालय के लिए दर-दर भड़कना पड़ता है। स्वच्छता अभियान की पोल भी यहां पर खुलकर सामने आ रही है। यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने से खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने यहां कई बार प्रशासन व सरकार से सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग की है, लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। लिहाजा शौचालय न होने के कारण लोगों को मजबूरन खुले में शौच करने पर विवश होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी पांजाराम, सनी कुमार, महंदो राम, पूर्ण चंद आदि का कहना है कि यहां पर शौचालय न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर सार्वजनिक शौचालय बनाया जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# लंगर समितियां रखें स्वच्छता का ध्यान : एडीएम

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर में आयोजित लंगर समितियों की बैठक करते हुए एडीएम भरमौर कुलवीर राणा।

भरमौर में मणिमहेश यात्रा की लंगर समितियों एवं प्रशासन की आयोजित एक बैठक में एडीएम भरमौर कुलवीर राणा ने कहा कि इस धार्मिक यात्रा के हर पड़ाव पर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा हिमाचल प्रदेश की विभिन्न लंगर समितियां लंगर लगाती हैं। लंगर समितियां सेवा के साथ-साथ स्वच्छता अभियान में भी अपना बहुमूल्य सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि सभी लंगर समितियां अपने आसपास शौचालयों की व्यवस्था करें तथा साइन बोर्ड लगाएं। व्यर्थ पदार्थों, खाद्य सामग्री गड्ढों में डालें। सूखा व गीला कचरा अलग-अलग रखने के प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक रैपर वाली कोई भी खाद्य वस्तु वितरित न करें। उन्होंने समितियों से आग्रह किया कि वे स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर काम करें तथा लाउड स्पीकर का इस्तेमाल भी कम से कम करें।

कुलवीर राणा ने कहा कि इस बार सफाई कर्मचारियों की संख्या 72 से बढ़कर 94 कर दी गई है। एनडीएफ की टीमें हड़सर, धन छो, गौरीकुंड तथा डल झील पर तैनात रहेंगी। इसके अतिरिक्त एसडीआर एफ हड़सर तथा धन छो में रहेंगी। बैठक में लंगर समितियों ने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि कुछ लंगर समितियां प्रशासन से लंगर लगाने की अनुमति मांगते समय लिखते हैं कि अमुक तिथि से लेकर प्रभु इच्छा तक लंगर लगाने की अनुमति दी जाए।

उन्होंने कहा कि ऐसी समितियों को कम से कम दस दिनों तक लंगर लगाने की अनुमति अनिवार्य की जाए तथा उन पर नजर भी रखी जाए कि वे लोगों को क्या क्या खिलाते हैं।

## कर्मचारियों का डीए और पे एरियर का शीघ्र भुगतान करे सरकार : नरेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार से डीए की बकाया तीन किस्त, बकाया एरियर सहित छठे पे कमीशन के एरियर को जारी करने की मांग की है। महासंघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखते हुए सभी देय एरियर का भुगतान शीघ्र करना चाहिए। देय राशि का भुगतान न किए जाने पर नाराज पेंशनर और कर्मचारी उच्च न्यायालय में इस मामले को ले जाने का मन बना रहे हैं। नरेश ने सरकार से 4-9-14 की इंक्रीमेंट को भी जारी करने की सरकार से मांग की है, जिसे नए-पे स्केल मिलने के बाद बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का प्रदेश अधिवेशन एक सितंबर को धर्मशाला में होगा, जिसमें प्रदेशभर से 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अधिवेशन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की मांगों के लिए मांग पत्र तैयार किया जाएगा और राज्य सरकार से मांगों को मनवाने बारे रूपरेखा तैयार की जाएगी। महासंघ की प्रमुख मांग है कि सरकार के अधीन आने वाले सभी निगमों और बिजली बोर्ड सहित अन्य बोर्डों व निगमों के कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए तथा अनुबंध कर्मचारियों को पूर्व की भांति वर्ष में दो बार नियमित किया जाए।

## सतलुज दरिया में मिला लापता बालक का शव

**ऊना।** ऊना जिले के भटोली गांव से लापता हुए 13 वर्षीय अभिजोत का शव सात दिन बाद नंगल के गांव गोहलणी से हो कर गुजर रहे सतलुज दरिया से मिला है। बच्चे के शव को गौताखोर कमलप्रीत सैनी की टीम ने बरामद किया। सूचना मिलने के बाद मैहतपुर की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक 13 वर्षीय अभिजोत भटोली से 31 जुलाई को संदिग्ध हालात में लापता हो गया था। उसी रात बालक की साइकिल व चप्पल नंगल डैम पुल से बरामद हुए थे। इसके बाद एक अगस्त से अभीजोत को तलाश करने के लिए गोताखोर कमलप्रीत की टीम सतलुज सर्च अभियान चलाए हुए थे।

# 10 बच्चे स्पॉन्सरशिप योजना के लिए चयनित



त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज मिशन वात्सल्य के तहत प्रायोजन और पालन-पोषण देखभाल अनुमोदन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चयनित 10 पात्र बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने की स्वीकृति प्रदान की।

मुकेश रेपसवाल ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में 72 हजार से कम तथा शहरी क्षेत्रों में 96 हजार रूपयों से कम वार्षिक आय अर्जित करने वाली विधवा महिलाओं, निराश्रित बच्चों तथा गंभीर बीमारियों से ग्रसित अभिभावकों के बच्चों को भी इस योजना का हिस्सा बनाए जाने को निर्देशित किया। साथ में उन्होंने मिशन वात्सल्य के तहत प्रचार-प्रसार को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी ने अवगत किया कि वर्तमान में मिशन वात्सल्य के तहत ज़िला में 41 बच्चों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

साथ में उन्होंने यह भी बताया कि फोस्टर केयर के तहत 6 लड़के-लड़कियां तथा स्पॉन्सरशिप के तहत18 लड़के व 17 लड़कियों को मिलाकर कुल 35 बच्चों को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

बैठक में जिला कार्यक्रम एवं बाल संरक्षण अधिकारी राकेश कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी रिंकू शर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी संस्थागत देख-रेख अजय कुमार, बाल कल्याण समिति सदस्य निशा कुमारी , एजुकेशन सोसाइटी चंबा से चमन कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता निशांत कुमार व डाटा एनालिस्ट धर्मेंद्र शर्मा उपस्थिति रहे।

# पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन सुविधा दोबारा होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में पूर्व सैनिक लीग के सदस्यों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आज एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला चंबा से संबंधित विभिन्न पूर्व सैनिक लीग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया।

उपायुक्त ने पूर्व सैनिकों को जिला मुख्यालय में सीएसडी कैंटीन तथा ईसीएचएस की सुविधा दोबारा शुरू करने को लेकर उपनिदेशक सैनिक कल्याण को मामला उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुकेश रेपसवाल ने पूर्व सैनिक लीग के सदस्यों की मांग पर लीग द्वारा कैंटीन सुविधा आरंभ करने को लेकर भूमि उपलब्ध करवाने के आग्रह पर विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण कर मामला प्रेषित करने को कहा।

उन्होंने ज़िला रोजगार अधिकारी को पूर्व सैनिकों के निर्धारित कोटे से भरी जाने वाली विभिन्न विभिन्न रिक्तियों के पोस्ट कोड की सूची उपनिदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि उपनिदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय तथा पूर्व सैनिक लीग के सदस्यों द्वारा सभी सेवानिवृत सैनिकों को पूर्व सैनिक लीग में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए ताकि उन्हें भी विभिन्न योजनाओं से लाभ मिल सके। उपायुक्त ने पूर्व सैनिक लीग के सदस्यों की मांग पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा तथा सैनिक विश्रामगृह चुवाड़ी के परिसर के सामने स्थानीय लोगों द्वारा वाहनों की पार्किंग से हो समस्याओं का जल्द समाधान करने की बात कही।



**सूडोकु 0019** — ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0018 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

**7 अगस्त, 2024, बुधवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** तृतीयः (10:08) **: नक्षत्र :** पूर्वा फाल्गुनी (8:31), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** परिघ (11:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित कोई नहीं, **राहुकाल** (12:26 -02:06) ।

**विशेष दिन**

- 7 अगस्त 2024 : हरियाली तीज आज।
- 8 अगस्त 2024 : बूढ़ी तीज का मेला कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** आज सुबह से ही किसी नई सोच को लेकर आपके अंदर नई शक्ति और उर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभः** आपका आज का दिन व्यस्ततापूर्वक बीतेगा। सभी अधूरे कार्य पूर्ण होने का योग है। व्यवसाय में सफलता मिलेगी।

**मिथुनः** आज भाग्य का साथ पाएंगे तो सभी कार्य बनते जाएंगे। उपाय करके ही कार्य की शुरुआत करें, तभी बाधाएं दूर करने में सफल रहेंगे।

**कर्क:** आज वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। आज बिना सोच-विचार के कोई कार्य न करें।

**सिंहः** आज आपको आपके जीवनसाथी और प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा, उनकी राय पर ध्यान दें।

**कन्याः** आज विरोधियों की आलोचना के प्रति ध्यान न दें। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी, शुभ सूचना प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुलाः** आज आपकी योग्यता के अनुसार मान-सम्मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुख की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिकः** आज आपकी मानसिक प्रवृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध एवं आवेश से बचें। वाणी पर संयम रखें, वाद-विवाद से बचें।

**धनु :** आज का दिन शुभ रहेगा। आप आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात यादगार रहेगी।

**मकरः** अचानक धन लाभ के योग हैं। आज कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट शुरू करना लाभदायक रहेगा। मौके बार-बार आपके दरवाजे पर दस्तक नहीं देंगे।

**कुंभः** आज सोचा हुआ कार्य पूर्ण होगा। आज कार्य सिद्धि का दिन है। मन और चित्त दोनों से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

**मीनः** आज धन के अपव्यय का योग है, किसी को उधार न दें। यात्रा करने से परहेज करें, मानसिक तनाव से बचें।

## पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन 9 अगस्त तक

**मंडी।** जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी, मंडी दीप्ति वैद्य ने बताया कि हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा कला, साहित्य, शिक्षा, खेल व समाज सेवा में असाधारण व प्रतिष्ठित सेवा के लिए पद्म पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया जाता है, जिनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्मश्री, सर्वोच्च नागरिक सम्मान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में जिला के विभिन्न खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों से वर्ष 2025 के पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो कि उनके कार्यालय में 9 अगस्त तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा खिलाड़ी अपने आवेदन पत्र के साथ संबंधित खेल के क्षेत्र में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए अधिकतम 800 शब्दों के विवरण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

**हेल्थ** — बच्चों को एल्बेंडाजोल तथा विटामिन-ए की खिलाई जाएंगी दवाइयां

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का प्रथम चरण 9 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, चंबा**



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर बैठक करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 9 अगस्त को जिला में प्रथम चरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी शिक्षण संस्थानों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को एल्बेंडाजोल तथा विटामिन-ए की दवाइयां खिलाई जाएगी।

वे आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे ।

मुकेश रेपसवाल ने कृमि मुक्ति दिवस को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त को अभियान के तहत मोप अप राउंड का आयोजन भी किया जाएगा

उन्होंने अभियान के तहत विभिन्न विभागीय और संस्थाओं की भूमिका एवं उत्तरदायित्व को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए पंचायती राज संस्थाओं से ग्रामीण स्तर पर जानकारी और जागरूकता को लेकर आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को इस दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा से 9 अगस्त को सभी स्कूली विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित बनाने को भी निर्देशित किया। जिला एवं खंड स्तर पर अभियान के दौरान प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर भी उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम भारद्वाज ने बताया कि जिला में 6 से 19 वर्ष तक के 16498 बच्चों तथा युवाओं को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई जाएगी तथा 5 वर्ष की आयु तक के 48467 शिशुओं तथा किशोरों को एल्बेंडाजोल तथा विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि अभियान को लेकर खंड स्तर पर सभी आवश्यक प्रबंध व्यवस्था को पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास राकेश चौधरी सहित विभिन्न खंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

> व्यक्ति के सीधेपन का सभी फायदा उठाते हैं, इसलिए सफलता पानी है तो थोड़ा चालाकी जरूरी है। -चाणक्य

## संपादकीय

# कर्ज का बोझ

हिमाचल में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना सरकार के गले की फांस बन गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं को आवेदन जमा करने की तारीख से ही 1500 रुपए मिलेंगे। महिलाओं के लिए सरकार की ओर से दिया गया आश्वासन सुखद है, लेकिन इसकी भरपाई सरकार आखिर करेगी कैसे? सरकार को यह सवाल अंदर ही अंदर खाए जा रहा है, क्योंकि उसे अपनी आर्थिक हालत मालूम है। सरकार इस समय गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है। उसके पास सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के पैसे तक नहीं हैं। सारी व्यवस्था उधारी पर चली है। पुराना कर्ज चुकता नहीं है और नया कर्ज सरकार को मजबूरी में लेना पड़ता है। यह चेन कई सालों से ऐसे ही चली हुई है। न जाने कब यह चेन खत्म होगी। ऐसे में वह महिलाओं को हर महीने 1500-1500 रुपए भला कैसे देगी? संभव है कि सीएम सुक्खू 15 अगस्त के दिन कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की किस्त भी जारी कर दें। इस मकसद से प्रदेश सरकार 1000 करोड़ रुपए का ताजा ऋण और लेगी। 500-500 करोड़ रुपए के ऋण नौ और ग्यारह वर्ष की अवधि के लिए लिए जाएंगे। नीलामी प्रक्रिया छह अगस्त को पूरी कर ली गई है। सात अगस्त को सरकार के खाते में 1000 करोड़ रुपए आ जाएंगे।

इसके साथ ही हिमाचल पर कुल ऋण 87,589 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। हिमाचल के लिए दिसंबर 2024 तक की अवधि के लिए 6200 करोड़ रुपए की लोन लिमिट मंजूर है। 1000 करोड़ का ऋण लेने के साथ राज्य सरकार तय लिमिट में से 4,400 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। अब सितंबर से लेकर दिसंबर 2024 तक 1800 करोड़ रुपए के ऋण का ही सहारा रहेगा। हालांकि, सरकार ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आर्थिक संकट से बाहर निकलने के विकल्प तलाशने के लिए एक मंत्रिमंडलीय समिति भी बनाई है। सरकार हर साल अपने संसाधनों से कर के रूप में करीब 10,555 करोड़ रुपए और गैर करों से 2074 करोड़ रुपए जुटाती है, जो कुल मिलाकर 12,629 करोड़ रुपए बन जाता है। हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत महिलाओं को वार्षिक आर्थिक सहायता प्रदान करने से सरकार पर बहुत ज्यादा वित्तीय बोझ बढ़ जाएगा, क्योंकि सरकार को बड़ी संख्या में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करनी होगी। कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए दस गारंटियां दी थीं। महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने का वादा भी उसी गारंटी की परिपाटी है। प्रदेशभर में इस योजना को लागू करने की 13 मार्च को अधिसूचना जारी की गई थी। तब से लेकर अब तक 7.50 लाख महिलाएं आवेदन कर चुकी हैं। इस योजा के तहत 18 से 59 साल की महिलाओं को ही पात्र माना गया है। 23 करोड़ की पहली किस्त जारी हो गई है और अब दूसरी किस्त देने की तैयारी है। ऐसी लोकलुभावनी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सरकार को अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है, जो सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण रहता है।

दूसरी ओर, इस योजना से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी, जिससे वे अपने जीवन में सुधार कर सकेंगी। गरीब और वंचित महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी। महिलाओं को समाज में समानता का दर्जा मिलेगा, जिससे सामाजिक समानता में वृद्धि होगी। महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकेंगी, जिससे आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। ऐसा नहीं है कि अकेले हिमाचल ही कर्ज पर कर्ज ले रहा है, लेकिन हिमाचल ने जिस तरह से रफ्तार पकड़ी है उस हिसाब से देखा जाए तो हिमाचल पहाड़ी राज्यों से काफी आगे निकल गया है। हिमाचल पर 2024-25 तक 94992.2 करोड़ रुपए बकाया ऋण है। उत्तराखंड 89466, त्रिपुरा 26505.8, अरुणाचल प्रदेश 21654.2, मेघालय 20029.9, मणिपुर 19245.8, नगालैंड 18165.8, सिक्किम 15529.5 और मिजोरम पर 14039.3 करोड़ रुपए का ऋण बकाया है। हिमाचल सरकार को अपने खर्चे कम करने होंगे और लोन लेने पर अंकुश लगाना होगा। सरकार को चाहिए कि वह पर्यटन विकास, कृषि, बागवानी, उद्योग, हाइड्रो पावर, आईटी और आईटीईएस पर फोकस कर अपने संसाधन बढ़ाए तभी कर्ज से उबरा जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध विद्वान

वासुदेव शरण अग्रवाल भारत के प्रसिद्ध विद्वानों में से एक थे। वे भारत के इतिहास, संस्कृति, कला, साहित्य और प्राच्य विद्या आदि विषयों के विशेषज्ञ थे। वासुदेव शरण अग्रवाल 'हिंदी विश्वकोष संपादक मंडल' के प्रमुख सदस्य थे। उन्होंने मथुरा संग्रहालय (उत्तर प्रदेश) के संग्रहाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की थीं। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'पाणिनिकालीन भारतवर्ष' में भारत की संस्कृति, कला और साहित्य आदि पर प्रकाश डाला गया है। उन्हें साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया था। प्राच्य विद्या के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल का जन्म गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के 'खेड़ा' नामक गांव में हुआ था। इनकी छोटी उम्र में ही इनकी मां का देहांत हो गया था, जिस कारण दादी ने ही उनका लालन-पालन किया।



वासुदेव शरण अग्रवाल
जन्म : 7 अगस्त, 1904
मृत्यु : 26 जुलाई, 1966

जिस समय 1920 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 'भारतीय इतिहास' में प्रसिद्ध अपना 'असहयोग आंदोलन' आरंभ किया, उस समय वासुदेव शरण लखनऊ में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। साथ ही वे एक अन्य विद्वान से संस्कृत का विशेष अध्ययन भी कर रहे थे। आंदोलन के प्रभाव से उन्होंने सरकारी विद्यालय छोड़ दिया और खादी के वस्त्र धारण कर लिए। किंतु जब गांधीजी ने आंदोलन वापस ले लिया, तो उन्होंने फिर औपचारिक शिक्षा आरंभ की और 'काशी हिंदू विश्वविद्यालय' से स्नातक बन कर एमए और एलएलबी की शिक्षा के लिए लखनऊ आ गए। आगे चलकर इसी विश्वविद्यालय से पीएचडी और डीलिट की उपाधियां प्राप्त कीं। ■

## अपनी बात

देशभर में एक बार फिर आरक्षण को लेकर खासी चर्चा हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी/एसटी आरक्षण में कोटे में कोटा देने की व्यवस्था कर नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। न्यायालय ने वर्ष 2004 के अपने ही फैसले को पलटते हुए कहा है कि राज्यों को एससी/एसटी कैटेगरी में सब-क्लासिफिकेशन का अधिकार है। इसके लिए राज्य को डाटा से यह दिखाना होगा कि उस वर्ग का अपर्याप्त प्रतिनिधित्व है। कांग्रेस और भाजपा समेत किसी भी पार्टी ने इस फैसले पर अभी तक मुंह नहीं खोला है। उन्हें इस बात का इंतजार है कि दलित सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। कुल मिलाकर अब इस फैसले पर खूब राजनीति होने वाली है, क्योंकि जब देश में ओबीसी आरक्षण लागू हुआ था तो उसके बाद सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाली कई पार्टियां उठ खड़ी हुई थीं। यह भी सच है कि इससे न्याय और समानता की भावना को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि हर जाति को उसकी जरूरत के अनुसार आरक्षण मिलता है। -जगदीश चंद, जसौर (नगरोटा बगवां)

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सावन माह का लोक संस्कृति के संरक्षण में विशेष योगदान

जेठ महीने की भीषण गर्मी में पृथ्वी पर रहने वाले सभी प्राणी व्याकुल हो जाते हैं। कड़कती धूप के कारण जीव-जंतु पेड़ों की छाया या कहीं ठंडी जगह दुबक जाते हैं। वहीं गर्मी से बचाव के लिए मनुष्य कृत्रिम साधनों का सहारा लेता है। पानी के पारंपरिक प्राकृतिक जल स्रोतों में पानी की कमी होने लगती है। चारों ओर उमस का वातावरण हो जाता है। माह की समाप्ति के साथ ही आसमान में बादल छाने लगते हैं। तब छमछम बरसते सावन का आगमन होता है। अमराइयों में कोयल की मधुर आवाज कानों में मिस्री सी घोल देती है। बादलों की घनघोर घटाएं देख कर मोर मदमस्त होकर नृत्य करने लगता है। पीपल वृक्ष की मोटी टहनियों पर नवयौवनाएं पींगा (झूला) डालती है तथा लंबे हुलरों के साथ ही सावन गीत गाती हैं। यह प्रेमी-प्रेमिकाओं के मिलन का महीना है। इस महीने लोक साहित्यकार अपनी नईं रचनाएं रचते हैं। सावन में न ज्यादा गर्मी होती है और न ही ठंड। इसलिए लोग बारिस में भीगने का भी पूरा आनंद लेते हैं। अनाम कवियों ने इस महीने को लेकर अनेक गीतों की रचना कीं। जो कालांतर में लोक की अभिव्यक्ति बन गई। सावन से संबंधित एक लोक गीत में राधा कृष्ण का वर्णन मिलता है। सावन महीने के आने के साथ ही झूले डाले जाते हैं। झूले सजाए गए हैं। उसके एक पलड़े में राधा रानी झूल रही है, जबकि दूसरे पलड़े में भगवान श्रीकृष्ण हैं। इस धार्मिक गीत का वर्णन इस प्रकार से है-

'सावन आया सइयो,
सावन री अंबे आई हरयाली
चनणे व खंब, रेशमा री डोरी
एकी तां पलड़े राणी राधा
दूजे पलड़े घनश्याम
सावन आया'

दीपावली से लगभग एक पखवाड़ा पहले किशोर-किशोरियों द्वारा धुप्पू गीत गाए जाने की परंपरा है। गांव भर में उत्सव की तरह वातावरण हो जाता है। किशोर एवं किशोरियां अलग-अलग टोलियों में गांव के घर-घर में जाकर धुप्पू गीत गाकर सभी के लिए मंगलकामना करते हैं। किशोरियों द्वारा पहिया नृत्य किया जाता है। मिट्टी की मटकी में चारों ओर छेद किए जाते हैं तथा उसमें दीपक जलाया जाता है। एक किशोरी उसे सिर पर उठाकर नृत्य करती है, जबकि अन्य किशोरियां गीत गाती है। इस गीत में चटकी ओर रंगीली डोर का वर्णन मिलता है। सावन महीने में जंगल में विचरते हुए मोर चुग चुगते हैं। गीत के बोल निम्न प्रकार से हैं-



लेखक : रामलाल पाठक
गांव निहारखन बासला (चिड़की)

'चटकिए नी मटकिए रंगीली लाई डोर आया
सावन गोरिए वन चुगे मोर'

सावन का महीना आने पर रिमझिम बारिश होती है तथा छमछम पानी बरसता है। वातावरण आनंदमय हो जाता है। ऐसे में पलभर विश्राम करने को दिल करता है। नायक-नायिका से कहता है कि आओ बैठ कर आराम कर लेते हैं। साथ ही बातें भी कर लेते हैं। निम्न गीत में यह दर्शाया गया है-

'सौण महीने री बरखा लगियां
छमछम बरसे नीर
पल भर बई लैणा ओ'

सावन माह में पीपल या किसी अन्य वृक्ष में पींग (रस्सी का झूला) डाली जाती है। नायिका पींग में लंबा झुलारा लेते हुए अपने प्रियतम को याद करती है। वह कहती है कि यदि अब उसका साजन आ जाता, तो वह खूब झूला झूलती और तब तक झूलती रहती, जब तक थक नहीं जाती। गीत के बोल निम्न प्रकार से है-

'सौण महीने पींगा जे पइयां
आज आउना मेरे साजना
तां मैं झूटी-झूटी लैंदिया'

बारहमासा गीत में अन्य महीनों के साथ ही सावन महीने के गीत का वर्णन मिलता है। आषाढ़ महीने में आम पकने लगते हैं। नायिका-नायक से कहती हैं कि तुम्हें आषाढ़ महीने परदेश नहीं जाना है, चाहे सावन महीने चले जाना। आषाढ़ महीने आम पकेंगे। इसलिए हम रसीले आमों का स्वाद लेंगे। जब सावन महीना आता है, तो नायिका फिर उसे यह कह कर रोक देती है कि अब भारी बारिशें शुरू हो जाएंगी। नदी-नाले पानी से भर गए हैं। वृक्षों पर पींगा डाली गई हैं, इसलिए पींगें भी झूलेंगे, ऐसे में घर से जाना ठीक नहीं है। संबंधित एक लोकगीत-

' हाड़ नी जायो पिया जी
सौण न्यालयो, हाड़ मइने अंब पकदे
सौण नी जायो पिया जी भादों न्यालियो,
सौण महीने पींगा झुटियों'

सावन के गीतों में मिलन व बिछोह का वर्णन मिलता है। नायिका कहती है कि सावन का महीना आ गया है, यह मदमस्त महीना है, इस महीने अपने प्रियतम की बहुत याद आती है। यदि साजन साथ न हो तो मन ही नहीं मानता। गीत की बानगी इस प्रकार है-

'आया सावन महीना
सजना री याद आउंदी
याद आउंदी पल-पल मन नी रैंहंदा'

सावन महीने होने वाली मूसलाधार बारिश से नदियों-नालों में बाढ़ आ जाती है। पानी के सायं-सायं की ध्वनि से ऐसा लगता है कि प्रकृति ने अनोखे स्वरों में गीत गाना शुरू कर दिया है-

'बरसेया सौण नदियां भरने लगीं
नोखे-नोखे सुरों कन्ने गीत झड़ने लगे'

जब नदियों में बाढ़ आ जाती है। इससे उस ओर जाना मुश्किल हो जाता है। नदियों के पार कैसे जाना है। इस गीत में दर्शाया गया है-

'सौण महीना नदियां बरखा भारी
कियां जाना नदिया पार'

रोजी-रोटी कमाने के उद्देश्य से पति घाल के लिए गए हैं। पहले ऊंचे पहाड़ों में लकड़ियों का कटान होता था। उसके शहतीरों को नदियों में बहा कर मैदानों में लाया जाता था। इसके लिए कई बार महीनों लग जाते थे। लकड़ियां किनारों पर फंस जाती थी। उसे निकाल कर तेज बहाव में फिर से बहाना। कई बार तो घालू लकड़ी के शहतीरों पर बैठ कर नदी के बहाव के साथ आगे निकल जाते थे। यह बड़ा मुश्किल काम होता था। इस प्रक्रिया को घाल कहा जाता था और इस कार्य को करने वाले को घालू कहा जाता था। घालुओं को कई बार जिंदगी और मौत से भी जूझना पड़ता था-

'घालुआ मजुरा ओह तेरा डेरा दूर ओह कदी
घरें आउना बीती गया हाड़ बीती गया सौण
तू घालें नालें रुलदा, लकड़ियां ने घुलदा'

एक अन्य लोक गीत में-

'बरखा उतरियां सौणा रिया
बादला रे ओढ़े शालू
कुंड कढ़दिया धारा छैलियां'

सावन माह में रिमझिम बारिश हो रही है। काले- काले बादल उमड़ कर आसमान में अठखेलियां करते हैं। ऐसा लगता है कि पहाड़ों ने बादलों की चुनरियां ओढ़ रखी है। यह दृश्य बहुत मनमोहक हो जाता है। देखने वाले देखते ही रहते हैं।

इस तरह सावन माह का लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में विशेष योगदान है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# त्रासदी : श्मशान बन गए समेज व राजबन गांव

पल भर में सब कुछ बिखर गया। बादल फटने से बेहिसाब पानी का सैलाब व हजारों टन मलबा 42 लोगों को बहाकर ले गया। सोये हुए लोग मिट्टी में दफन हो गए, मंडी के राजवन व रामपुर के समेज दोनों गांव में बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ हैं। 112 घंटों से सर्च ऑपरेशन चला हुआ है, मगर लाशें नहीं मिल रही हैं, दोनों गांव में मातम पसरा हुआ है। पांच दिनों से चूल्हा नहीं जला है, भूखे प्यासे लोग अपनों को तलाश रहे हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल रहा है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

चीखों पुकार मची हुई है, लोग बदहवास होकर अपनों को तलाश रहे हैं, पूरे गांव में करुण क्रदंन मचा हुआ है। हर घर सुनसान है, आंखों से अविरल नीर बह रहा है, आंखे पथरा गई हैं अपनों को खोने का गम बहुत ही दु:खद होता है। किसी का सुहाग उजड़ गया, किसी का बेटा-बेटी पानी में बह गए और किसी के सिर से बाप का साया छिन गया। प्रकृति बेरहम हो गई है। ऐसी भी क्या भूल हो गईं, जो प्रकृति ने लाशों के ढेर लगा दिए। प्रकृति ने एक झटके में लाशों के अंबार लगा दिए, दफन कर दिए। श्मशान बन गए समेज व राजवन गांव जहां लोग जिंदा दफन हो गए। लाशों को ढूंढा जा रहा है।

मंडी के राजबन में कुछ लोगों की लाशें मिल रही हैं। कल मिट्टी व मलबे से जब मां व तीन महीने की बच्ची की लाशें निकली तो मन पसीज गया। मां व बेटी एक दूसरे से लिपटी हुई थी। मां ने अपनी नन्ही जान को आंचल में पकड़ा था। यह दृश्य बहुत ही रोंगटे खड़े कर देने वाला था, कि पाषाण भी पिघल जाएगा। ऐसे हादसों ने सबको तोड़ दिया है। लोग पागलों की तरह इधर-उधर दौड़ रहे हैं, कि कहीं मलबे से कोई अपना जिंदा निकल जाए, लेकिन कोई चमत्कार ही बचा सकता है। आधुनिक मशीनों व खोजी कुत्तों की मदद से मलबे में दब चुके लोगों को ढूंढा जा रहा है। समेज में अभी तक एक भी लाश नहीं मिल सकी है। वर्ष 2023 में भी पंडोह में बादल फटने से मलबे में दफन बाप-बेटे की लाशें नहीं मिल पाई थी। पांच दिनों से रात-दिन युद्ध स्तर पर लाशों को ढूंढने का काम चला हुआ है, लेकिन कामयाबी नहीं मिल रही है। सर्च टीमें जान जोखिम में डालकर कार्य कर रही हैं, लेकिन कुछ भी समझ नहीं आ रहा है। मलबे से लाशें ढूंढना बहुत ही दुष्कर कार्य है, लेकिन सभी लोग सहायता कर रहे हैं कि कोई जिंदा निकल जाए। बादल फटने की घटनाएं अभिशाप बन गई हैं। ऐसी त्रासदियों को कोई नहीं रोक सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### पराणा टैम

राकेश, 'रूखसार'
केसीसी बैंक, थुरल

*कुथु गया सैह पराणा टैम।*
*मिलदा नी हुण मरीजाणा टैम।*
*छोटे थे ता खूब कमांदे थे।*
*खेली कूदी स्कूल्ले जांदे थे।*
*संज भ्यागा गप्पां मारी ने।*
*फोलनियां भी पांदे थे।*
*कियां करी सेह भलाणा टैम।*
*कुथु गया सेह पराणा टैम।*
*साहब छुट्टी नी दिंदा ओ अज*
*गीत भी पुराणा रीत भी पुराणी।*
*हुण साहब्यो छुट्टी नी मिल्दी।*
*एह है अज कला दी कहाणी।*
*घरयो नी दिंदा हुण जाणा टैम।*
*कुथु गया सेह पराणा टैम।*
*खेल पराणे हुण कुथी नी मिल्दे।*
*हसदे स्याणे हुण कुथी नी मिल्दे।*
*खेलदे थे न्याणे सेह धयाड़े मुकी गै।*
*मोबाइले कन्ने सुख सारे सुकी गै।*
*फोने सौग्गी हुण मकाणा टैम।*
*कुथु गया सेह पराणा टैम।*

# हिमाचल प्रदेश में हथकरघा उद्योग की अपार संभावनाएं

**हथकरघा दिवस पर विशेष**

वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे हैं, हिमाचल हथकरघा उत्पाद हिमाचल प्रदेश के बुनकरों ने हथकरघा के अपने पारंपरिक कौशल से देश-विदेश में राज्य का नाम रोशन किया है। हथकरघा उद्योग क्षेत्र में प्रदेश की कढ़ाई वाली कुल्लवी तथा किन्नौरी शॉल ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी एक अलग पहचान कायम की है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1905 में आरंभ स्वदेशी आंदोलन की याद में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित किया और इस दिवस को देश के बुनकरों को समर्पित कर दिया और पांच एफ फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैब्रिक, फैब्रिक टू फैशन एवं फैशन टू फॉरेन के अपने चुनावी वादे को पूरा किया।

हैंडलूम के क्षेत्र में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश भर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी यह उद्योग अपने पारंपरिक तरीके से फल-फूल रहा है, इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकारें भी वचनबद्ध रही है। हाल के वर्षों में उद्योग, आयुष एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा था कि हिमाचल के समान मौसम एवं जलवायु के दृष्टिगत ब्रिटेन में हिमाचल प्रदेश में तैयार हथकरघा उत्पादों के लिए बेहतर बाजार विकसित हो सकता है। इसके लिए उन्होंने ब्रिटिश उप-उच्चायुक्त से ब्रिटेन में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भेजने में सहयोग का आग्रह किया था। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों के साथ ही भुट्टिको जैसे प्रीमियम ब्रांड से जुड़े सदस्य शामिल किए। इस दौरान हिमाचल एवं ब्रिटेन के मध्य व्यापार निवेश के प्रोत्साहन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।



लेखक : सिकंदर बंसल
रामपुर बुशहर, हिप्र

बैठक में विशेष तौर पर हथकरघा उद्योग से संबंधित चर्चा की गई थी। वर्तमान प्रदेश सरकार कुल्लू में स्थित आरआर एग्रो लिमिटेड को भूमि आबंटन की दिशा में आगे बढ़ रही है। उनके उत्पादों की ब्रिटेन में भारी मांग है और वहां की एक कंपनी भी कुल्लू में नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने में निवेश कर रही है। इससे क्षेत्र में रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी सृजित हो सकेंगे। आज हिमाचल प्रदेश में राज्य के हथकरघा जैसे उत्पादों को वैश्विक बाजार में उनकी ब्रांडिंग करने की जरूरत है।

चंबा जिला का रूमाल, कुल्लू व किन्नौर ने शॉल, टोपी, जिला सिरमौर और शिमला का लोईया ने हथकरघा उद्योग से अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति दर्ज करवाई है। सरकार आत्मनिर्भरता के लिए पारंपरिक व्यवसाय जारी रखने के इच्छुक युवाओं के कौशल को बढ़ाना समय की आवश्यकता के बल पर जोर भी दे रही है। आज कम समय में हासिल न किए जाने वाले व्यवसायों की बजाय ऐसे व्यवसायों और कौशलों पर ध्यान देने के लिए कहा, जिन्हें आसानी से पूरा किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। बहुत महिला मंडलों के अपने इस उद्योग को आगे बढ़ाया है। जिसमें हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध मेले जैसे रामपुर बुशहर का लवी मेला, शिमला का समर फेस्टिवल, कुल्लू का विंटर कार्निवाल, चंबा का मिंजर, कुल्लू का दशहरा और मंडी की शिवरात्रि में अपने हैंडलूम उत्पादों को देश और विदेश से आए खरीददारों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण भारत में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला व्यक्तिगत उद्योग है और यह विभिन्न समुदायों के 4.33 मिलियन लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है, जो देश भर में 2.38 मिलियन करघों से जुड़े हुए हैं। यह देश में कपड़ा उत्पादन में लगभग 15 प्रतिशत का योगदान देता है और निर्यात आय में भी सहायता करता है। एक आंकड़ों के अनुसार विश्व में हाथ से बुने हुए, 95 प्रतिशत कपड़े भारत के ही होते हैं। जिला कुल्लू से संबंधित भुट्टिको ने इस उद्योग को पूरे प्रदेश में संचालित किया।

इस कुटीर उद्योग में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार हासिल हुआ है। हिमाचल प्रदेश में हथकरघा उद्योग में प्रदेश की प्रमुख सहकारी समितियों में शामिल 'हिमबुनकर' बुनकरों तथा कारीगरों की राज्य स्तरीय संस्था है, यह संस्था यहां की शॉल तथा टोपी को बढ़ावा दे रही है। जिला शिमला के रामपुर के बुशैहरी टोपी भी विश्व प्रसिद्ध है। यहां के कारीगरों ने सबसे पहले अलंकृत हथकरघा उत्पाद बनाने शुरू किए। अंत में बर्फ से लदे पहाड़ तथा विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण हिमाचल प्रदेश में हथकरघा उद्योग कभी खत्म न होने वाला उद्योग है। आज आवश्यकता है कि युवा इसके बारीकियों को समझते हुए तथा सरकारों का युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित करने होंगे। इससे बहुत बड़ी मात्रा में बेरोजगारी को कम किया जा सकता है। उत्पादों के वैश्विक स्तर तक ले जाने का सहयोग सरकारों के माध्यम से ही हो सकता है। बहुत से स्वयं सहायता समूहों ने मिलकर इस दिशा में काम करना शुरू किया है। इस उद्योग को ई-कॉमर्स से जोड़ना बहुत जरूरी है। कुछ सुधारों के साथ हमें इसकी डिजाइनिंग पर पैकेजिंग पर ध्यान देना होगा, मार्केटिंग को और अधिक आधुनिक बनाने से इसको इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत भी मिलेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देवभूमि को आखिर कब तक गहरे जख्मों से जूझना पड़ेगा

जिस प्रकार देवभूमि हिमाचल प्रदेश में दशकों से आपदाओं का मंजर देखने एवं सुनने को मिल रहा है, वह हम सभी हिमाचल वासियों के लिए बहुत ही चिंताजनक और गंभीर समस्या बनती जा रही है। साथियों अगर हम हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष की आपदा का वह खौफनाक मंजर याद करें, तो हर व्यक्ति को विचलित और भावविभोर करने वाले पल रहे हैं, जिसमें देश-भर में आपदा ने अपना कहर बरपाया और हिमाचल प्रदेश भी इस आपदा से अछूता नहीं रहा।

जिसमें हिमाचल प्रदेश के अनेक घरों के चिराग बुझ गए, तो कहीं कहीं पूरे परिवार ही काल के ग्रास बन गए, तो वहीं देवभूमि हिमाचल प्रदेश में आपदा ने ऐसा मंजर बरपाया, जिसमें आर्थिक नुकसान, सामाजिक नुकसान, जान-माल का नुकसान भौगोलिक नुकसान इत्यादि अनेक प्रकार के नुकसान से जुझना पड़ा। तो वहीं देवभूमि हिमाचल प्रदेश अभी भीषण आपदा से पूरी तरह संभला भी नहीं था कि एक वर्ष बाद फिर आपदा ने हिमाचल प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में अपना कहर बरपाया है, जिसमें जिला कुल्लू, का सीमेंज गांव पूरी तरह बहकर नामोनिशान मिट गया, तो वहीं जिला शिमला के अनेक क्षेत्रों में अनेक घरों के चिराग बुझ गए हैं, तो कहीं सैकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। जिसमें मलाना डेम के फटने से भारी नुकसान पहुंचा है, तो वहीं हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक सब्जी मंडी की इमारत ताश के पत्तों की तरह ढह गई।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में अगर कोई सबसे बड़ी चुनौती और समस्या रहती है, तो वह है आपदाओं का आना। जिसमें बादल फटने और भारी बारिश और आंधी तूफान आने से घरों और यहा तक कि गांव क्षेत्र का कुछ ही समय में मानो नामोनिशान मिट जाता हैं। ऐसा मंजर हमें हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में समय-समय पर देखने को भी मिलता है तथा ईश्वर से भी यही प्रार्थना और निवेदन रहेगा कि भविष्य में कभी भी ऐसा खौफनाक मंजर फिर से न आए और हिमाचल प्रदेश के किसी भी घर और समाज को फिर से ऐसे गहरे जख्मों से न जूझना पड़े, ऐसी प्रार्थना करते हैं। पिछले वर्ष आए आपदा में जिस प्रकार विभिन्न जिलों में आपदा से लोग प्रभावित हुए, वह गहरे जख्म मानो आज भी याद आते हैं, तो हर व्यक्ति की आंखें नम हो जाती है। साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकार से भी निवेदन और आग्रह रहेगा कि उन तमाम प्रभावित परिवारों की परवरिश और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में वह अपने जीवन को बेहतर से जी पाएं, क्योंकि उनको आपदा ने ऐसे गहरे जख्मों की सजा मिली है कि जिन्हें जीते जी कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस प्रकार वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में आई भीषण आपदा ने हिमाचल प्रदेश को एक बार फिर से गहरे जख्मों पर छोड़ दिया है। जिन क्षेत्रों का मंजर देखकर हर व्यक्ति गमगीन और भावविभोर हो रहा है, तो वहीं लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया भी ऐसे भीषण आपदा में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है। जिसकी जानकारी हमें मीडिया बंधुओं के माध्यम से पल-पल घर बैठे मिल रही है, तो वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पैरामिलिट्री, हिमाचल पुलिस, भारतीय सेना, स्थानीय सामाजिक संस्थाएं अपनी अहम सेवाएं आपदाग्रस्त क्षेत्रों में प्रदान कर रही है और राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। तो वहीं अनेक विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी भी अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।

साथियों मैंने अपने इस लेखन में देवभूमि शब्दों का इस्तेमाल किया, मैं आपका ध्यान पुराने समय की ओर खींचना चाहता हूं, जब कभी भी इस देवभूमि में किसी भी प्रकार की आकस्मिक घटना का अहसास होता था, तो हम लोग अपने देवी-देवताओं की शरण में जाकर कई दिनों तक उनकी भक्ति में लगा देते थे कि हे प्रभु हमारे हिमाचल को सदा ही देवभूमि बनाएं रखना, परंतु आज वर्तमान में देवी-देवताओं के उस आशीर्वाद से वंचित हैं, क्योंकि हम आधुनिक समय में मोबाइल में उनकी जय जयकार कर रहे हैं और वही विनाश मोबाइल में देखकर अपना अपना दुख-दर्ज बांट रहे हैं, हम व्यवहारिक रूप से बिलकुल शून्य हो चुके हैं और देवी-देवताओं को तो क्या अपने माता-पिता का हालचाल पूछने का भी समय नहीं है। तो क्यों न हम आधुनिक आडंबर को छोड़कर अपनी पुरानी जीवनशैली में चलने की कोशिश करें, ताकि हमारे हिमाचल में हमारे देवी-देवताओं का आशीर्वाद सदैव बना रहे और हम इस प्रकार के घटनाओं से सलामत रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सिक्योरिटी गार्ड के लिए साक्षात्कार 9 को

**अनंत ज्ञान, गोहर।** 6 अगस्त 2024 गोहर; एसआईएस इंडिया लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्डज के 100 पद पुरुषों के लिए अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार आगामी 9 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय गोहर में लिए जाएंगे। यह जानकारी उपरोजगार कार्यालय गोहर के प्रभारी राकेश कुमार ने दी।

### मझवार क्षेत्र में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विद्युत अनुभाग मझवार के तहत आने वाले क्षेत्र में 7 अगस्त को उच्चतम विद्युत आवेग की तारों के आस-पास लगे पेड़ों की छंटाई और जरूरी मरम्मत का कार्य किया जाएगा। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर 2 मंडी सुनील शर्मा ने बताया कि मरम्मत के दृष्टिगत 7 अगस्त को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक चांबी, मझवार, सायरी, कोटमोर्स, धुआंदेवी, चंदेह, रखून, जनेनी, कीपर, निहालग, कुठेड, दूदर, मब तथा साथ लगते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मरम्मत के चलते गुटकर क्षेत्र में भी कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### विकास खंड बालीचौकी में लगभग एक दर्जन पद रिक्त

**नूतन प्रकाश, बालीचौकी।** जिला मंडी के अंतर्गत आने वाले बालीचौकी विकास खंड में पिछले 4 सालों से कर्मचारियों के लगभग एक दर्जन पद खाली चल रहे हैं। कार्यालय में लिपिक के 2 पद सृजित है लेकिन दोनों पद 4 सालों से खाली चल रहे हैं। आलम यह है कि 4 सालों से लिपिक का कार्य विकास खंड में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के हवाले है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल के दौरान से उक्त दोनों पद खाली चल रहे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ सहायक (प्रगति) का पद भी लंबे अर्से से खाली चल रहा है। विकास खंड में कनिष्ठ अभियंताओं के 5 पद सृजित हैं, लेकिन मात्र 2 ही कनिष्ठ अभियंता कार्य कर रहे हैं। विकास खंड में अधीक्षक ग्रेड द्वितीय का पद भी खाली चल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि कर्मचारियों के खाली पद होने के कारण न केवल कार्यालय के कार्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि मनरेगा कार्यों की गति पर भी प्रभाव पड़ रहा है। विकास खंड में पंचायत सचिवों व ग्राम रोजगार सेवकों के भी कई पद खाली चल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### डैम के पास ब्यास नदी में मिला शव

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह डैम के पास ब्यास नदी में मंगलवार को एक 35-40 वर्षीय अज्ञात पुरुष का गला-सड़ा शव मिला है, जिसकी पहचान का कोई निशान नहीं मिल पाया। शव को पुलिस से कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के बाद शव गृह मेडिकल कॉलेज नेरचौक में पहचान के लिए रखा जाएगा। चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि किसी को भी कोई जानकारी हो तो पुलिस को बताएं।

### रंगड़ों के हमले से महिला अस्पताल में भर्ती



**अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के शिवा बदार में बावन वर्षीय निर्मला पर रंगडों के हमले से उसके मुंह व सिर में बहुत ज्यादा सुजन आ गई। दर्द से बेहाल होने पर परिजनों ने उसे जोनल अस्पताल मंडी पहुंचाया। अब उसकी हालत स्थिर है। निर्मला के बेटे ने बताया कि उनकी मां खेतों से घर की ओर आ रही थी तो रंगड़ों ने उन पर हमला बोल दिया।

### कामाक्षा देवी तीन दिवसीय कुन्हू मेला कल से

**पीयूष शर्मा, करसोग।** करसोग में भी सावन मेलों को पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। ऐसे में देवता श्री नाग धमूनी कुन्हू के सम्मान में 8 अगस्त से 10 अगस्त तक कुन्हू गांव में मेला मनाया जा रहा है। इसके लिए मेला कमेटी सहित कुन्हू गांवों के लोगों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 8 अगस्त से 10 अगस्त तक मनाए जाने वाले मेले का शुभारंभ कामाक्षा देवी काओ की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। काओ गांव से देवता का रथ ढोल-नगाड़ों, नरसिंगों, करनाल व स्वर लहरियों की धुन पर मंदिर से निकलेगा। दोपहर के आसपास देवता की शोभायात्रा मेला स्थल के लिए रवाना होगी। वहीं मंदिर कमेटी व मेला अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि यहां देव नृत्य होगा, वहीं विभिन्न महिला मंडलों की संयुक्त महानाटी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, संध्या व अन्य खेल की गतिविधियों को करवाया जाएगा।

### माइंड ऑपरेशन अकादमी के निदेशक ने किया घटनास्थल का दौरा

**अनंत ज्ञान, पधर।** माइंड ऑपरेशन अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने धमच्यान पंचायत के राजबन में बादल फटने से हुई घटना का दौरा कर वहां की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा यह एक हृदय विरदक घटना है जो समूचे चौहारघाटी को बहुत बड़ा गहरा जख्म दे गई। निदेशक ने कहा प्रकृति के साथ न तो किसी की चली थी और न तो चली है। प्रकृति के साथ कोई नहीं लड़ सकता है। उन्होंने मृतक परिवार के प्रति सांत्वना जाहिर की है। उन्होंने कहा भगवान करे ऐसी घटना किसी के साथ न न घटे। इस दुख की घड़ी में उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की और उनके दुख में अपनी संवेदना व्यक्त कीं। उन्होंने अपनी ओर से प्रभावित परिवारों को 21000 रुपए की धनराशि प्रदान की।



### युवक की बाइक से गिरने पर मौत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कीरतपुर-नागचला फोरलेन पर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसलने के बाद बिजली पोल से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक घनश्याम पुत्र जयपाल निवासी गांव कोट जिला बिलासपुर की मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे को लेकर जांच शुरू कर दी है।

### 11वीं-12वीं के 61 छात्र जुड़ेंगे अत्याधुनिक शोध से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में स्कूली बच्चों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी भारत सरकार द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय विज्ञान में नवाचार प्रेरित अनुसंधान के लिए प्रयास इंस्पायर शिविर मंगलवार से शुरू हुआ और यह शिविर 10 अगस्त तक जारी रहेगा। इस शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि और मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के एमेरिटस प्रोफेसर चंद्र शेखर थे। प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी माननीय कुलपति ने इस उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की और प्रोफेसर अनुपमा सिंह प्रो. वीसी मुख्यातिथि के रूप में विराजमान रहे। डीएसटी द्वारा प्रायोजित इस पहले कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से 11वीं और 12वीं कक्षा में विज्ञान विषय चुनने वाले 61 छात्र, जो कक्षा 10 में शीर्ष एक मेधावी छात्रों में शामिल हैं, उन्हें इस पांच दिवसीय इंस्पायर शिविर के पहले दिन भाग लिया। कार्यक्रम का विवरण देते हुए कुलपति ने कहा कि पांच दिनों के दौरान, छात्रों को अत्याधुनिक शोध से जुड़ने, व्यावहारिक प्रयोगों में भाग लेने और विज्ञान के क्षेत्र के कुछ सबसे प्रतिभाशाली दिमागों से सीखने का अवसर मिलेगा।

### युवा वृंदगान कार्यशाला का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पीएम श्री स्कूल जेएनवी नहान में शिक्षा में कला कार्यशाला के अंतर्गत युवा वृंदगान मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि नवोदय विद्यालय संस्थान का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखना भी एक जरूरी अंग है। इसी कड़ी के रूप में नवोदय विद्यालय संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष संभागीय स्तर पर चयनित जवाहर नवोदय विद्यालयों में शिक्षा में कला कार्यशाला के अंतर्गत गायन, वादन, नृत्य, आर्ट, नाटक आदि में मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी के अंतर्गत मंगलवार से पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नाहन में मासिक शिक्षा में कला कार्यशाला का शुभारंभ किया जा रहा है जिसमें बच्चों को युवा वृंदगान का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### वल्लभ महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंगलवार को वल्लभ महाविद्यालय मंडी में विज्ञान विभाग द्वारा नए विद्यार्थियों के लिए एक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मेडिकल और नॉन-मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए दो सत्र आयोजित किए गए। जिनमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, उनके क्रैडिट सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई और उनके जीवन में नियमित गतिविधियों की भूमिका और महत्व को समझाया गया। इस दौरान प्रोफेसर देवीका वैद्य ने सभी का स्वागत किया। डॉ. संजय कुमार, डॉ. दीपाली अशोक, डॉ. चमन प्रेमी, और डॉ. शिवेंद्र द्वारा महाविद्यालय की सह-शैक्षिक और अकादमिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड से जोनल अस्पताल के लिए ऑटो के देने होंगे 40 रुपए

**अनिल शर्मा, मंडी**

**ऑटो चालकों को रेट लिस्ट डिस्प्ले करना जरूरी**
**रात को 25 प्रतिशत ज्यादा लगेगा किराया**



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने एक आदेश जारी कर मंडी शहर में चल रहे ऑटो रिक्शा की नई दरें निर्धारित कर दी हैं। अब बस स्टैंड से जोनल अस्पताल के लिए 40 रुपए किराया लगेगा। रात 10 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक 25 प्रतिशत ज्यादा किराया होगा।

उपायुक्त ने कहा कि ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन के आग्रह पर नई दरें तय की गई हैं। इससे पहले जून 2019 में ऑटो रिक्शा की दरें निर्धारित की गई थीं, तबसे लेकर अब तक फ्यूल और स्पेयर पार्ट की दरों में कई बार इजाफा हो चुका है। इस कारण से पुरानी दरों को वृद्धि करनी पड़ी है। नई दरों के अनुसार बस स्टैंड से चौहटा बाजार 30, समखेतर 40, लोअर समखेतर 40, न्यू विक्टोरिया पुल 50, खलियार 60, पुरानी मंडी 50, मंगवाई पुलघराट 40, विस्को रिजार्ट 60, भ्यूली विपासा सदन 30, विंदरावनी चैक पोस्ट 60, जेल रेड पीडब्ल्यूडी कॉलोनी 50, टारना मंदिर 70, सौलीखड्ड 40, बीडीओ ऑफिस 40, टेऊजरी ऑफिस 50, आरटीओ ऑफिस 50, न्यू सब्जी मंडी 50, मोतीपुर 40 रुपए किराया निर्धारित किया गया है।

चौहाटा बाजार से क्षेत्रीय अस्पताल 30, पुरानी मंडी 40, खलियार डीएवी 50, जेल रोड़ पीडब्ल्यूडी ऑफिस 40, जेल रोड़ डीसी कॉलोनी 40, समखेतर 30, जिला परिषद 50, टारना मन्दिर 60, मंगवाई तहसील कार्यालय 40, मंगवाई पुलघराट 50, विस्को रिजार्ट 70, सब्जी मंडी 60, केवी खलियार 40, छिपनु पीपल 40, विकटोरिया पुल 30, मंगवाई केहनवाल रोड 50, ट्रेजरी ऑफिस 30, सर्कट हाऊस 30, मुख्य अभियनता जलशक्ति कार्यालय 40, भ्यूली 50, आरटीओ ऑफिस 60, माहूंनाग मंदिर टारना 60, सन्यारड़ी हाऊसिंग बोर्ड गेट 60 रुपए होगा।

विक्टोरिया पुल से क्षेत्रीय अस्पताल 40, भ्यूली ब्यास सदन 40, डीएवी खलियार 40, केंद्रीय विद्यालय खलियार जवाहर स्टेचु 40 रुपए होगा। स्कोडी पुल से सन्यारड़ी डिपो 45, जेल रोड मंदिर 30, जेल रोड डीसी कॉलोनी 40, गणपति मंदिर 30, मट्ट टॉवर 40, चौहाटा बाजार 30, जोनल अस्पताल 30 रुपए होगा। आदेशों में सभी ऑटो चालकों को पैसेंजर की सहुलियत के लिए और निरीक्षण के लिए इन दरों को डिस्पले करना जरूरी कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## दिनदहाड़े बुजुर्ग से 50 हजार रुपए लूटे

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के पंजाब नेशनल बैंक से पेंशन निकालने आये बुजुर्ग से 50 हजार रुपए चुराने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार भराडू का 79 वर्षीय बुजुर्ग शुंका राम अपनी पेंशन को निकालने के लिए जोगिंद्रनगर के पीएनबी में आया था। उन्होंने बताया कि जब वह बैंक में था तब तीन युवक बैंक में बैठे थे। जैसे ही उसने बैंक से पेंशन निकाली वह भराडू बस में बैठकर भराडू पहुंचे तो थोड़ा आगे जाने पर उसे लगा कि उसके पीछे कोई चल रहा है उससे वह पूछते वह लड़का मोबाइल पर बात करने लग पड़ा। शुंका राम ने बताया कि उसने सोचा कि यह लड़का आगे कहीं जा रहा है, लेकिन उसने इस बीच उसके बैग से 50 हजार रुपए चुरा लिए। उसने घर में देखा तो बैग में पैसे नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज में लड़का भागता दिखाई दे रहा है। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर लाल सिंह ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## मुख्यमंत्री के पास पहुंचा डॉक्टरों की लापरवाही से हुई हरवंश की मौत का मामला

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**बेटे और अन्य ने भेजी थी शिकायत**



मृतक हरवंश।

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डरवाड़ के गांव छतरैणा निवासी साठ वर्षीय हरवंश लाल पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल की 2 अगस्त को सांप काटने के कारण मेडिकल कॉलेज नेरचौक में मौत हो गई थी, जिसकी बजह, सरकाघाट और नेरचौक मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की लापरवाही रही। जिसकी शिकायत उनके बेटे रोहित कुमार व अन्य ने लिखित में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को भेजी है।

डॉक्टरों की लापरवाही की जांच करने और उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी सजा देने और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि हरवंश लाल 30 जुलाई को सांप ने काट लिया था और परिवारजनों ने घटना पौने घंटे के भीतर उन्हें सरकाघाट अस्पताल पहुंचा दिया गया था। जहां पर वह साढ़े चार घंटे तक रहा, लेकिन दोपहर बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया गया और वे सवा छह बजे नेरचौक मैडिकल कॉलेज में पहुंचा दिया जहां था, लेकिन उसे न सरकाघाट और न ही नेरचौक में उसे टीका लगाया गया।

अगली सुबह सीनियर डॉक्टरों के आने के बाद 9.45 बजे टीका लगाया तब तक जहर पूरे शरीर में फैल गया। पूर्व जिला पार्षद व अन्यों ने इस लापरवाही की जानकारी मीडिया में भी उजागर की, लेकिन दोनों अस्पतालों के प्रभारियों ने उन्हें कोई लिखित शिकायत न मिलने बारे कहा था, लेकिन अब मुख्यमंत्री के साथ-साथ स्वास्थ्य मंत्री, सचिव, निदेशक के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज नेरचौक और प्रभारी सरकाघाट को लिखित में शिकायतें भेज दी गई हैं तो अब दोबारा से परिवाजनों ने इसकी तुरंत जांच करने की मांग उठाई है। (अनंत ज्ञान)

## युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी भंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



प्रेस वार्ता करते हुए युवा कांग्रेस के पदाधिकारी।

हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए सदस्यता अभियान 3 अगस्त बीते शनिवार को कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन शिमला में लांच किया गया। पहली बार वोटर कार्ड के आधार पर सदस्य बनाए जाएंगे।

युवा कांग्रेस के चुनाव (जेडआरओ) जोन रिटर्निंग आफिसर नवदीप हुड्डा ने कहा कि 18 वर्ष की आयु से लेकर 35 वर्ष तक की आयु के युवा सदस्य बनाए जाएंगे। 5 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक चुनाव लड़ने के लिए नामांकन होंगे। 14 अगस्त से 20 अगस्त के बीच नामांकन की सकूटनी होगी और तत्पश्चात मेंबरशिप करने के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। फिर परफॉर्मेंस के आधार पर चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला कमेटी, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कमेटी का गठन किया जाएगा। साथ में डिंपल शर्मा और जिला तरूण ठाकुर, विकास राही और नीलम ठाकुर मौजूद रहे।

## माकपा लोकल कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को ज्ञापन सौंपा

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल में मंगलवार को माकपा लोकल कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जोगिंद्रनगर में फैले पीलिया रोग की रोकथाम करने, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, डॉक्टरों के रिक्त पद भरने तथा पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को एसडीएम जोगिंद्रनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक ज्ञापन भेजा जानकारी देते हुए माकपा के जिला सचिव कुशाल भारद्वाज ने बताया कि जोगिंद्रनगर में पीलिया के फैलाव तथा पीलिया से हुई मौतें एक चिंता का विषय है। जोगिंद्रनगर की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान हेतु मुख्यमंत्री से उचित कदम उठाने की पार्टी ने मांग की है। इस अवसर पर लोकल कमेटी सचिव रविंद्र कुमार, संजय जम्वाल, भक्त राम आदि भी शामिल थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर एसडीएम मनीश फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जोगिंद्रनगर का उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह जोगिंद्रनगर स्थित पुराने मेला मैदान में पूरी भव्यता, गरिमा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम जोगिंद्रनगर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड इत्यादि टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे।

बैठक में एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी भव्यता, गरिमा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत होगा। उन्होंने सांस्कृतिक एवं परेड में शामिल होने वाले शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों से पूरे ब्यौरे सहित सूची 12 अगस्त तक एसडीएम कार्यालय को उपलब्ध करवाने को कहा।

## एक साल बाद भी बहाल नहीं हो पाया बिंगा गांव का रास्ता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत व गांव बिंगा में गत वर्ष अगस्त माह में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से भारी तबाही हुई थी। जिसमें गांव वासी विपिन कुमार, मेहर सिंह, रामनाथ, विजय कुमार, भीम सिंह, विनोद कुमार, प्रकाश चंद, हरि सिंह और रोशन लाल व अन्य परिवारों के घरों के आसपास ल्हासे गिरने से उनके रास्ते भी टूट गए थे। एक साल पहले टूटे रास्ते आज तक नहीं बने हैं और इन परिवारों को आने-जाने में बहुत ज्यादा समस्या आ रही है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वे पहले जब इस गांव में हुई एक व्यक्ति की मौत पर शोक व्यक्त करने और परिवारजनों से मिलने गए तो उन्होंने अपनी समस्या ब्यान की। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक पिछले एक साल में यहां हुए नुकसान व प्रभावितों से मिलने तक नहीं आए मदद करना तो दूर रहा। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत ने भी यहां पर रास्ते के निर्माण में कोई काम नहीं किया। मजबूरी में प्रभावितों को अपने खर्चे पर डंगे लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन रास्ता अभी भी नहीं बना है। पूर्व पार्षद भूपेंद्र ने इसके लिए स्थानीय विधायक की निंदा करते हुए कहा कि यदि वह एक साल बाद भी प्रभावितों से मिलने नहीं आए हैं तो वह उनके नजरिये और कार्यप्रणाली को को ही दर्शाता है। न ही रास्ते का निर्माण कर पाए हैं। ऐसी ही स्थिति अन्य जगहों पर भी है।

टिहरा क्षेत्र के हियुन गांव की दलित बस्ती के एक दर्जन परिवार अभी तक भी किराये के मकानों में रह रहे हैं, जिन्हें न तो किराया मिला और न ही घर बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान विधायक मुश्किलों का सामना कर रहे परिवारों को एक साल में भी मदद नहीं पहुंचा पाए हैं, जो बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने बिंगा गांव में टूटे रास्ते को जल्द बनाने और हियुन गांव के दलित परिवारों को जल्द जमीन व किराया अदा किया जाए।

## तेरंग में हादसे के छठे दिन महिला का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि पहली अगस्त को तेरंग में हुए हादसे के छठे दिन एक महिला खुड्डी देवी का शव बरामद हुआ है। अब केवल एक व्यक्ति हरदेव लापता हैं जिनकी तलाश जारी है। सर्च टीमों द्वारा हरदेव को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद से 10 लोग लापता थे, जिनमें से 8 के शवों को ढूंढ लिया गया था, आज सर्च आपरेशन में खुड्डी देवी का शव बरामद हो गया। इससे हादसे में मृतकों की संख्या 9 हो गई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले स्निफर डॉग ने शव होने का संकेत दे दिया था, परंतु वहां पर बड़ी-बड़ी चट्टानें होने के कारण शव नहीं निकल पा रहा था। आज पोकलेन मशीन की मदद से रेस्क्यू टीमों द्वारा चट्टानों को हटाकर शव बाहर निकाल लिया गया है।

## बरसाती बाढ़ में आई हजारों टन लकड़ी उड़न छू

**पंडोह।** पंडोह डैम में आई बाढ़ के बाद पिछले 5 दिनों से बंद पड़े डैहर पावर हाउस में विद्युत उत्पादन पुन: शुरू हो गया है। इससे हर रोज हो रहे करोड़ों के आर्थिक नुकसान से बड़ी राहत मिली है। डैम के डैहर पावर हाउस में विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है। इतना ही नहीं डैम के 2 जाम गेट चालू हो जाने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। मगर अब गेट बंद होने और बग्गी टनल साइट में हजारों टन लकड़ी फंसने पर सवाल उठने लगे हैं। डैम में फंसीं हजारों टन लकड़ी एक ही रात में कहां गायब हो गई। इसकी जांच की मांग जोर पकड़ने लगी है। बीबीएमबी अधिकारियों ने डैम साइट पर किसी भी तरह की फोटो व वीडियो खबर कवर करने, विशेष रूप से पंडोह प्रेस क्लब पर पाबंदी लगा दी है।

## डीबीपीएस के बच्चों ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर के जमा एक व दो के बच्चों ने मंगलवार को अपने प्रधानाचार्य, प्राध्यापकों व वन विभाग के साथ मिलकर काली माता मंदिर परिसर के पास पौधारोपण किया। प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने बताया कि पौधारोपण का थीम एक पौधा धरती मां के नाम रहा। इस दौरान बच्चों द्वारा 100 पौधों का रोपण किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर धर्माणी होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह सेरी मंच पर आयोजित किया जाएगा। समारोह में नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम 15 अगस्त को ध्वजारोहण के साथ ठीक 11 बजे शुरू होगा। इससे पहले मुख्यातिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथि शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपूर्व देवगन ने कहा कि समारोह में आकर्षक मार्चपास्ट के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

उन्होंने समारोह के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एसडीएम सदर की देख-रेख में समारोह स्थल पर आने वाले अति विशिष्ट मेहमानों आदि के बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में एडीएम डॉ मदन कुमार, एसडीएम ओम कांत ठाकुर, सहायक आयुक्त कुलदीप पटियाला आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी सत्य प्रकाश को मिलेगा राज्यस्तरीय 'प्रेरणा स्त्रोत सम्मान'

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश में इस बार राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कांगड़ा जिला के देहरा में मनाया जा रहा है। इस मौके पर जिला मंडी के उपमंडल सुंदरनगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक और दिव्य मानव ज्योति ट्रस्ट डैहर के अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा को राज्यस्तरीय पुरस्कार 'प्रेरणा स्त्रोत सम्मान-2024' से सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को प्रदेश सरकार के सामान्य विभाग के सचिव ने अधिकारिक पत्र भी जारी कर दिया है।

## चिट्टे जैसे नशे की बढ़ती लत पर पूर्व जिप ने उठाए सवाल

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल के महादेव के पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी ने चिट्टे जैसे बढ़ते नशे की लत और इसके आसानी से यहां पहुंचने के तेजी से बढ़ रहे माध्यम को लेकर सरकार से सवाल किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में तेजी से युवाओं को नशा घर के निकट उपलब्ध हो रहा है, जिससे युवा इस लत के शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा यह चिंताजनक है कि कड़ी पुलिस प्रशासन की रक्षा सुरक्षा के बीच चिट्टे सहित नशे का कारोबार फैल रहा है। जिला जन शिकायत निवारण कमेटी की हाल ही में मंडी में हुई बैठक में भी सवाल उठाए और कार्रवाई की मांग की है। यह बैठक लोक निर्माण मंत्री व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में हुई थी।

**परेशानी** | परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुक्खू और परिवहन मंत्री से लगाई गुहार

# पटड़ीघाट-गोभड़ता सड़क एक माह से बड़े वाहनों के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**लोक निर्माण विभाग पर लगाया काम न करने का आरोप**



खस्ताहाल पटड़ीघाट-गोभड़ता सड़क।

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली पटड़ीघाट गोभड़ता सड़क लगभग एक माह से बड़े वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद है। सड़क बंद होने के कारण इस रूट पर चलने वाली बस सेवा भी बंद हो गई है।

सड़क दलदल का दरिया रूप धारण कर लेने के कारण गोभड़ता की और आने जाने वाले लोगों को निजी वाहन कर के पांच किलोमीटर दूर भारी भरकम किराया दे कर जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों मे ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद, उपप्रधान वीरी सिंह, वार्ड पंच धनेड नील मनी, वार्ड पंच गोभड़ता हेम राज, महिला मंडल की प्रधान चंपा देवी, नीरज शर्मा, दीना नाथ आदि का कहना है कि उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया गया है कि बरसात में दलदल बन चुकी इस सड़क पर स्थायी तौर पर पत्थरों की लेयर बिछा दी जाए, ताकि इस पर छोटे और बड़े वाहन आसानी से क्रॉस हो सके, परंतु आज लगभग एक माह बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस 5 किलोमीटर लंबी सड़क पर दो पहिया वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है जिसके कारण बीमार लोगों और स्कूली बच्चों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है लोगो का कहना है कि जब भी लोक निर्माण विभाग बल्द्वाड़ा के अधिकारियों को सड़क बारे में पूछते हैं तो जबाव मिलता है कि सड़क ठीक कर दी गई है एचआरटीसी वाले ही बस नहीं चला रहे हैं और जब एचआरटीसी को बस न आने बारे पूछा जाता है तो कहते हैं कि हमें सड़क ठीक होने का प्रमाण पत्र ही नही मिला है। जिस दिन पटड़ीघाट गोभड़ता सड़क के ठीक होने का प्रमाण पत्र मिल जाएगा उसी दिन बस भेज दी जाएगा। लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू और परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से गुहार लगाई है कि तुरंत इस सड़क की दशा सुधारने के लोक निर्माण विभाग को आदेश दिए जाएं, ताकि एचटीसी की बसें गोभड़ता पहुंच सके।

इस बारे में अधिशाषी अभियंता सरकाघाट चुनी लाल ने बताया कि पिछले साल पूरा पहाड़ दरक गया था, बारिश में सभी तरह का यातायात बहाल करवाने में विभाग को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है,

# न्यूज ब्रीफ

## एनएसएस यूनिट ने स्कूल परिसर संवारा



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में एनएसएस स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। एकदिवसीय शिविर में प्रधानाचार्य सतपाल बशिष्ट की अध्यक्षता में 29 लड़के तथा 39 लड़कियों ने भाग लिया। नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए स्वयंसेवियों ने स्कूल ग्राउंड व आसपास उगे भांग के पौधों को उखाड़ा तथा साफ-सफाई की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतपाल बशिष्ट ने छात्रों को जीवन मे किसी भी परिस्थिति मे निराश न होने तथा अपने में सच्ची लग्न से आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहना चाहिए। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी अजीत कुमार, महिला प्रभारी अनीता रानी, एसएमसी प्रधान सुरेश कौशल, उपप्रधानाचार्य बिहारी लाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, शक्ति देवी, बजिंद्र सिंह, इंद्र सिंह, अरुण कुमार, रेखा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 'एक पौधा मां के नाम' के तहत पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने भंजाल के सुन्काली मोड़ ट्रक यूनियन मैदान में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर सौ के करीब फलदार पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विश्वजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है । पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए ताकि हम कई तरह की बीमारियों से बच सकें। इस मौके पर बजरंग दल सहसंयोजक राहुल ठाकुर, सोनी, मनजीत, केशव, हरदेव सिंह, विवेक ठाकुर, राकेश ठाकुर, अनिल ठाकुर, काका ठाकुर, गुरुदेव, रोहित, मीका उपस्थित रहे।

## सिद्ध चलेट में नवरात्र के उपलक्ष्य में लंगर शुरू



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** मुबारिकपुर-चिंतपूर्णी मुख्य सड़क के किनारे गांव सिद्ध चलेट में श्रावण नवरात्र के दौरान जय माता चिंतपूर्णी सेवा दल लुधियाना द्वारा लगाए गए 5 से 13 अगस्त तक लंगर का शुभारम्भ समाज सेवी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह द्वारा हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डालकर किया गया। इस अवसर पर विश्वजीत सिंह ने कहा कि धार्मिक नगरी चिंतपूर्णी में सावन अष्टमी मेले के दौरान नौ दिन यहां मेले जैसा माहौल रहता है, इस कारण भक्तों के लिए लंगर लगाए गए। उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्ची श्रद्धा के साथ माता के दरवार में आता है, वह मनोवांछित फल पाता है। इस मौके पर मुख्या सेवादार प्रमोद बहल, राजेश पटेल, मनजिंद्र सिंह, रविंद्र केशिक, महेंद्र गर्ग, राज जोशी, प्रदीप अग्रवाल, मनीष गर्ग, सुमन गोयल, प्रमोद अग्रवाल, कुलदीप सिंगला आदि उपस्थित रहे।

## चपलाह स्कूल में पर्यावरण का दिया संदेश



**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** जीवन में स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ दिनचर्या जरूरी है। वहीं, स्वस्थ व्यवहार शैली से स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ा जा सकता है। यह बात एनएचएम् में व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण समन्वयक राजेन्द्र शर्मा द्वारा कांगड़ा जिला के डाडासीबा चिकित्सा खंड के अंतर्गत राजकीय विद्यालय चपलाह में मंगलवार को छात्रो को स्वास्थ्य वार्ता गतिविधि के दौरान कही । इस दौरान स्कूल परिसर में जामुन का पौधा रोपकर छात्र व स्टाफ को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल हेमास्टर कश्मीर सिंह व स्टाफ़ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## श्रावण अष्टमी मेले के दूसरे रोज बढ़े श्रद्धालु



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** श्रावण अष्टमी मेले के दूसरे रोज श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ है। माता चिंतपूर्णी धाम में देर शाम तक 15000 से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर लिए थे। दर्शन पर्ची से ही करीब 14500 से अधिक श्रद्धालु मंदिर पहुंच चुके थे। मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर पुलिस और सुरक्षा में तैनात अन्य एजेंसियों का भी पहरा सख्त था। मंदिर में सुगम पर्ची से भी 107 लोगों माथा टेका।

# युवा और महिला कल्याण को समर्पित 'सामर्थ्य' का शुभारंभ

### उपायुक्त जतिन लाल की सोच का सुफल है 'सामर्थ्य', प्रशासन उठाएगा 25 जरूरतमंद लड़कियों की पढ़ाई का जिम्मा

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को ऊना जिले में युवा एवं महिला कल्याण को समर्पित एक नई पहल 'सामर्थ्य' का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन की इस पहल में युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाने और सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से काम किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने शुभारंभ कार्यक्रम में बताया कि इसमें 6 मुख्य घटकों फिटनेस, प्रतिस्पर्धात्मकता, कला एवं संस्कृति, उद्यमिता, जागरूकता एवं नियंत्रण और सामाजिक मूल्यों के संवर्धन के लिए काम किया जाएगा।

मुख्यत: संरचनात्मक निर्माण के साथ साथ प्रोत्साहन पूर्ण वातावरण के सृजन पर फोकस रहेगा। उन्होंने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से लागू इस पहल की सफलता में जिले की औद्योगिक इकाइयों से सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सक्रिय सहयोग का आग्रह किया। इस मौके उपायुक्त ने खुद डोनेशन की पहल करते हुए रेडक्रॉस को अपनी ओर से 25 हजार का अंशदान दिया।



ऊना में सामर्थ्य एक पहल कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपायुक्त और अन्य गणमान्य।

**डीसी ने खुद की डोनेशन की पहल, रेडक्रॉस को दिए 25 हजार, सभी से सहयोग मांगा**

उन्होंने सभी जिला वासियों से इस पहल में भागीदार बनने तथा आर्थिक सहयोग की अपील की।

डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का नशा मुक्त हिमाचल बनाने पर विशेष जोर है। इसके साथ ही वह आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण के लिए युवाओं और महिलाओं के स्वावलंबन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सामर्थ्य इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने पर फोकस रहेगा, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें और सामुदायिक विकास में अपना योगदान दे सकें।

'सामर्थ्य' का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की लड़कियों को उच्च शिक्षा में सहायता के लिए एक कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत प्रशासन गरीब परिवारों की 25 जरूरतमंद लड़कियों की पढ़ाई का खर्च वहन करेगा। इस योजना के तहत, वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए उपायुक्त कार्यालय में 25 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है।

इसमें केवल वे लड़कियां आवेदन के लिए पात्र हैं, जिनके पिता का स्वर्गवास हो चुका है या जिनके पिता 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। आवेदक ऊना जिले की निवासी होनी चाहिए, किसी अन्य योजना की लाभार्थी नहीं होनी चाहिए और उनके परिवार की वार्षिक आय 50,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित लड़कियों को उनकी डिग्री या उच्च शिक्षा के लिए 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। पहले चरण में 25 लड़कियों का चयन उनके अंक और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया जाएगा। आवेदन से संबंधित जानकारी उपायुक्त कार्यालय के कक्ष सं. 413 से प्राप्त की जा सकती है।

'सामर्थ्य' कार्यक्रम उपायुक्त जतिन लाल की सामाजिक सरोकार को समर्पित सोच का परिणाम है। उपायुक्त ने बताया कि अपनी आईएएस प्रोबेशन अवधि के दौरान उन्हें समाज की जरूरतों को समझने का मौका मिला। उन्होंने पाया कि सामुदायिक विकास पर केंद्रित एक ऐसी पहल की आवश्यकता है, जिसमें युवाओं को सही दिशा देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने और महिला कल्याण के कार्य किए जाएं। जब वह डीसी बने तो अपने इस विजन को जमीन पर उतारने का अवसर मिला। उन्होंने सभी से एक टीम की तरह काम करने का आह्वान किया।

**उद्योग जगत ने सराहा, सहयोग के लिए बढ़ाए हाथ**

**सामर्थ्य** के शुभारंभ कार्यक्रम में उपायुक्त ने जिले की औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के कार्यान्वयन और सहयोगात्मक पहलुओं पर चर्चा की। औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त के विजन और इस नई पहल की खुले मन से सराहना की और हर तरह से सहयोग देने का संकल्प किया। सीधे संवाद में उन्होंने कार्यक्रम के विभिन्न घटकों में अपनी भागीदारी का भरोसा दिया।

**ये हैं 6 मुख्य घटक :** जतिन लाल ने कार्यक्रम के 6 मुख्य घटकों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले घटक फिटनेस के तहत युवाओं को नशे से बचाने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के मकसद से पंचायत स्तर पर ओपन जिम्नेजियम, खेल के मैदान, योग कोर्ट और सामुदायिक खेल आयोजनों पर बल दिया जाएगा। दूसरे घटक प्रतिस्पर्धात्मकता के अंतर्गत बच्चों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना शामिल है, जिसमें यूपीएससी कोचिंग, उच्च अध्ययन छात्रवृत्ति, पठन कक्ष और सेना प्रवेश परीक्षा की तैयारी में सहायता की जाएगी। तीसरे घटक कला एवं संस्कृति में कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए शिल्प, संस्कृति केंद्र, महोत्सव, उत्सव, सांस्कृतिक दौरे और भाषा पाठ्यक्रमों पर फोकस किया जाएगा।

चौथे घटक उद्यमिता के तहत, आजीविका केंद्र, नौकरी मेले, स्वयं सहायता समूह सहयोग और कृषि आधुनिकीकरण पर बल दिया जाएगा। पांचवें घटक जागरूकता और नियंत्रण में, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और कुपोषण उन्मूलन पर काम किया जाएगा। छठे घटक सामाजिक मूल्य संवर्धन के तहत, महिला सशक्तिकरण, मूल्यपरक शिक्षा कैंप, रक्तदान शिविर और सामुदायिक सेवा गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सीपीओ संजय सांख्यान, जिले के सभी एसडीएम, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# पहले कोरोना कॉल और अब आपदा में छात्रा ने पहल का कदम बढ़ाया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश में पिछले लगभग दो सप्ताह से भारी वारिश होने से प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी तवाही के चलते लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं पर इस आपदा के मौके पर प्रदेश सरकार व प्रशासन सहित सभी समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जा रही है।



वहीं इस आपदा के मौके पर जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल की स्काउट एवं गाइड की छात्रा मानसी राणा ने पहले कोरोना कॉल में भी पहल करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में अपनी गुलक का सारा पैसा मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवा दिया था और अब आपदा के मौके पर भी मानसी राणा ने पहल करते हुए मंगलवार को अपनी गुलक तोड़ कर उसमें रखे 1885.50 रुपए की राशि जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवा दी है।

ज्ञात रहे कि मानसी राणा अपने जन्मदिन पर हर वर्ष मुख्यमंत्री राहत कोष सहित अन्य संस्थानों में अपनी और से योग्यता के अनुसार सहायता राशि वितरित करती चली आ रही है। मानसी राणा ने इसका सारा श्रेय जिला ऊना उच्च शिक्षा विभाग उपनिदेशक राजेंद्र कौशल व अपने स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल व स्टाफ सदस्यों तथा जिला स्काउट एवं गाइड जिला की इंचार्ज व डीओसी मैडम सोनू देवी, मैडम शिवानी, स्कूल इंचार्ज रजनी देवी व संतोष कुमारी, सहित डीओसी अमन देव व सुरजीत सिंह, रमेश चंद शर्मा व टीम सदस्यों को दिया है। मानसी राणा ने कहा कि अगर इस आपदा की घड़ी में हमारे टीम इंचार्ज आपदा बाले स्थान के लिए हमारी मदद की जरूरत पड़ेगी तो मैं अपनी टीम सदस्यों सहित सहायता के लिए तैयार हूं।

# बंगाणा के मीडिया कर्मियों को मिला प्रेस रूम

### उद्घाटन के मौके पर बोले विधायक- मीडिया की है चौथे स्तंभ के रूप में है पहचान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

देश में मीडिया को चौथा स्तंभ के रूप में पहचान इसलिए बताया गया है कि मीडिया सरकार की योजनाओं को जनता तक और जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करता है। ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा मीडिया कर्मियों को खंड बिकास भवन बंगाणा में प्रेस रूम के उद्घाटन पर संबोधन में कहे।

विवेक शर्मा ने कहा कि हर राजनीति नेता प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य समाजसेवी मीडिया कर्मियों का मान-सम्मान करता है। विवेक शर्मा ने कहा कि उपमंडल बंगाणा के सभी मीडिया कर्मी प्रेस क्लब बंगाणा के माध्यम से हमारे से मिले और प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल ठाकुर एवं महासचिव जोगेंद्र देव आर्य द्वारा मुझे प्रेस रूम दिलाने की बात कही। हमने तुरंत अधिकारियों से बात करके मीडिया कर्मियों को प्रेस रूम दिलाया। शर्मा ने कहा कि हम मीडिया की बहुत इज्जत और मान सम्मान करते है और हर दिन मीडिया से कुछ न कुछ सीखते है।



बंगाणा में प्रेस क्लब रूम के उद्घाटन के लिए पहुंचे विधायक का स्वागत करते प्रेस क्लब के सदस्य।

वहीं, कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रेस क्लब बंगाणा के अध्यक्ष अनिल ठाकुर एवं महासचिव जोगेंद्र देव आर्य द्वारा मुख्य तिथि के रूप में शिरकत किए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा को सम्मानित किया और मीडिया कर्मियों के लिए प्रेस रूम का प्रावधान करने पर आभार प्रकट किया। वहीं, बंगाणा प्रेस रूम में अन्य उपकरण के लिए दो लाख की धनराशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। वहीं, मुख्यातिथि विवेक शर्मा ने तत्काल एक लाख की धनराशि देने की घोषणा की और खंड विकास भवन में विधायक विवेक शर्मा ने पौधरोपण भी किया।

इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष अनिल ठाकुर महासचिव जोगेंद्र देव आर्य, अजय शर्मा, नीना धीमान, राम सिंह, अश्वनी दत्याल, विनोद शर्मा, राकेश राणा, सतीश राणा, कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा के अलावा अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

ज्ञात रहे बंगाणा में प्रेस क्लब बंगाणा 2007 से लगातार मीडिया रूम की मांग कुटलैहड़ के राजनीति प्रतिनिधियों से करता रहा, लेकिन किसी भी सरकार विधायक ने मीडिया कर्मियों की मांग को पूरा नहीं किया, जैसे ही कुटलैहड़ में उपचुनाव हुए और विवेक शर्मा विधायक बने, वैसे ही एक बार फिर बंगाणा मीडिया कर्मियों ने क्लब का अध्यक्ष अनिल ठाकुर के माध्यम से विधायक विवेक शर्मा के पास अपनी मांग रखी और 6 अगस्त बंगाणा मीडिया के लिए इतिहास बना। प्रेस क्लब बंगाणा के अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने सभी मिडिया कर्मियों की तरफ से मीडिया कर्मियों की लंबी मांग को पूरा करने और तत्काल उद्घाटन करके प्रेस रूम मीडिया को सौंपने पर विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट किया। (अनंत ज्ञान)

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में मनाया जाएगा स्वतंत्रता समारोह : सोनू गोयल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा में उपमंडल स्तर का स्वतंत्रता दिवस समारोह इस बार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम सोनू गोयल ने इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि सुबह 10:55 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के मैदान में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस दौरान पुलिस, होमगार्ड, विभिन्न स्कूलों की एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस की टुकड़ियां मार्चपास्ट करेंगी। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के लिए 15 अगस्त का दिन बेहद खास होता है। इस दिन ही देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी, ऐसे में हर साल इस दिन को काफी धूमधाम से मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा।



बंगाणा में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक करते एसडीएम।

उन्होंने बिजली, पानी की व्यवस्था करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अनेक स्कूलों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम ने सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थान 10 अगस्त तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूची कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए निर्धारित उत्तरदायित्वों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें। बारिश के दृष्टिगत मैदान को कार्यक्रम के लिए तैयार रखा जाए, ताकि सभी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हों। इस अवसर पर तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा उपनिदेशक ने पिरथीपुर स्कूल का किया निरीक्षण



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में सोमवार को उच्च शिक्षा उपनिदेशक राजिंद्र कौशल, प्रधानाचार्य अतुल सूद, वरुण पाठक, रविंद्र ठाकुर ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पाठशाला संबंधित दस्तावेजों की जांच की। स्कूल उपप्रधानाचार्य पूनम देवी ने बताया कि जांच के दौरान पाठशाला की सभी गतिविधियों को ठीक पाया गया तथा सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में राजिंद्र कौशल ने बच्चों को कहा कि समय एक मूल्यवान संसाधन है, जो हमें अपने जीवन को सफलता और समृद्धि की ओर ले जाने में मदद करता है। इस मौके पर अजय कुमार, हर्बिंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, अंजना कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, मनजीत कौर, पूर्णा देवी, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं किशोरी लाल** आयु 68 वर्ष पुत्र चींगाराम गांव व डाकघर मंगनोटी, तहसील ढटवाल (बिझड़ी), जिला हमीरपुर (हि.प्र.)घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र अनूप कुमार व उसकी पत्नी अति उर्फ आरती मेरे कहने-सुनने से बाहर है। वह मुझसे व मेरी पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करते हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र अनूप कुमार व उसकी पत्नी आरती को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी सबंधित नोट करें।

**प्रतिस्पर्धा** युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों से जोड़ा बहुत जरूरी: सीमा

# कबड्डी में निजी स्कूलों का रहा दबदबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

शिक्षा विभाग द्वारा तीन दिवसीय ऊना जॉन की अंडर-14 खेलों का सरकारी हाई स्कूल रायपुर सहोड़ा में आयोजन किया गया। इस खेलों में करीब 33 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस मौके पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सीमा शर्मा ने कहा कि स्वच्छ समाज और सुदृढ़ देश को बनाने में अध्यापक वर्ग का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों के साथ जोड़ना बहुत जरूरी है क्योंकि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का अहम योगदान होता है। इससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। जो व्यक्ति मानसिक और शारीरिक विकसित होता है, वहीं स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकता है। सीमा शर्मा ने इस मौके पर रायपुर सहोड़ा के पूर्व प्रधान स्वर्गीय रोशन लाल व पूर्व प्रधान रविन्द्र सहोड़ के द्वारा करवाए विकास कार्यों की भी सराहना की। मुख्यातिथि ने विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया।



ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करती हुईं।

स्कूल के मुख्याध्यापक राज कुमार ने बताया कि कबड्डी में (ब्वॉयज) रक्कड़ स्थित रॉकफोर्ड स्कूल की टीम विजयी रही, जबकि वीपीएस स्कूल बहड़ाला रनरअप रही। वहीं, लड़कियों की टीम में बसदेहड़ा की विजयी रही और जखेड़ा स्कूल की रनरअप रही। वहीं बैडमिंटन में लड़कों की टीम में वीपीएस बहड़ाला ने बाजी मारी और सासन स्कूल की रनरअप रही। वहीं लड़कियों की टीम में भी वीपीएस बहड़ाला विजयी और जखेड़ा स्कूल रनरअप रहा। उ

वॉलीबाल में लड़कों-लड़कियों की टीम में कोटला कलां स्कूल ने ही बाजी मारीं। खो-खो में लड़कों में नंगड़ा स्कूल और लड़कियों की टीम में जखेड़ा स्कूल ने बाजी मारी। चैस में लड़कों और लड़कियों की छत्तरपुर स्कूल की टीमें विजयी रही।

वहीं, ओवरऑल में चताड़ा और मार्चपास्ट में अजोली स्कूल की टीमें विजयी रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य एवं डीईएससी के वाइस चेयरमैन राजेश कौशल, छतरपुर के मुख्याध्यापक राजीव कुमार, एसएमएससी की अध्यक्षा प्रवीण कुमारी, रविंद्र कुमार, अनिल कुमार रूद्रा, गौरव कुमार, रोहित सहोड़ इत्यादि ने भाग लिया।


## भोरंज के विधायक कर रहे गुमराह : देशराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के नेता बेवजह ही केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।



जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू व मंडलों के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, आदर्श कांत, यशवीर पटियाल, विक्रम ठाकुर ने कहा है कि हमीरपुर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़कों का कार्य प्रगति पर है। इसमें ग्रामीण सड़कों की देखरेख के लिए लगभग 176 करोड़ केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। वहीं भाजपा नेताओं ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक व कांग्रेस के लोगों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पहले तथ्यों की जानकारी प्राप्त करें और झूठी बाहबाही के लिए श्रेय प्राप्त न करें एवं जनता को गुमराह न करें।






## न्यूज ब्रीफ

### मेरी सीट पर आकर बैठ जाओ : डीवाई चंद्रचूड़



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज, वकीलों और कभी कभी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया पर भी भारी भरकम और संवदेनशील केसों का इतना बोझ रहता है कि वे कुछ ऐसा कह जाते हैं कि खबर बन जाती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ मंगलवार को कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान कुछ उखड़ गए। उन्होंने एक वकील की बात पर नाराजगी जताते हुए एक बात कह दी। दरअसल एक केस की सुनवाई के दौरान एक वकील ने बार-बार एक ही बात के लिए अनुरोध किया तो सीजेआई ने उससे कहा 'अदालत को निर्देश न दें' चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया चंद्रचूड़ ने कहा कि 'आप यहां आकर क्यों नहीं बैठते और कोर्ट मास्टर को बताते हैं कि आपको कौन सी तारीख चाहिए? अगर आप चाहें, तो यहां आकर बैठिए, कृपया यहां आकर बैठिए। पूरे दिन बैठिए, मैं आपको आश्वासन देता हूं, आप अपनी जान बचाने के लिए भागेंगे। वकील महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने से इनकार करने के खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) की याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग कर रहे थे।

### जूट फैक्टरी से 18 बाल मजदूरों को बचाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राजस्व विभाग और एक गैर सरकारी संगठन के साथ मिलकर उत्तर-पूर्वी दिल्ली में जूट बैग बनाने वाली एक फैक्टरी में काम कर रहे 18 बाल मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक पुलिस ने इस सिलसिले में किशोर न्याय अधिनियम और बाल श्रम अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत नौ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार अधिकांश बच्चे 11 से 17 वर्ष की आयु के हैं तथा उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि एक बड़े बचाव अभियान में 11-17 वर्ष की आयु के 18 बच्चों को बचाया गया है, जो बाल मजदूर के रूप में फैक्टरी में काम कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त ने कहा, ''वे भजनपुरा पुलिस क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गामरी इलाके में जूट बैग बनाने वाली एक फैक्टरी और छपाई के काम में कार्यरत थे।'' अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीमों को सोमवार को एक गुप्त सूचना मिली थी।

### हिजाब प्रतिबंध मामला: सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार बंबई उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के परिसर में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय को बरकरार रखा गया है। बंबई उच्च न्यायालय ने 'चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी' के एनजी आचार्य एवं डी के मराठे महाविद्यालय द्वारा हिजाब, बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने के फैसले में हस्तक्षेप करने से 26 जून को इनकार कर दिया था और कहा था कि ऐसे नियम छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते हैं।

### फैक्टरी में विस्फोट, एक की मौत, नौ घायल

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में मंगलवार की सुबह सीमेंट ब्लॉक निर्माण कारखाने में 'बॉयलर' फटने से एक श्रमिक की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना नागपुर से लगभग 50 किलोमीटर दूर जुल्लार गांव में स्थित श्रीजी ब्लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड कारखाने में तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुई। उस समय पीड़ित नियमित काम कर रहे थे। मौदा पुलिस ने बताया कि कारखाने में क्रेन ऑपरेटर, जुल्लार निवासी नंदकिशोर रामकृष्ण करंडे (40) की मौके पर ही मौत हो गई।

### मस्क ने करवाया 'ओपनएआई' के खिलाफ केस दर्ज

**लॉस एंजिलिस।** एलन मस्क ने 'ओपनएआई' और इसके दो संस्थापकों-सैम ऑल्टमैन च ग्रेग ब्रॉकमैन के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 'चैटजीपीटी' निर्माता ने मुनाफा कमाने के बजाय जनता की भलाई के लिए काम करने के अपने मूल उद्देश्यों से विश्वासघात किया है। नॉर्दर्न कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में दायर मुकदमे में मस्क के मामले को परोपकारिता बनाम लालच बताया गया है। शिकायत के अनुसार, मुकदमे में नामित ऑल्टमैन और अन्य लोगों ने जानबूझकर मस्क को धोखा दिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरों के बारे में मस्क की मानवीय चिंताओं को दरकिनार किया।

### राष्ट्रपति पद की आधिकारिक उम्मीदवार कमला



**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की आधिकारिक उम्मीदवारी हासिल कर ली। इसी के साथ वह देश की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव का टिकट पाने वाली पहली भारतीय-अफ्रीकी महिला बन गई हैं। हैरिस (59) का नवंबर में होने वाले आम चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला होगा। गत शुक्रवार को हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था।

# स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164 प्रतिशत की वृद्धि की : जेपी नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जीडीपी का अढ़ाई प्रतिशत बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटित करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रही है और उसने पिछले दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164 प्रतिशत की वृद्धि की है।

नड्डा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूरी ईमानदारी, पूरी ताकत के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है और दुनिया ने माना है कि भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में एक उदाहरण बन गया है। दुनिया के सारे लोग आयुष्मान भारत के मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के ये प्रयास स्वास्थ्य क्षेत्र में दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाले हैं। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब के बाद सदन ने कुछ



विपक्षी सांसदों के कटौती प्रस्तावों को अस्वीकत करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान मांगों को पारित कर दिया।

नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट आवंटन कम होने के विपक्षी सदस्यों के दावों के संदर्भ में कहा, ''वर्ष 2013-14 में स्वास्थ्य बजट 33,278 करोड़ रुपए का था जो आज 90,958 करोड़ रुपए का हो गया है।'' उन्होंने कहा कि बजट में पिछले दस वर्ष में 164 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को कितनी प्राथमिकता और कितना महत्व देती है।

नड्डा ने कहा कि सरकार ने 2017 की स्वास्थ्य नीति में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.5 प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च करने का लक्ष्य तय किया था और इस दिशा में सरकार तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में जीडीपी का 1.9 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है।

### हिरोशिमा, नागासाकी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि

लोकसभा ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए जाने की घटना की बरसी के मौके पर मंगलवार को पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी तथा परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व का संकल्प दोहराया। सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हिरोशिमा और नागासाकी की घटना और उससे हुए नुकसान का उल्लेख किया।

### दुग्ध, मछली उत्पादन में भारत बना दुनिया का अगुवा

देश ने बीते 10 वर्षों में दुग्ध उत्पादन तथा मछली पालन के क्षेत्र में कई गुनी वृद्धि की है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन ने लोकसभा में आम बजट में अपने विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मत्य उत्पादन की नीली क्रांति के लिए पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्रप्रदेश सहित सभी तटवर्ती राज्यों को भरपूर सहायता दी है। गायों की संख्या 19.09 करोड़ से बढ़कर 19.30 करोड़ हुई है और भैंसों की संख्या 10.8 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि मस्य पालन के उद्योग में 8.2 करोड़ लोग जुड़े हैं जबकि पशुपालन एवं डेयरी उद्योग से 12 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। वर्ष 2013-14 में भारत में मछली उत्पादन 95-7 लाख टन था जो अब 2023-24 में 174-45 लाख टन हो गया।

# ब्रिटेन में हिंसक प्रदर्शनों का दौर जारी, अब तक 400 गिरफ्तार



**एजेंसी, लंदन**

ब्रिटेन में पिछले सप्ताह से शुरू हुए हिंसक प्रदर्शन में अब तक करीब 400 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेशनल पुलिस चीफ काउंसिल ने कहा है कि आगे हर दिन ये गिरफ्तारियां बढ़ सकती हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने कहा कि हालात को काबू करने के लिए विशेषज्ञ पुलिस अफसरों का दल तैनात है।

प्लिमथ में पुलिस ने कहा कि हिंसक प्रदर्शनों के दौरान कई पुलिस अफसर घायल हो गए हैं। ब्रिटेन के साउथपोर्ट में मशहूर सिंगर टेलर स्विफ्ट की थीम वाली डांस पार्टी में चाकूबाजी की घटना में तीन बच्चियों की मौत के बाद हिंसक प्रदर्शन के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस प्रदर्शन के दौरान धुर दक्षिणपंथी, आप्रवासी विरोधी और आप्रवास समर्थक कई जगह आमने-सामने आ गए थे।

भारतीय उच्चायोग ने ब्रिटेन की यात्रा कर रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइज़री जारी की है? लंदन में भारतीय उच्चायोग ने एक बयान जारी कर कहा है, भारतीय यात्रियों को हाल में ब्रिटेन के कुछ इलाकों में प्रदर्शन और अशांति के बार में जानकारी होगी। लिहाजा ब्रिटेन की यात्रा कर रहे भारतीयों को हालात पर नजर रखने और सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

# केदारनाथ के लिए हेलिकॉप्टर सेवा आज से फिर शुरू होगी

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को घोषणा की कि केदारनाथ के लिए हेलिकॉप्टर सेवा बुधवार से फिर शुरू होगी और श्रद्धालुओं को किराए में 25 फीसदी की छूट भी दी जाएगी।

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ मार्ग पर अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों तथा पुनर्निर्माण कार्यों की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा मार्ग को ठीक करने के प्रयास जारी हैं और यात्रा को जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा।

धामी ने संवाददाताओं से कहा, ''नुकसान काफी बड़ा है। अतिवृष्टि और भूस्खलन से 29 स्थानों पर पैदल और सड़क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पेयजल और विद्युत लाइनों को भी नुकसान पहुंचा है तथा दूरसंचार सेवाएं भी बाधित हुई हैं।''

उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन, जिला प्रशासन, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, तीर्थ पुरोहित समाज और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से इतनी बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद मिली।

### माली ने यूक्रेन के साथ राजनयिक संबंध तोड़ा

**बामाको ।** माली की सरकार ने यह आरोप लगाते हुए यूक्रेन से राजनयिक संबंध तोड़ लिया है कि उसने (यूक्रेन ने) पिछले महीने उसके यहां सशस्त्र संगठनों की हमले में मदद की जिसमें माली के सैनिक एवं भाड़े के रूसी (निजी) सैनिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

माली सरकार के प्रवक्ता कर्नल अब्दुलाये मैगा ने बताया कि संबंधों को तत्काल समाप्त करने का निर्णय एक यूक्रेनी अधिकारी की उन टिप्पणियों के बाद लिया। यूक्रेन की सैन्य खुफिया शाखा एजेंसी के प्रवक्ता एंड्रीये यूसोव ने कहा कि जुलाई में माली में सशस्त्र संगठनों को हमला करने के लिए सभी आवश्यक जानकारी कीव (यूक्रेन) से मिली थी।

# सेंसेक्स 166 अंक टूटा, निफ्टी भी नीचे आया

**एजेंसी, मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शुरुआती तेजी कायम नहीं रह सकी और बीएसई सेंसेक्स 166 अंक के नुकसान में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। बैंक और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 166.33 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,593.07 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में 17 नुकसान में जबकि 13 लाभ में रहे। सेंसेक्स सुबह बढ़त के साथ खुला



और निवेशकों की लिवाली से एक समय यह 1,092.68 अंक तक चढ़कर 79,852.08 अंक तक चला गया था। हालांकि, बाद में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक समीक्षा से पहले बैंक शेयरों में बिकवाली दबाव से इसमें गिरावट आई और यह 78,496.57 अंक के निचले स्तर तक आया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 63.05 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,000 अंक के नीचे 23,992.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 327 अंक चढ़कर 24,382.60 अंक तक चला गया था, लेकिन इसकी तेजी कायम नहीं रह पायी।

सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और ये चार प्रतिशत से अधिक नीचे आ चुके हैं। अमेरिका में रोजगार के कमजोर आंकड़े से वहां मंदी की आशंका बढ़ी है, जिससे दुनिया भर के बाजारों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के पास दो मकान ढहे, एक महिला की मौत



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उत्तर** प्रदेश के वाराणसी जिले में मंगलवार सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर गलियारे के पास स्थित दो पुराने मकान अचानक ढह गए, जिससे एक महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए।

**पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख**

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हुई इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतक महिला के परिजन के प्रति संवेदना प्रकट की और अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। मलबे में दबकर प्रेम लता गुप्ता (43) नामक महिला की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए।

# रूसी हमलों से फिर दहला यूक्रेन, कीव में कई धमाके

**एजेंसी, कीव**

**रूस** ने एक बार फिर यूक्रेन के खिलाफ हवाई हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेन की राजधानी कीव में एक के बाद एक कई धमाके सुनाई दिए। यूक्रेन की राजधानी कीव में हवाई हमले की चेतावनी जारी करने के थोड़ी देर बाद ही एक साथ कई विस्फोटों की आवाज सुनाई दी गई।

यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बैलिस्टिक मिसाइल हमलों के खतरे के बीच हाई-स्पीड टारगेट राजधानी कीव क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के खिलाफ हवाई हमले तेज कर दिए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि राजधानी कीव में वायु रक्षा प्रणाली काम कर रही है। जून महीने में यूक्रेन की सेना ने रूसी



सीमा क्षेत्र बेलगोरोड में बम बरसाए थे, जिसमें सात लोग मारे गए। लगभग 2 साल से यूक्रेन और रूस के बीच जंग छिड़ी हुई है। यूक्रेन ने बीते महीने जुलाई में मार्शल लॉ की अवधि नवंबर तक बढ़ाने का फैसला किया था। यूक्रेन की संसद ने देश में मार्शल लॉ को 9 नवंबर तक बढ़ाया। मार्शल लॉ की अवधि बढ़ाने का समर्थन 450 में से 339 सांसदों ने किया।

### गाजा में हवाई हमले में हमास का कमांडर जाबेर अजीज मारा गया

**गाजा।** इसराइली सेना ने दावा किया कि उन्होंने हमास की अल-फुरकान बटालियन के कमांडर जाबेर अजीज को मार गिराया। आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि जाबेर को गाजा सिटी में हमास के कमांड और कंट्रोल सेंटर पर हमले के दौरान मार दिया गया है। अजीज 2020 से हमास की अल-फुरकान बटालियन का कमांडर था। अजीज ने 7 अक्तूबर के नरसंहार की योजना में महत्वपूर्ण हिस्सा लिया और अल-फुरकान बटालियन की तैयारियों और प्रशिक्षण का नेतृत्व किया था, उसने 7 अक्तूबर को गाजा पट्टी के पास समुदायों में घुसपैठ में भी भाग लिया था।

# एक दिन निलंबन के बाद अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू

**एजेंसी, जम्मू**

**अमरनाथ** यात्रा एक दिन के निलंबन के बाद मंगलवार को फिर से शुरू हो गई है। 1,873 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू से उत्तर कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 29 जून को तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से अब



तक करीब पांच लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। अधिकारियों ने बताया आज सुबह 1,873 यात्रियों को लेकर 69 वाहनों का सुरक्षा काफिला जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुबह 3.25 बजे उत्तर कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। कोई भी यात्री नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप नहीं जा रहा है। अब सिर्फ 'छड़ी मुबारक' (भगवान शिव की छड़ी) को पारंपरिक पहलगाम मार्ग से गुफा मंदिर तक ले जाया जाएगा। छड़ी मुबारक 14 अगस्त को पहलगाम से गुफा मंदिर के लिए रवाना होगी।

# इराक में रॉकेट हमले में कई अमेरिकी सैन्यकर्मी घायल

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**इराक** में एक सैन्य अड्डे पर हुए संदिग्ध रॉकेट हमले में कई अमेरिकी सैन्यकर्मी घायल हो गए।

अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना पर ईरान समर्थित मिलीशिया के हमलों में हाल में बढ़ोतरी हुई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब पिछले सप्ताह लेबनान में हिजबुल्ला के एक शीर्ष कमांडर और ईरान में हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता के मारे जाने के बाद पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। दोनों गुट ईरान समर्थित हैं। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने कहा कि अल-असद वायुसेना अड्डे पर तैनात बल घायलों की संख्या और नुकसान का आकलन कर रहे हैं।


**आंकड़े** भारत की इकोनॉमी में तेजी, इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात 22 फीसदी उछलकर 8.44 अरब डॉलर पहुंचा

# अमेरिका और जर्मनी में मंदी की आशंका, चीन की हालत खराब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दुनिया** की सबसे बड़ी इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी जर्मनी में एक बार फिर मंदी की आशंका मंडराने लगी है। अमेरिका में हाल में आए रोजगार के आंकड़े उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे हैं। इससे वहां एक बार फिर मंदी की आशंका पैदा हो गई है। इस कारण सोमवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली।

दूसरी ओर जर्मनी की इकोनॉमी में दूसरी तिमाही में अप्रत्याशित गिरावट देखने को मिली। जर्मनी की जीडीपी में पहली तिमाही की तुलना में 0.1 फीसदी गिरावट देखने



को मिली। तकनीकी रूप से लगातार दो तिमाहियों में गिरावट को मंदी कहा जाता है। करीब दो दशक तक ग्लोबल ग्रोथ का इंजन रहे चीन की इकोनॉमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है, लेकिन इन सबसे बीच भारत की इकोनॉमी दुनिया में सबसे तेजी से दौड़ रही है। भारत से इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के एक्सपोर्ट में जून तिमाही में काफी तेजी आई है। देश से एप्पल आईफोन के एक्सपोर्ट में तेजी के कारण भारत से इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात इस फाइनांशियल ईयर की पहली तिमाही में पिछले साल के मुकाबले 22 फीसदी उछलकर 8.44 अरब डॉलर पहुंच गया। इंजीनियरिंग गुड्स और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के बाद अब भारत से सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक्स का ही एक्सपोर्ट हो रहा है। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत से 6.94 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान एक्सपोर्ट हुआ था। इस साल जून तिमाही में 4.8 अरब डॉलर के मोबाइल एक्सपोर्ट हुए जो कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का करीब 57 फीसदी है। इस दौरान ऐपल ने भारत से 3.5 अरब डॉलर के आईफोन एक्सपोर्ट किए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जून तिमाही में मोबाइल एक्सपोर्ट में पिछले साल के मुकाबले 30 फीसदी तेजी आई। इस दौरान आईफोन के एक्सपोर्ट में 90 करोड़ डॉलर की तेजी आई।

### जापान और ग्रीस भी कर्ज में डूबे

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के सबसे ज्यादा कर्ज वाले देशों की लिस्ट में जापान सबसे ऊपर है। जापान का कर्ज उसके देश की कुल कमाई का 216 फीसदी है, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ी चिंता की बात है। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए कई उपाय कर रही है। दूसरे नंबर पर ग्रीस है, जिसका कर्ज उसकी कुल कमाई का 203 फीसदी है। ग्रीस कई सालों से कर्ज के संकट से जूझ रहा है और अब भी उसकी अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। यूके का कर्ज उसकी कुल कमाई का 142 फीसदी है, जिससे वह इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। दुनिया के सबसे अमीर देशों में से एक होने के नाते, यूके का इतनी ऊंची जगह पर होना अप्रत्याशित है।

# स्वास्थ्य व जीवन बीमा को करना होगा जीएसटी मुक्त : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का विपक्षी गठबंधन विरोध करता है और सरकार को दोनों बीमा को कर मुक्त करना ही होगा।



राहुल ने आरोप लगाया कि हर आपदा से पहले 'टैक्स का अवसर' तलाशना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की असंवेदनशील सोच का प्रमाण है।

कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जीवन में आने वाले 'स्वास्थ्य संकट' में किसी के आगे झुकना न पड़े, इसलिए पाई-पाई जोड़कर हर साल स्वास्थ्य बीमा का प्रीमियम भरने वाले करोड़ों आम हिंदुस्तानियों से भी मोदी सरकार ने 24 हजार करोड़ रुपए वसूल लिए। हर आपदा से पहले 'टैक्स का अवसर' तलाशना भाजपा सरकार की असंवेदनशील सोच का प्रमाण है। विपक्षी गठबंधन इस अवसरवादी सोच का विरोध करता है। स्वास्थ्य और जीवन बीमा को जीएसटी मुक्त करना ही होगा। घटक दलों के नेताओं ने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर लागू 18 प्रतिशत जीएसटी को वापस लेने की मांग करते हुए मंगलवार को संसद भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया।

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला**

### लालू, तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे तेजस्वी यादव और आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। पूरक आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दाखिल किया गया, जिन्होंने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की। ईडी का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी से उपजा है। यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम-मध्य जोन में ग्रुप-डी में हुई भर्तियों से जुड़ा है।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | अमेरिका | 21 | 30 | 28 | 79 |
| 02. | चीन | 21 | 18 | 14 | 53 |
| 03. | फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| 04. | ऑस्ट्रेलिया | 13 | 12 | 08 | 33 |
| 05. | ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 13 | 17 | 42 |
| 06. | कोरिया | 11 | 08 | 07 | 26 |
| 07. | जापान | 10 | 05 | 11 | 26 |
| 08. | इटली | 09 | 10 | 06 | 25 |
| 09. | जर्मनी | 08 | 05 | 04 | 17 |
| 10. | नीदरलैंड | 07 | 05 | 06 | 18 |
| 60. | भारत | 00 | 00 | 03 | 03 |

## पेरिस ब्रीफ



पेरिस : महिला वॉलीबाल मुकाबले के दौरान चीन के खिलाफ शॉट खेलती तुर्की की खिलाड़ी। तुर्की ने 3–2 से यह मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### आर्मंड ने पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**सेंट डेनिस (फ्रांस)।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में 9वीं बार रिकॉर्ड बनाकर पेरिस ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स में जब दिन की प्रतियोगिताएं समाप्त होने के कगार पर थी, तब डुप्लांटिस ने स्टेड डी फ्रांस में 80,000 दर्शकों के सामने 6.025 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। ओलंपिक खेलों में उन्होंने पहली बार यह कारनामा किया। लुइसियाना में जन्मे 24 वर्षीय डुप्लांटिस अपनी मां के मूल देश स्वीडन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। स्वीडन के राजा और रानी भी डुप्लांटिस की इस उपलब्धि के गवाह बने। लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर और एक सेंटीमीटर के अंतर से 9वीं बार रिकॉर्ड तोड़कर डुप्लांटिस अब इस स्पर्धा के सबसे महान खिलाड़ी सर्गेई बुबका के करीब पहुंच गए हैं।



### नौकायन में नेत्रा क्वालीफाई करने में असफल

**पेरिस ।** भारत की महिला नौकायन खिलाड़ी नेत्रा कुमानन पेरिस ओलंपिक में व्यक्तिगत डिंगी स्पर्धा में 9वीं क्वालीफाइंग रेस के बाद 21वें स्थान पर रहने के बाद पदक दौर से बाहर हो गई। क्वालीफाइंग चरण में 10 रेस होती हैं जिसके बाद पदक रेस की सूची तय की जाती है, लेकिन 10वीं रेस खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। सभी क्वालीफाइंग रेस के बाद समय के मामले में केवल शीर्ष 10 ही पदक दौर में पहुंचते हैं। नेत्रा 8वीं क्वालीफाइंग रेस के बाद 24वें स्थान पर थी। उसने अपने पिछले कुछ दिनों के खराब प्रदर्शन में सुधार करते हुए 9वीं क्वालीफाइंग रेस में 43 प्रतिभागियों में से 10वें स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन से वह समग्र तालिका में केवल तीन स्थान की सुधार के साथ 21वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही।



# नीरज ने पहले थ्रो में मारी फाइनल एंट्री

## पेरिस में 89.34 मीटर फेंका भाला, यह सीजन की बेस्ट थ्रो

**एजेंसी, पेरिस**

गत चैंपियन भारत के नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां ग्रुप–बी क्वालीफिकेशन में अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर के थ्रो के साथ पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई लेकिन किशोर जेना बाहर हो गए।

ग्रुप–बी क्वालीफिकेशन में सबसे पहले थ्रो करने उतरे नीरज ने 89.34 मीटर से सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में भी अपने पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया था।

नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया और इस तरह एडक्टर की चोट से जुड़ी चिंताओं को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया।

यह नीरज के करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। इस गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था जबकि उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में स्टॉकहोम डाइमंड लीग में रजत पदक जीतने के दौरान किया था। यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। ग्रुप–बी से ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (88.63 मीटर), राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम (86.59 मीटर), ब्राजील के लुइस मॉरीसियो डा सिल्वा (85.91 मीटर) और मालदोवा के एंड्रियन मारडेयर (84.13 मीटर) ने भी भाले को 84 मीटर से अधिक दूर फेंककर सीधे फाइनल में जगह बनाई। भारत के किशोर जेना हालांकि ग्रुप–ए क्वालीफिकेशन में 80.73 मीटर के प्रयास से 9वें और कुल 18वें स्थान पर रहे और शीर्ष 12 खिलाड़ियों में जगह बनाकर फाइनल में प्रवेश करने में नाकाम रहे। ग्रुप–ए और बी क्वालीफिकेशन के बाद 84 मीटर या इससे अधिक का थ्रो करने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।



जेना ने अपने पहले प्रयास में भाले को 80.73 मीटर की दूरी तक फेंका, लेकिन अपने दूसरे प्रयास में फाउल कर गए। उन्होंने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में भाले को 80.21 मीटर की दूरी तक फेंका। जर्मनी के जूलियन वेबर अपने पहले ही प्रयास में 87.76 मीटर के प्रयास से ग्रुप–ए में शीर्ष पर और कुल तीसरे स्थान पर रहे और फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए।

## विनेश फोगाट ने टोक्यो खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सुसाकी को हराकर किया उलटफेर

**पेरिस।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक के महिला 50 किग्रा कुश्ती के क्वार्टर फाइनल मैच में यूक्रेन की ओसाना लिवाच को हराकर अंतिम-4 में जगह पक्की की। शुरुआती दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की युई सुसाकी को 3-2 से हराकर बड़ा उलटफेर करने वाली विनेश ने 8वीं वरीयता प्राप्त पहलवान को 7-5 से शिकस्त दी।



अपना तीसरा ओलंपिक खेल रही 29 साल की विनेश अब पदक से एक जीत दूर है। ओसाना के खिलाफ पहले पीरियड में 2-0 की बढ़त बनाने के बाद विनेश ने दूसरे पीरियड की शुरुआत में अपनी बढ़त 4-0 की कर ली।

ओसाना ने भी अंक हासिल कर मैच में वापसी करने की कोशिश की और उन्होंने विनेश की बढ़त को दो अंकों (5-3) तक सीमित कर दिया। विनेश पर इस समय थकान हावी हो रही थी और उन्होंने अपने कोच से पिछले अंक के खिलाफ चैलेंज लेने के लिए कहा। रेफरी ने वीडियो देखने के बाद इसे खारिज कर दिया और विनेश को एक और अंक का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्हें हालांकि इस दौरान खुद को तरोताजा करने के लिए कुछ सेकेंड मिल गए। विनेश ने यूक्रेन की पहलवान को बाहर धकेल कर दो अंक हासिल कर अपनी बढ़त को 7-4 कर लिया। ओसाना इसके बाद एक अंक हासिल करने में सफल रही, लेकिन यह विनेश को रोकने के लिए काफी नहीं था।

## किरण पहल का ओलंपिक महिला 400 मीटर दौड़ में सफर खत्म

**एजेंसी, पेरिस**

भारत की किरण पहल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के रेपेचेज चरण में अपनी हीट में छठे स्थान पर रहने के बाद फाइनल से बाहर हो गई।



सोमवार को अपना 24वां जन्मदिन बनाने वाली किरण ने अपनी हीट में 52.59 सेकेंड के समय के साथ छह खिलाड़ियों में आखिरी पायदान पर रही। वह कुल 26 खिलाड़ियों में 23वें स्थान पर रही।

रेपेचेज दौर की चार हीट में प्रत्येक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों के अलावा सर्वश्रेष्ठ समय निकालने वाली दो अन्य ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। किरण ने जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 50.92 सेकंड का समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया था।

## साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल में

**एजेंसी, पेरिस**

भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पेरिस ओलंपिक में सोमवार को यहां पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में अपनी हीट में 5वें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए हैं।



राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साबले ने दूसरी हीट में 8:15.43 मिनट के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। तीन हीट के शीर्ष पांच–पांच स्थान पर रहने वाले धावकों ने फाइनल का टिकट कटाया। साबले की हीट में मोरोक्को के मोहम्मद टिंडौफ्त ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8:10.62 मिनट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सेना में नायक सूबेदार पदक पर काबिज साबले ने कई बार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8:09.94 मिनट है जो उन्होंने पिछले महीने की शुरुआत में पेरिस डायमंड लीग हासिल किया था।

इस 29 साल के खिलाड़ी ने रेस की अच्छी शुरुआत की और पहले 1000 मीटर के बाद शीर्ष पर रहे, लेकिन इसके बाद कीनिया के अब्राहम किबिवोट ने बढ़त बना ली और साबले खिसककर चौथे स्थान पर फिसल गए। वह 2000 मीटर की दूरी को पांच मिनट 28.7 सेकेंड में पूरी करने के बाद तीसरे स्थान पर थे। वह इसके बाद पांचवें स्थान पर खिसक गए, लेकिन उन्होंने छठे स्थान पर काबिज अमेरिका के मैथ्यू विलकिनसन पर बड़ी बढ़त बनाने के कारण आखरी पलों में ज्यादा जोर नहीं लगाया।

### पुरुष टेबल टेनिस टीम बाहर

**पेरिस।** भारतीय टीम मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय चीन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। भारत की 14वीं वरीय टीम के पास कई बार के ओलंपिक चैंपियन चीन का कोई जवाब नहीं था, जिसने मुकाबला 3-0 से जीता।

भारत की ओर से सिर्फ अनुभवी अचंता शरत कमल ही एक गेम जीतने में सफल रहे, जबकि टीम ने बाकी दो मैच सीधे गेम में गंवाए। भारत के लिए मुकाबले की शुरुआत हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की दुनिया की 42वें नंबर की जोड़ी ने की जिसे बेहद एकतरफा मुकाबले में मा लोंग और वैंग चुकिन की चीन की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (2-11, 3-11, 7-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## भारोत्तलक मीराबाई चानू की नजरें ऐतिहासिक पदक पर

**एजेंसी, पेरिस**

टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतकर कर्णम मल्लेश्वरी से आगे निकलने वाली मीराबाई चानू पिछले कुछ समय में चोटों से जूझने के बावजूद बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों में पोडियम पर पहुंचकर दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनने का प्रयास करेंगी।



मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलों के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थी लेकिन इसके बाद वह चोटों से परेशान रही जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नहीं कर पाई।

टोक्यो ओलंपिक के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रहा जहां उन्होंने 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) उठाया। उन्होंने टोक्यो में 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता था।

मीराबाई अपने पसंदीदा 49 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करेंगी और अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहती है तो फिर रजत या कांस्य पदक जीत सकती हैं। इस वजन वर्ग में चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई फिर से स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार हैं।

### बीसीसीआई ने 2,038 करोड़ रुपए का जीएसटी भुगतान किया

**नई दिल्ली ।** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वित्त वर्ष 2022–23 और 2023–24 के दौरान कुल 2,038.55 करोड़ रुपए बतौर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान किया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बीसीसीआई भारत में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च निकाय है और यह तमिलनाडु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 के तहत पंजीकृत स्वायत्त निकाय है।

इंडियन प्रीमियर लीग जैसे खेल आयोजनों में दी जाने वाली सेवाओं पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022–23 और 2023–24 के दौरान, बीसीसीआई से सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 2,038.55 करोड़ रुपए था।



पेरिस : स्पेन के कार्लोस अल्काराज को फाइनल में हराने के बाद गोल्ड मेडल के साथ पोज देते सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच।

### दिनेश कार्तिक पार्ल रॉयल्स से जुड़े

**नई दिल्ली ।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को पार्ल रॉयल्स ने एसए20 के तीसरे सत्र के लिए अनुबंधित किया, जिससे वह अगले साल नौ जनवरी से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीकी टी–20 क्रिकेट लीग से जुड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए।

आईपीएल में लंबे समय तक खेलने वाले 39 वर्षीय कार्तिक ने इस साल जून में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और उन्हें आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मेंटर (मार्गदर्शक) सह बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया है।

भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 180 मैच खेलने वाले कार्तिक ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका में खेलने और वहां जाने की मेरी बहुत सारी यादें हैं और जब यह अवसर आया तो मैं मना नहीं कर सका क्योंकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आना और रॉयल्स के साथ इस अविश्वसनीय प्रतियोगिता को जीतना कितना खास होगा।''

**श्रीलंका दौरा**

**भारत पर श्रीलंका के खिलाफ 27 साल बाद वनडे सीरीज गंवाने का खतरा**

# टीम इंडिया को होना होगा स्पिनरों पर हावी

**एजेंसी, कोलंबो**

पहले दो मैच में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत भारतीय क्रिकेट टीम को अगर श्रीलंका से 27 साल बाद सीरीज गंवाने से बचना है तो उसको बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।

गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे सीरीज है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरुआत नहीं करना चाहेंगे। भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखरी बार वनडे सीरीज में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था।




अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली टीम ने तब सचिन तेंदुलकर की भारतीय टीम को तीनों मैच में हराया था। भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 वनडे सीरीज हो चुकी है और इन सभी में भारतीय टीम विजयी रही। भारत वर्तमान सीरीज को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह सीरीज बराबर करने पर टिकी हैं।

भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अभी तक दो मैच में 38 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने आसानी से अपना विकेट गंवाया है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। कोहली इस मैच में उसकी भरपाई करने की पूरी कोशिश करेंगे। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरुआत को ही आगे बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन अभी तक वह इसमें नाकाम रहे हैं। उन्हें संघर्षरत मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संवारना होगा। इसके लिए उन्हें और अन्य बल्लेबाजों को रोहित की तरह स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।

श्रीलंका के स्पिनर भारत के अन्य बल्लेबाजों के लिए भी अबूझ पहेली बने हुए हैं। स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे पिछले मैच में जैफ्री वांडरसे की आसान लेग स्पिन को भी नहीं समझ पाए।

रोहित ने पिछले मैच में 44 गेंद पर 64 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। श्रीलंका के स्पिनर उनके सामने नहीं चल पाए थे। भारत के अन्य बल्लेबाजों को भी अपने कप्तान से सीख लेने की जरूरत है।

### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

**श्रीलंका ।** चरित असलांका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुस्का, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेललेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, अकिला धनंजय, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, असिथा फर्नांडो।

